★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 37 ★ अंक: 613 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, मंगलवार, 28 जुलाई 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



28 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

# सुधा को विश्वस्तरीय ब्रांड के रूप में किया जाएगा स्थापित : मुख्यमंत्री

- राज्य में 2000 नई दुग्ध समितियां व 200 नए बिक्री केंद्र खोलने की योजना
- नालंदा में 20 मीट्रिक टन क्षमता वाले संयंत्र का शिलान्यास, पशु उठाव वाहन का लोकार्पण
- 300 दुग्ध विक्रेताओं को डीप फ्रीजर, 534 प्रखंडो में सुधा बिक्री केंद्र स्थापित होगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा डेयरी परिसर सोमवार को राज्य की दुग्ध विकास योजनाओं का बड़ा केंद्र बना रहा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन (कॉम्फेड) और पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले दही-लस्सी प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी। इसके साथ ही आधुनिक पशु उठाव वाहन का लोकार्पण किया तथा दुग्ध विक्रेताओं के बीच डीप फ्रीजर वितरण योजना की शुरुआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान, दुग्ध उत्पादक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार दुग्ध उत्पादन और पशुपालन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले छह से सात महीनों में राज्य में दो हजार से अधिक नई दुग्ध उत्पादक समितियों का गठन किया गया है, जिससे प्रतिदिन लगभग तीन लाख लीटर दूध का अतिरिक्त संग्रह शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य में प्रतिदिन एक करोड़ लीटर दूध उत्पादन तक पहुंचना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अब सुधा ब्रांड को केवल बिहार या देश तक सीमित नहीं रखना चाहती। दूध, दही, लस्सी, आइसक्रीम, पेड़ा सहित



अन्य उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह अमूल ने वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बनाई है, उसी प्रकार सुधा को भी विश्वस्तरीय ब्रांड के रूप में स्थापित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि कॉम्फेड की कई नई परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है। राज्य में करीब 2,500 नई दुग्ध समितियां सक्रिय हैं। 200 नए बिक्री केंद्र खोलने की योजना के तहत 88 स्थानों का चयन किया जा चुका है, जबकि सभी 534 प्रखंडों में सुधा बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए नए मॉडल के ग्रामीण हाट विकसित किए जाएंगे। इन हाटों में एक ही परिसर में दूध, सब्जी और मछली की बिक्री की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि भोजपुर में एक्वा पार्क की स्थापना भी इसी व्यापक योजना का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के आग्रह पर नालंदा के लिए अलग दुग्ध उत्पादक संघ गठित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला पटना दुग्ध संघ से संबद्ध है, लेकिन उत्पादन क्षमता को देखते हुए नालंदा का अपना स्वतंत्र संघ बनने से किसानों को अधिक लाभ मिलेगा और दुग्ध व्यवसाय को नई गति मिलेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस डेयरी परियोजना की आधारशिला पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में रखी गई थी। आज उसी योजना का विस्तार हो रहा है। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से तनुजा देवी और कुंदन कुमार को डीप फ्रीजर की चाबी सौंपी गई। शेष 298 दुग्ध विक्रेताओं को भी शीघ्र यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। डीप फ्रीजर मिलने से दूध, दही और लस्सी जैसे उत्पाद अधिक समय तक सुरक्षित रहेंगे। इससे उत्पाद खराब होने की संभावना कम होगी और विक्रेताओं की आय बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुओं की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक हजार से अधिक नए पशु औषधि केंद्र खोले जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान डेयरी परिसर में कॉम्फेड की ओर से संचालित एचपीसीएल पेट्रोल पंप और सुधा कैफेटेरिया की भी आधारशिला रखी गई। मौके पर उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम, ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, जिलाधिकारी उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, कॉम्फेड एवं पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, दुग्ध उत्पादक किसान तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# झारखंड में 16 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विभिन्न संगठनों से जुड़े 16 माओवादियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में एक रीजनल कमेटी सदस्य, तीन जोनल कमेटी सदस्य, तीन सब-जोनल कमेटी सदस्य, छह एरिया कमेटी सदस्य और तीन कैडर शामिल हैं। पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पूरे मामले की विस्तृत जानकारी 28 जुलाई को आयोजित प्रेसवार्ता में दी जाएगी। आत्मसमर्पण करने वालों में 15 लाख रुपये का इनामी रीजनल कमेटी सदस्य संतोष उर्फ बासुदेव दा उर्फ गांधी, 10 लाख रुपये का इनामी चंदन लोहरा तथा पांच-पांच लाख रुपये के इनामी अनिल तुरी और सुखलाल बिरजिया शामिल हैं। इसके अलावा दो लाख रुपये का इनामी सुदेश होनहागा उर्फ सोनाराम उर्फ सोना समेत अन्य माओवादियों ने भी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने छह इंसास राइफल, दो एके-47, एक एचके-33 राइफल, एक यूएस कार्बाइन और एक एम-16 राइफल सहित कुल 11 आधुनिक हथियार जमा कराए हैं। इसके अलावा 38 मैगजीन और 1,562 जीवित कारतूस भी सुरक्षा बलों को सौंपे गए हैं। पुलिस का मानना है कि यह नक्सली संगठन के कमजोर पड़ते नेटवर्क और लगातार चलाए जा रहे अभियान का महत्वपूर्ण परिणाम है। इधर, छत्तीसगढ़ में भी झारखंड से जुड़े आठ माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें जोनल कमेटी सदस्य अश्विन उर्फ लच्छू कोरसा समेत कई एरिया कमेटी सदस्य और अन्य सक्रिय सदस्य शामिल हैं। पुलिस के अनुसार ये सभी झारखंड में भी नक्सली गतिविधियों में सक्रिय रहे थे। गौरतलब है कि इससे पहले 21 मई को झारखंड में 25 माओवादियों और जेजेएमपी के दो उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया था। लगातार हो रहे आत्मसमर्पण को सुरक्षा एजेंसियां नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी सफलता मान रही हैं। वहीं, सुरक्षा बलों की कार्रवाई अब एक-एक करोड़ रुपये के इनामी केंद्रीय कमेटी सदस्य मिसिर बेसरा और असीम मंडल की तलाश पर केंद्रित है, जिनके सारंडा के जंगलों में छिपे होने की आशंका जताई जा रही है।

## सीवान फायरिंगः एके-47 से गोली चलाने वाला पुलिसकर्मी निलंबित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। बिहार के सीवान में छात्र प्रदर्शन के दौरान एके-47 से फायरिंग करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के बॉडीगार्ड अभिषेक पटेल को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई 25 जुलाई को बिहार बंद के दौरान हुई घटना के बाद की गई है। प्रदर्शन के दौरान हुई फायरिंग में तीन छात्रों के घायल होने की सूचना है। 25 जुलाई को छात्रों पर लाठीचार्ज और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बिहार बंद का आह्वान किया गया था। इस दौरान राज्य के 11 जिलों में प्रदर्शन, पथराव और पुलिस कार्रवाई की घटनाएं सामने आईं। सबसे अधिक तनावपूर्ण स्थिति सीवान में रही, जहां पुलिस की ओर से फायरिंग की गई थी। इस मामले को लेकर राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा कि "पूरा सिस्टम ही जानलेवा है।" दूसरी ओर, सिटिजंस फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) के प्रवक्ता सौरभ दास और आशुतोष रांका ने कहा कि छात्रों के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई स्वीकार नहीं की जा सकती और मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# पांच वर्षों में 50 लाख युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। बिहार सरकार ने अगले पांच वर्षों में 50 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करने का व्यापक रोडमैप तैयार किया है। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के नेतृत्व में 16 सरकारी विभाग विभिन्न ट्रेडों में युवाओं को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योगों और बाजार की जरूरतों के अनुरूप होगा, ताकि प्रशिक्षित युवा अपनी पसंद के अनुसार नौकरी या स्वरोजगार का विकल्प चुन सकें। इस अभियान में सरकार प्रतिष्ठित निजी कंपनियों का भी सहयोग लेगी। विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित बिहार कौशल विकास मिशन की शासी परिषद की 21वीं बैठक में इस योजना को अंतिम रूप दिया गया। विभाग ने वर्षवार लक्ष्य भी निर्धारित किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 4.65 लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का कहना है कि राज्य के भीतर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए स्किल डेवलपमेंट पर विशेष जोर दिया जा रहा है। योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का समन्वय किया जाएगा। सबसे अधिक 25 लाख युवाओं को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण मिलेगा। इसके अलावा टाटा टेक सीओआई के माध्यम से 81,520, पीएम सेतु योजना के तहत 37,200, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में 21,500, ग्रीन इकोनॉमी में 5,400 तथा सर्कुलर इकोनॉमी में 7,000 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# लोक परीक्षा विधेयक पर टूटा गतिरोध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली**। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल और सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच लगातार संवाद के बाद संसद में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पर जारी गतिरोध समाप्त हो गया है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने मंगलवार को इस महत्वपूर्ण विधेयक पर विस्तृत चर्चा कराने पर सहमति जताई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कहा कि यह विधेयक देश के करोड़ों विद्यार्थियों, युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर इस पर सार्थक चर्चा की जाए। सरकार भी लगातार विपक्ष से सदन चलाने और विधेयक पारित कराने में सहयोग की अपील करती रही। सूत्रों के अनुसार, विधेयक पर लगभग 10 घंटे चर्चा होगी। चर्चा से पहले लोकसभा अध्यक्ष ने विभिन्न राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स से अलग-अलग बातचीत की, जिसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति बनी। विपक्ष ने विधेयक पर 93 संशोधन प्रस्ताव भी दिए हैं। चर्चा के दौरान विभिन्न दल अपने सुझाव और संशोधन प्रस्तुत करेंगे, जिनका सरकार जवाब देगी। इसके बाद विधेयक को सदन की स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। यह विधेयक सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल, संगठित परीक्षा माफिया और अन्य अनुचित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़े दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं, ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। इससे पहले सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद अपराह्न दो बजे शुरू हुई। छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से विधेयक पर चर्चा में भाग लेने का आग्रह किया।



# बिहार विधान सभा की समितियों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाएं : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के मुख्य भवन के प्रथम तल स्थित वाचनालय कक्ष में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभी संसदीय समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समितियों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बैठक का उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि संसदीय समितियों को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि समितियां विधायिका की महत्वपूर्ण इकाइयां हैं जिनके माध्यम से कार्यपालिका की गतिविधियों की गहन समीक्षा होती है। उन्होंने गया में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे समितियों, संसदीय प्रणाली और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की नई प्रेरणा मिली है। बैठक में विभिन्न समितियों के सभापतियों ने कार्य निष्पादन में आने वाली कठिनाइयों और सुधार संबंधी सुझाव रखे। प्रमुख सुझावों में एक बैठक में सीमित विभागों को बुलाना, प्रतिवेदनों में अनुशंसाओं का विधिवत उल्लेख, अध्ययन यात्राओं से पहले संबंधित विभागों को विस्तृत प्रश्नावली भेजना, एक समय में दो से अधिक समितियों की यात्रा नहीं कराना, किसी समिति को दो से अधिक अध्ययन दलों में विभाजित नहीं करना तथा प्रतिवेदनों के अनुशंसा भाग की सभापतियों द्वारा स्वयं समीक्षा करना शामिल रहा। विभागों द्वारा समितियों के प्रश्नों का विलंब से उत्तर दिए जाने पर भी चिंता व्यक्त की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जो विषय विधान सभा सचिवालय के अधिकार क्षेत्र में हैं, उन पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। वहीं बिहार सरकार से जुड़े मामलों पर एक माह के भीतर मुख्य सचिव और विकास आयुक्त के साथ बैठक कर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव तथा समिति सभापति भाई वीरेंद्र, मंगल पांडे, हरिनारायण सिंह, रेणु देवी, मनोहर प्रसाद सिंह, अश्वमेध देवी, अख्तरूल ईमान, ज्योति देवी, नागेंद्र चंद्रवंशी, जनक सिंह, दुलाल चंद्र गोस्वामी, संतोष कुमार निराला, सिद्धार्थ सौरभ, कृष कुमार मंटू, फैसल रहमान, अवधेश सिंह, मिथुन कुमार, मनोरंजन सिंह, माधव आनंद और निशा सिंह सहित विधान सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय शिक्षकों-कर्मचारियों की बैठक, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** डॉ. ए. के. सेन भवन, कंकड़बाग में फुटाब, फुस्टाब तथा बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 में प्रस्तावित संशोधन तथा अंगीभूत डिग्री महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों से अलग कर बिहार सरकार के अधीन लाने के प्रस्ताव के विरोध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधान परिषद सदस्य डॉ. मदन मोहन झा, डॉ. संजय कुमार सिंह और डॉ. अशोक कुमार, महासंघ के संरक्षक डॉ. गंगाधर झा एवं ब्रजकिशोर सिंह, महासंघ के अध्यक्ष वेंकटेश कुमार तथा महासचिव रोहित कुमार ने प्रस्तावित संशोधन का एक स्वर में विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि इस संशोधन से विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता प्रभावित होगी और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से आए शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए पटना विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में भी विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि संशोधित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम को पारित नहीं होने दिया जाएगा तथा विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता की रक्षा के लिए संयुक्त संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में मगध विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व मुटा के अध्यक्ष अंजनी कुमार, गया कॉलेज शिक्षक संघ के सचिव डॉ. आनंद कुमार, जगजीवन कॉलेज शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार, सचिव डॉ. संगीता कुमारी, संयुक्त सचिव डॉ. राजीव रंजन, गया कॉलेज के प्रक्षेत्रीय मंत्री संतोष कुमार सिंह, प्रक्षेत्रीय संरक्षक विनेश कुमार सिंह तथा गया कॉलेज के शिक्षकेतर कर्मचारी राहुल कुमार ने किया। सभी प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित संशोधन का विरोध करते हुए आंदोलन को व्यापक बनाने का समर्थन किया।

## बिहार में बिजली उपकरणों की चोरी पर सख्ती, लापरवाही पर अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विद्युत अवसंरचना की सुरक्षा और बिजली उपकरणों की चोरी एवं क्षति की बढ़ती घटनाओं को लेकर ऊर्जा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद ऊर्जा सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को विद्युत परिसंपत्तियों की सतत निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा में पाया गया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली के तार, वितरण ट्रांसफॉर्मर, मीटर और अन्य विद्युत उपकरणों की चोरी तथा क्षति की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे बिजली कंपनियों को आर्थिक नुकसान होने के साथ उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। अजय यादव ने सभी विद्युत संरचनाओं, ग्रिड उपकेंद्रों, विद्युत उपकेंद्रों, फीडरों और अन्य महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर चोरी और क्षति की घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी प्रमंडल, अवर प्रमंडल, ग्रिड उपकेंद्र या विद्युत शक्ति उपकेंद्र के क्षेत्र में चोरी या क्षति की रोकथाम में लापरवाही पाई गई तो संबंधित विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता और अन्य कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का रोड शो

## प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना के बाकीपुर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो आयोजित किया गया। रोड शो भट्टाचार्य रोड से शुरू होकर उमा सिनेमा हॉल, बुद्ध मूर्ति, कदमकुआं, बेडिंग जोन, नाला रोड चौराहा, रूपक सिनेमा और उद्योग भवन होते हुए मोना सिनेमा के समीप आयोजित जनसभा में समाप्त हुआ। रोड शो में भाजपा ओबीसी मोर्चा, बिहार के अध्यक्ष तथा भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में दो हजार से अधिक ओबीसी मोर्चा और अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी तथा एनडीए के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने दावा किया कि रोड शो में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही और जनता का समर्थन एनडीए के पक्ष में दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि बाकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को रिकॉर्ड मतों से जीत मिलने का विश्वास है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार के विकास कार्यों का असर जनता के उत्साह में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को होने वाले मतदान में बाकीपुर की जनता अपना समर्थन रिकॉर्ड मतों के माध्यम से देगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि चंद्रवंशी समाज, अति पिछड़ा समाज, वैश्य समाज तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। रोड शो के बाद प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में गौरिया मठ, मीठापुर और जक्कनपुर क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, विपिन मंडल चंद्रवंशी, विकास कुमार गुप्ता, मुकेश मंडल, बिरेंद्र चंद्रवंशी, मुकेश पटेल, चितरंजन महतो, संजय गुप्ता, उमेश चंद्रवंशी, संजय निषाद, प्रदीप निषाद, अभय सिंह चंद्रवंशी, इंदल कुमार, मधेश्वर चंद्रवंशी, डॉ. चंद्रभूषण चंद्रवंशी, रिंटू पटेल, अनीता देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बिहार विधान सभा सचिवालय में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, कर्मचारियों और आश्रितों ने उठाया लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा सचिवालय परिसर में रविवार को नेत्रवेदम आई हॉस्पिटल, कंकड़बाग के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिवालय के पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की आंखों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते स्क्रीन टाइम और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से आंखों पर तनाव लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही बदलती जीवनशैली, असंतुलित खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता और अनिद्रा के कारण दृष्टिदोष, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद जैसे गंभीर नेत्र रोग सामान्य होते जा रहे हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नियमित नेत्र जांच न केवल आंखों की रोशनी को सुरक्षित रखने में सहायक होती है, बल्कि कई छिपी हुई बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान कर समय पर उपचार का अवसर भी उपलब्ध कराती है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों की आंखों की नियमित जांच पर जोर देते हुए कहा कि समय पर जांच होने से उनकी पढ़ाई और देखने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि यह संतोष का विषय है कि इस शिविर के माध्यम से बिहार विधान सभा सचिवालय के पदाधिकारियों, कर्मचारियों और उनके आश्रितों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ मिला। उन्होंने ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य और कार्यक्षमता के लिए उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## पीएम सूर्य घर और मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना की समीक्षा, समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (यूएलए मॉडल) और मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ऊर्जा सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव ने दोनों योजनाओं की जिला-वार प्रगति की जानकारी दी। अजय यादव ने बताया कि यूएलए मॉडल के तहत पात्र लाभार्थियों का सत्यापन, रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना, गुणवत्ता नियंत्रण तथा कार्यों की निगरानी मुख्यालय स्तर से लगातार की जा रही है। उन्होंने सभी जिलों में कार्यों में तेजी लाने, निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने और फील्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रत्यय अमृत ने निर्देश दिया कि यूएलए मॉडल के अंतर्गत पात्र कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं का शीघ्र सत्यापन कर अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी निर्धारित लक्ष्य हर हाल में समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। बैठक में उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार, दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल, सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी शामिल हुए। इसी क्रम में ऊर्जा विभाग ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और यूएलए मॉडल के तहत कार्यरत वेंडरों के साथ अलग से समीक्षा बैठक की। अजय यादव ने वेंडरों को निर्देश दिया कि 100 दिवसीय लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन निर्धारित संख्या में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करें और दैनिक प्रगति रिपोर्ट संबंधित डिस्कॉम को उपलब्ध कराएं। ऊर्जा सचिव ने लक्ष्य से पीछे चल रहे वेंडरों को कार्य में तेजी लाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन उपलब्धियों की समीक्षा कर प्रदर्शन के आधार पर वेंडरों की जवाबदेही तय की जाएगी, ताकि राज्य में रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना समय पर पूरी हो और अधिकाधिक उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिल सके।

## बीडी कॉलेज : इंडक्शन मीट में उपस्थिति, अनुशासन पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बीडी कॉलेज के प्राचीन इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग द्वारा स्नातक के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए सोमवार को इंडक्शन मीट हुआ। मुख्य अतिथि और प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति, अनुशासन और समयबद्धता का पाठ पढ़ाते हुए उच्च शिक्षा को व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाने की बात कही। मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की क्रेडिट प्रणाली और सतत मूल्यांकन की जानकारी दी। प्राचीन इतिहास की विभागाध्यक्ष नीतू तिवारी ने विभाग की शैक्षणिक परंपरा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विषय में पुरातत्व, संग्रहालय, अभिलेखागार, विरासत संरक्षण, पर्यटन, अकादमिक, शोध संस्थानों व प्रतियोगी परीक्षाओं में उपलब्ध रोजगार की जानकारी दी।

# विधायक आवास परिसर में बनेगा आधुनिक स्पोर्ट्स क्लब

## विधायकों के परिवार और बच्चों के लिए भी होंगी खेल सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में वीरचंद पटेल पथ स्थित नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर में स्पोर्ट्स क्लब और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में भवन निर्माण विभाग, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग और विधान सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स क्लब की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए भवन निर्माण विभाग के मुख्य वास्तुविद ने बताया कि क्लब में तीन बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, पैडल बॉल, पिकल बॉल, योग एवं ध्यान केंद्र तथा जिम की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा एक लाउंज का भी निर्माण किया जाएगा जिसमें बिलियर्ड्स टेबल स्थापित की जाएगी। डॉ. प्रेम कुमार ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। बैठक के दौरान खेल विभाग के सचिव ने सुझाव दिया कि 40 वर्ष से अधिक आयु के विधायकों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए स्पोर्ट्स क्लब में पिलाटेस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि अधिक आयु के सदस्यों के लिए शारीरिक फिटनेस विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। डॉ. प्रेम कुमार ने इस सुझाव को भी मंजूरी देते हुए निर्देश दिया कि विधायक आवास परिसर में सदस्यों के परिवार और बच्चों के लिए भी खेलकूद की आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं। बैठक में खेल विभाग के सचिव, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक, भवन निर्माण विभाग के मुख्य वास्तुविद तथा बिहार विधान सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टिकट चेकिंग अभियान में 252 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के तारेगना स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान इस स्टेशन से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव लेकर प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 252 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 124265/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप पटना-गया रेलखंड के सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं।

# करोड़ों का टैक्स प्रशांत किशोर उत्तरप्रदेश में भरते हैं और बात करते हैं बिहार की : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आज बांकीपुर चुनाव प्रचार के संदर्भ में आयोजित जनसभा में जन सुराज के मुख्य सूत्रधार प्रशांत किशोर पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला और उनकी नीयत पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खुद को बिहार का हितैषी, नीति नियंता और माटी का लाल बताता है, उसकी असल आर्थिक निष्ठा और योगदान बिहार के बजाय दूसरे राज्यों के साथ है। प्रशांत किशोर अपनी कंपनियों का करोड़ों रुपये का टैक्स उत्तर प्रदेश और अन्य पड़ोसी राज्यों में जमा करते हैं। वे वित्तीय लाभ बाहरी राज्यों को पहुंचाते हैं, लेकिन राजनीतिक रोटियां सेकने और जनता को गुमराह करने के लिए उन्हें सिर्फ चुनाव के वक्त बिहार की याद आती है जब वे बिहार के खजाने में एक रुपया भी टैक्स नहीं देते तो उन्हें बिहार के विकास, शिक्षा या रोजगार पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर का यह पूरा अभियान पूरी तरह से प्रायोजित और राज्य की जनता के साथ एक बड़ा छलावा है। वे केवल एक राजनीतिक प्रयोग करने और समाज में भ्रम फैलाने के उद्देश्य से बिहार में सक्रिय हैं। बिहार की जनता अब जागरूक हो चुकी है और वह काम करने वालों तथा केवल चुनावी सलाहकार के बीच का अंतर को अच्छी तरह समझती है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने दिन-रात मेहनत करके बिहार को बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर निकाला है जबकि प्रशांत किशोर जैसे लोग केवल बयानबाजी कर राज्य की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सीधी चुनौती देते हुए कहा कि प्रशांत किशोर बिहार की जनता को धोखा देना बंद करें और पहले सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करें कि उनका वित्तीय और व्यापारिक लगाव उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से क्यों है। बिहार की स्वाभिमानी जनता ऐसे बाहरी और व्यापारिक राजनीति करने वाले चेहरों को कभी स्वीकार नहीं करेगी जिनके हित कहीं और और बातें कहीं और की होती हैं।

## बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने डीजीपी को लिखा पत्र

### गिरफ्तार छात्रों की रिहाई और हमलावरों पर कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने आज बिहार के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर छात्र आंदोलन के दौरान हो रहे पुलिसिया दमन तथा सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हुए हमले के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। राजेश राम ने अपने पत्र में कहा कि नीट पेपर लीक मामले को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों को पुलिस द्वारा जबरन मुकदमों में फंसाकर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी गिरफ्तार छात्रों को अविलंब एवं बिना शर्त रिहा किया जाए। साथ ही आंदोलन में अपनी आवाज उठाने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के गिरफ्तार छात्र नेताओं की भी तत्काल रिहाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र, युवा, कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के घरों पर प्रतिदिन पुलिस द्वारा छापेमारी कर भय का माहौल बनाया जा रहा है। इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए उन्होंने इस कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

# 50 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने की सरकार की योजना स्वागत योग्य

## चार माह से बंद केवाइपी केंद्रों पर चुप्पी चिंता का विषय : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली ने बिहार सरकार द्वारा आगामी पांच वर्षों में 16 सरकारी विभागों के माध्यम से 50 लाख युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने की महत्वाकांक्षी योजना का स्वागत किया है। सोसाइटी का कहना है कि यह पहल बिहार के युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि इस महत्वपूर्ण घोषणा के बावजूद पिछले चार माह से बंद पड़े कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के भविष्य को लेकर सरकार की ओर से अब तक कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई है। राज्यभर के हजारों छात्र-छात्राओं, प्रशिक्षकों, केंद्र संचालकों एवं कर्मचारियों में इस विषय को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है और सभी सरकार के स्पष्ट निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि बिहार सरकार का 50 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का संकल्प निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पहले से स्थापित केवाईपी केंद्रों की भागीदारी के बिना प्रभावी ढंग से प्राप्त करना कठिन होगा। राज्यभर में आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित केवाईपी केंद्र, प्रशिक्षित मानव संसाधन तथा आवश्यक प्रशिक्षण अवसंरचना पहले से उपलब्ध है। इसके बावजूद इन केंद्रों का पिछले चार माह से बंद रहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## ऑटो से युवक का शव मिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रूपसपुर आरओबी के नीचे कई दिनों से खड़े एक ऑटो से 40 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया है। हालांकि उसकी पहचान नहीं हुई है। शव से बदबू आने पर आसपास के लोगों को आभास हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव चार-पांच दिन पुराना होने की आशंका जताई जा रही है। उसने फुल बांह की उजले रंग की टी-शर्ट और काला पैंट पहन रखा था। उसकी काले रंग की हवाई चप्पल सीट के नीचे मिली। लोगों ने बताया कि खराब ऑटो कई महीनों से वहां खड़ा था। ऐसे में आशंका है कि शव को कहीं और से लाकर ऑटो में रखा गया होगा।

# राजद-कांग्रेस को झटका, पूर्व सांसद से लेकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने ली भाजपा की सदस्यता

## मोदी और सम्राट चौधरी के नेतृत्व पर बढ़ा भरोसा, विपक्ष में भगदड़ की स्थिति : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े कई प्रमुख नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नए सदस्यों का पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सीतामढ़ी के पूर्व सांसद डॉ. अर्जुन राय, कांग्रेस के सुरसंड विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी एवं सीतामढ़ी के पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला, औराई प्रमुख साकेत सुमन, रूनी सैदपुर से कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी मोनी गुप्ता, गया के वार्ड पार्षद मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष गिरी, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विकास एन. भारती अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इसके अलावा सामाजिक कार्यकर्ता एवं बांकीपुर विधानसभा से प्रत्याशी रहे सिकंदर कुमार कुशवाहा (जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा के समर्थन की घोषणा की), कुढ़नी विधानसभा के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार गुप्ता, पूर्व मेयर प्रत्याशी कुसुम लता वर्मा, पैक्स अध्यक्ष सुधीर प्रसाद भी आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की लोकप्रियता के कारण अन्य दलों में लगातार भगदड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न दलों के अच्छे और समर्पित कार्यकर्ताओं को अब वहां घुटन महसूस हो रही है, इसलिए वे भाजपा की विचारधारा पर विश्वास जताते हुए पार्टी से जुड़ रहे हैं।

# चार अंतरराज्यीय अपराधी हथियार व चोरी के औजारों के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



सासाराम। रोहतास पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी आपराधिक घटना की साजिश को विफल कर दिया। सासाराम नगर थाना क्षेत्र के चंदतन शहीद पीर पहाड़ के समीप छापेमारी कर चार अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो देशी कट्टे, छह जिंदा कारतूस तथा चोरी और सेंधमारी में प्रयुक्त होने वाले कई औजार बरामद किए गए हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-02, सासाराम द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 26 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे सासाराम नगर थाना को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अज्ञात अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मौके की घेराबंदी कर चार संदिग्धों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देशी कट्टे, छह जिंदा 8 एमएम कारतूस, 17 हैक्सॉ ब्लेड, एक पावर हैक्सॉ ब्लेड, दो हैक्सॉ फ्रेम, कई छेनी, एक धारदार चाकू, एक छोटी आरी, चार छोटी टॉर्च, लकड़ी के टुकड़े तथा अन्य उपकरण बरामद किए हैं जिनका उपयोग सेंधमारी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में किया जाता है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बदायूं (उत्तर प्रदेश) निवासी रोहित चौहान (21 वर्ष) एवं ताराचन्द्र चौहान (35 वर्ष) तथा औरैया (उत्तर प्रदेश) निवासी रामस्वरूप भाटी (46 वर्ष) एवं सुखदेव भाटी (47 वर्ष) के रूप में हुई है। इस संबंध में सासाराम नगर थाना कांड संख्या 228/26 दिनांक 27 जुलाई 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 111, 310(4), 310(5) तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-B)ए, 26 एवं 35 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई सासाराम नगर थाना के सह-थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने की। छापेमारी दल में अपर थानाध्यक्ष संजीव मुर्मू, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार राम, पुलिस सहायक अवर निरीक्षक भोला प्रसाद यादव, टीओपी प्रभारी विमल कुमार तथा सासाराम नगर थाना एवं चंदतन शहीद पीर पहाड़ टीओपी के रिजर्व गार्ड शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि उनके आपराधिक नेटवर्क और संभावित अन्य घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटाई जा सके।

## इन्द्रपुरी थाना कांड का प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, गया न्यायिक हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। इन्द्रपुरी थाना पुलिस ने कांड संख्या 141/26 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेज दिया है। इन्द्रपुरी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने बताया कि कांड संख्या 141/26 के प्राथमिकी अभियुक्त विश्वनाथ साह, पिता स्वर्गीय बिन्देश्वरी साह, निवासी ग्राम नावाडीह, थाना इन्द्रपुरी, जिला रोहतास को विधिसम्मत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा अपराधियों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

## महुआ शराब व बाइक जब्त, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू/अमझोर। तिलौथू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उत्तर पट्टी मोहल्ला से 50 लीटर महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। तिलौथू थाना अध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि रविवार देर रात प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर उत्तर पट्टी मोहल्ला में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 50 लीटर महुआ शराब और एक मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त कर ली। हालांकि मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष के अनुसार फरार आरोपी की पहचान भोला चौधरी के रूप में की गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## श्री गुरुपूर्णिमा महोत्सव एवं अष्टयाम महासंकीर्तन आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। स्थानीय श्री त्रिदण्डिदेव सत्संग आश्रम में इस वर्ष 53वां गुरुपूर्णिमा महोत्सव एवं अष्टयाम महासंकीर्तन का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। महंथ स्वामी रंगनाथाचार्य के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष मंगलवार को प्रातः 6 बजे से अष्टयाम महा संकीर्तन प्रारंभ होगा। बुधवार को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्रीमद वेदमार्ग प्रतिष्ठापनाचार्य, उभयवेदान्त प्रवर्तकाचार्य, श्रीमद् ब्रह्मर्षि, परिव्राजकाचार्य जगद्गुरु भगवान स्वामी पादीय, श्रीमद् विद्याकृष्णाचार्य श्री त्रिदण्डि स्वामी जी की अनुकम्पा से विविध धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

## महिला कॉलेज डालमियानगर में नव नामांकित छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। महिला कॉलेज डालमियानगर में सोमवार को सेमेस्टर-1 (सत्र 2026-2030) की नव नामांकित छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था से परिचित हुईं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. हरेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने महाविद्यालय परिवार की ओर से छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में उनका प्रवेश जीवन और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने नई शिक्षा नीति, सीबीसीएस प्रणाली तथा पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को अध्ययन के प्रति गंभीर और अनुशासित रहने का संदेश दिया। इंडक्शन मीट में महाविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापक उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने अपना एवं अपने-अपने विषय का परिचय प्रभावशाली ढंग से दिया। कार्यक्रम के दौरान ज्ञान, अनुशासन, संस्कार और निर्धारित लक्ष्यों के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। वहीं नव नामांकित छात्राओं ने अपना परिचय देते हुए अपने सपनों और भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने छात्राओं को नियमित रूप से कॉलेज आने और पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शैक्षणिक या व्यक्तिगत समस्या होने पर छात्राएं बेहिचक उनसे संपर्क करें। इस अवसर पर डॉ. उपासना, कुमारी नीतू रानी, डॉ. जयराम सिंह, डॉ. रेणु कुमारी, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. नवीन प्रसाद, डॉ. सिम्बीदीप, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. स्मिता सोनी, डॉ. अन्नू, डॉ. खुशबू तथा गिन्नी कुमारी सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल के सम्मान में डाक टिकट जारी होने पर हर्ष, मिठाई बांट जताया आभार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बाबा चौहरमल धाम एनिकट, डिहरी के प्रांगण में रविवार को दुसाध जागृति एवं सांस्कृतिक चेतना मंच की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पहल पर वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किए जाने पर खुशी व्यक्त की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। मंच के अध्यक्ष संजय पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास में पहली बार दुसाध समाज के पूर्वज एवं महान वीर बाबा चौहरमल के नाम पर स्मारक डाक टिकट जारी होना पूरे दुसाध समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि बाबा चौहरमल समाज के प्रेरणास्रोत हैं तथा दुसाध वीर योद्धा प्राचीन काल से ही समाज सेवा, साहस और जनकल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने इस पहल के लिए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के प्रति आभार भी व्यक्त किया। बैठक में अमित पासवान सहित समाज के लोगों ने बाबा चौहरमल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## अज्ञात युवती का शव बरामद, गोली मारकर हत्या करने की आशंका

### घटनास्थल से जिंदा कारतूस बरामद, एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



चेनारी (रोहतास)। रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 से सटे साबराबाद तेलारी ग्रामीण सड़क के किनारे सोमवार के अहले सुबह एक 18 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका यह जताई जा रही है कि युवती को गोली मारकर हत्या की गई है ऐसा शव को देखने से प्रतीत हो रहा है। मृतका की पहचान नोखा थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी संजय पासवान की 20 वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि युवती को गोली मारकर हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलते ही फौरन चेनारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है एवं साक्ष्य संकलन जुटाए जा रहे हैं। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी एंगल एवं पहलुओं पर गहराई से जांच कर रही है एवं एफएसएल की टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन किया गया एवं विभिन्न पहलुओं पर जांच केन्द्रित किया गया। घटनास्थल पर आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में ग्रामीणों की भी मौजूदगी रही। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस मृतका की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस द्वारा आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी के मामले की जानकारी जुटाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। हत्या के कारणों और अपराधियों की संलिप्तता की पहचान के लिए पुलिस सभी पहलुओं पर निगाह से जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रहीं है। पुलिस द्वारा एक-एक कड़ी को आपस में जोड़कर साबुत इकठ्ठा कर घटना के तह में जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 29 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री शिरडी साईं बाबा मंदिर, अठखंबवा, सासाराम में 29 जुलाई को श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर साईं बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। महोत्सव के दौरान प्रातः 10 बजे हवन, 12 बजे मध्याह्न आरती, 12:30 बजे साईं भजन संध्या तथा दोपहर 1:00 बजे से महाभंडारा (साईं प्रसाद) का आयोजन किया जाएगा। भजन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी संगीतमयी प्रस्तुतियों से भक्तों को भाव-विभोर करेंगे। आयोजन का उद्देश्य सद्गुरु श्री साईं बाबा के दिव्य संदेश 'सबका मालिक एक' तथा 'श्रद्धा और सबूरी' को जन-जन तक पहुंचाना एवं समाज में प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानवता की भावना को सुदृढ़ करना है। रजनीश जायसवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं एवं उनके परिवारजनों से सादर अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हवन, आरती, भजन-कीर्तन एवं महाप्रसाद का लाभ प्राप्त करें तथा गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाएं।

## हुरका गांव में एक साथ चार लोगों पर बिजली चोरी का आरोप, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढ़ी गोला (रोहतास)। जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के हुरका गांव में दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की टीम ने एक ही दिन में 4 लोगों को डायरेक्ट लाइन से बिजली चोरी करते पकड़ा है। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा डालमियानगर के कनीय विद्युत अभियंता आजाद कुमार ने दरिहट थाना को आवेदन देकर चारों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया है। लिखित रूप से उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना पर हुरका गांव के चार कृषि परिसरों में छापेमारी की। जांच में पाया गया कि अलियार सिंह, ललन सिंह, मुनी लाल और मेधाकर सिंह अपने-अपने कृषि परिसर में चालू एलटी लाइन से डायरेक्ट टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली चला रहे थे। मौके पर किसी ने भी बिजली का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखाया। सभी परिसरों का लोड लगभग 1 एचपी आंका गया। विभाग के अनुसार इन चारों की चोरी से कंपनी को कुल 1,29,584 रुपये का नुकसान हुआ है। प्रत्येक मामले में 32,396 रुपये की क्षति आंकी गई है। अभियंता ने थाना से चारों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रदर्शनी बताया कि चारों उपभोक्ताओं के खिलाफ आवेदन प्राप्त हुआ है कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से पशुपालक की मौत, गांव में मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकबरपुर (रोहतास)। रोहतास थाना क्षेत्र के नागटोली गांव में सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक पशुपालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नागटोली निवासी रामसकल यादव के 40 वर्षीय पुत्र महावीर यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के छोटे भाई महेंद्र यादव ने बताया कि महावीर यादव प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी अपने भैंसों को चराने के लिए गांव से सटे जंगल क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की चपेट में आने से महावीर यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची रोहतास थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आपदा राहत योजना के तहत शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। बरसात के मौसम में लगातार हो रही आकाशीय बिजली की घटनाओं को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील भी की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 22.07.2026; मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं. : टीएन-132-26-27; कार्य का नाम:** (i) सियालदह - बी. सी. रॉय इंस्टीच्यूशन में कैप्सूल लिफ्ट का प्रावधान, (ii) सहायक अभियंता/डब्ल्यू/I/एसडीएएच के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/एसडीएएच के अधीन सियालदह में रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी में क्वार्टरों के सुधार एवं नवीनीकरण की व्यवस्था। (iii) बी. आर. सिंह अस्पताल में मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य, (iv) सियालदह : सियालदह स्टेशन में वीडियो निगरानी प्रणाली के साथ एकीकृत एआई आधारित फेसियल रिकॉगनिशन सिस्टम (एफआरएस) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 98,70,718.23; **ईएमडी:** रु. 1,97,400; **क्रमांक 2, निविदा सं. : टीएन-136-26-27; कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के अधिकार क्षेत्र में (क) वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे), नैहाटी तथा कांचरापाड़ा कार्यालय एवं स्टोर गोदाम, (ख) वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (सिग्नल), कांचरापाड़ा कार्यालय एवं स्टोर गोदाम में सुधार एवं नवीनीकरण कार्य के साथ अन्य सभी अनुषांगिक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 79,12,376.21; **ईएमडी:** रु. 1,58,300; **क्रमांक 3, निविदा सं. : टीएन-138-26-27; कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसकेवी वेल्डिंग कार्य के निष्पादन के साथ सभी अनुषांगिक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,02,83,721.29; **ईएमडी:** रु. 2,05,700; **कार्य समापन अवधि :** 12 महीने (क्रमांक 1 एवं 3 के लिए) एवं 9 महीने (क्रमांक 2 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 18.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-149/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जमीन विवाद में मारपीट को लेकर छह लोगों पर कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



अकोढ़ीगोला(रोहतास)। जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई के नेतृत्व में बीएनएस की धारा 126/170 के तहत कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 6 लोगों को विधि व्यवस्था संधारण हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी डिहरी के पास भेजा गया है जिसमें पहला मामला ग्राम तेतराढ का है जहां जमीनी विवाद को लेकर रोहित कुमार पिता स्वर्गीय उपेंद्र सिंह एवं चिंटू कुमार पिता वीरेंद्र कुमार ग्राम तेतराढ थाना अकोढ़ीगोला तथा सुरजीत कुमार पिता सरोज कुमार सिंह एवं मनजीत कुमार पिता शंकर सिंह दोनों ग्राम पुनरवासी बीघा थाना डालमियानगर जिला रोहतास के बीच मारपीट हुई थी जिसको लेकर कार्रवाई की गई है और दूसरा मामला ग्राम अकोढ़ीगोला का है जहां दो सगे भाई इस्माइल मियां एवं इसराइल मियां उर्फ पप्पू खान दोनों पिता बाराफती खान के बीच हुए झगड़े के बाद पुलिस ने दोनों को ही शांति भंग की आशंका में बीएनएस की धारा126/170 में कार्रवाई कर डिहरी एसडीएम कोर्ट भेज दिया है।

## बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ रोहतास का सदस्यता अभियान शुरू, कई शिक्षकों ने ली आजीवन सदस्यता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा रोहतास की बैठक गौरक्षणी स्थित संघ भवन सासाराम में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अशोक तिवारी और संचालन जिला सचिव सतीश कुमार पाण्डेय ने किया। बैठक में प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए दस सदस्यों की कमिटी का गठन जिला सचिव के नेतृत्व में किया गया। यह कमिटी शीघ्र जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र करायेगा। संगठन को पुराने तेवर में लाने के लिए सभी प्रधानाध्यापकों, सभी कोटि के शिक्षक -शिक्षकेतर कर्मियों से जिला सचिव ने एकतावद्ध होकर संगठन को हर तरह से सहयोग कर मजबूत बनाने की अपील की ताकि हम लेवल 7 और लेवल 8 के अपने मूल लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। बैठक में प्रोन्नति, एसओपी की विसंगतियां, विभिन्न तरह के बकाये, प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों की समस्याओं आदि पर गहन विचार विमर्श हुआ। प्रमंडल अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने प्राच्य प्रभा का नियमित ग्राहक बनने, संगठन का प्रश्न पत्र बकाया भुगतान अविलम्ब करने तथा सदस्यता अभियान को तेज करने का आग्रह किया। आजीवन सदस्यता अभियान का आरम्भ विनय कुमार, जिला कार्यसमिति सदस्य, सतेन्द्र कुमार सिंह, रोहित कुमार, सासाराम अनुमंडल अध्यक्ष अविनाश कुमार, बिक्रमगंज, अनुमंडल सचिव सुमित प्रीतम, सासाराम अनुमंडल सचिव राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, करगहर प्रखंड अध्यक्ष पकज आनन्द, तिलौथू प्रखंड सचिव पंकज कुमार, डॉक्टर वरुण कुमार नीरज, राजीव कुमार, धर्मेन्द्र कुमार (सभी प्रधानाध्यापक) ने आजीवन सदस्यता शुल्क जिला सचिव को जमा कर किया।

## श्रावणी मेले को लेकर गुप्ता धाम में प्रशासन की तैयारियां तेज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेनारी। श्रावणी मेले को लेकर रोहतास जिले के गुप्ता धाम में प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए मंदिर क्षेत्र में मजबूत बैरिकेडिंग व सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। वहीं मंदिर द्वार से 100 मीटर की परिधि में अतिक्रमण कर लगी दुकानों को हटा दिया गया है। हर साल की बात इस साल भारी संख्या में कांवरिया की जत्था प्रसिद्ध गुप्ता धाम आने की संभावना है। इसलिए जिले के वरीय पदाधिकारी द्वारा साफ-सफाई बैरिकेडिंग और अतिक्रमण मुक्त धाम परिसर को कराया गया है।

# डीडीयू मंडल ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में 100 प्रतिशत समयपालन का कीर्तिमान दोहराया

### भारतीय रेल के मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल समयपालन एवं परिचालन दक्षता के क्षेत्र में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने 26 जुलाई 2026 को संचालित सभी 159 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का 100 प्रतिशत समयपालन सुनिश्चित करते हुए पूरे भारतीय रेल के मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि मंडल के परिचालन विभाग के विशिष्ट प्रबंधन, विभागों के समन्वित प्रयासों एवं टीम की कार्यकुशलता का परिणाम है। मंडल द्वारा कुल 652 ट्रेनों का सफल संचालन किया गया जिनमें 159 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें, 90 यात्री ट्रेनें तथा 403 मालगाड़ियां शामिल हैं। 159 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में 12 राजधानी, 12 वन्दे भारत एवं 49 सुपरफास्ट ट्रेन शामिल है। माल परिचालन के क्षेत्र में भी मंडल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। 18 जुलाई 2026 को 24 घंटे में 439 मालगाड़ियों का इंटरचेंज कर चालू वित्तीय वर्ष का सर्वोच्च प्रदर्शन दर्ज किया गया था। इससे पूर्व 16 जुलाई 2026 को 422 मालगाड़ियों के इंटरचेंज (217 टेकन ओवर एवं 205 मेड ओवर) का सर्वोच्च प्रदर्शन दर्ज किया गया था। वर्ष 2025 में 5 जुलाई, 24 जुलाई, 14 अगस्त तथा 31 अगस्त को भी मंडल ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में 100 प्रतिशत समयपालन प्राप्त किया था। इसके अतिरिक्त 26 जनवरी 2026 को 99.32 प्रतिशत समयपालन के साथ डीडीयू मंडल ने भारतीय रेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। रेल परिचालन भारतीय रेल की मूल कार्यप्रणाली है जिसके माध्यम से यात्री एवं मालगाड़ियों का सुरक्षित, समयबद्ध, निर्बाध एवं दक्ष संचालन सुनिश्चित किया जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से गढ़वा रोड-सोननगर सेक्शन के बीच तीसरी लाइन में स्थित पुल संख्या 171, 143, 142 और 104 पर गिट्टी (बैलेस्टिंग) डालने व पैकिंग के माध्यम से ट्रैक को मजबूत करने के बाद, एक महीने के भीतर गति को चरणबद्ध तरीके से 50 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 100 किमी प्रति घंटे किया गया। इसने डीडीयू मंडल में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की 100% समयपालनबद्धता (पंक्चुअलिटी) हासिल करने में प्रमुख योगदान दिया। 100 प्रतिशत समयपालन, रिकॉर्ड मालगाड़ी इंटरचेंज तथा उत्कृष्ट परिचालन प्रदर्शन जैसी उपलब्धियां मंडल की सामूहिक कार्यसंस्कृति, दक्ष प्रबंधन एवं सभी विभागों के समन्वित प्रयासों का ही प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में मंडल नियंत्रण कार्यालय में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

**-:निविदा स्थगित पत्र:-**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना– 09/2026–27 एवं जन सम्पर्क विभाग के PR 385767 Building (26-27)_D से प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

निविदा की भार्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.385913 Building(26-27):D

# नवादा के युवक अबूधाबी एयरपोर्ट पर हिरासत में, पोस्ता दाना लगी मिठाई बनी वजह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिला के धमौल थाना क्षेत्र के तुर्कबन गांव निवासी सुधीर पासवान के पुत्र सतीश कुमार को अबूधाबी एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि उनके साथ पोस्ता दाना लगी रसकदम मिठाई थी। परिजनों के अनुसार सतीश 22 जुलाई को पटना एयरपोर्ट से अहमदाबाद होते हुए अबूधाबी के लिए रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान वह धमौल बाजार से खरीदी गई मिठाई साथ ले गए थे। अबूधाबी एयरपोर्ट पर जांच के दौरान सुरक्षा अधिकारियों ने मिठाई के ऊपर लगे पोस्ता दाना को देख लिया और इसके बाद सतीश को हिरासत में ले लिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि उन्हें जानकारी नहीं थी कि यूएई में पोस्ता दाना प्रतिबंधित है। फिलहाल युवक पुलिस हिरासत में है। परिवार के लोग भारतीय दूतावास और संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर युवक को छुड़ाने की कोशिश में लगे हैं। भारत में पोस्ता दाना का इस्तेमाल कई मिठाइयों और व्यंजनों में आम है। लेकिन संयुक्त अरब अमीरात में इसके नियम काफी कड़े हैं। वहां पोस्ता दाना और उससे बनी खाद्य सामग्री को प्रतिबंधित माना जाता है। अनजाने में भी साथ ले जाने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस मामले पर नवादा के फूड इंस्पेक्टर अजय कुमार ने कहा कि पोस्ता दाना कोई नशीला पदार्थ नहीं है और भारत में इस पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इसका उपयोग खाद्य पदार्थों में किया जाता है। उन्होंने बताया कि उक्त मिठाई का कई बार बाजार से नमूना लिया गया, लेकिन उसका कोई साइड इफेक्ट नहीं मिला। इसलिए पोस्ता दाना वाली मिठाई भारत में बेची जा सकती है।

# सात निश्चय-3 के तहत जिलेभर में आयोजित हुई जनसुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।



जनसुनवाई के दौरान थाना-नारदीगंज, ग्राम-मधुवन के प्यारे यादव द्वारा मुआवजा भुगतान के संबंध में, थाना-अकबरपुर, ग्राम-डेरमा की धरमिंता देवी द्वारा रास्ता रोकने के संबंध में, थाना-अकबरपुर, ग्राम-रजहट के मैहरोज अहमद द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगवाने के संबंध में, थाना-अकबरपुर, ग्राम-चेता बिगहा के उपेन्द्र प्रसाद द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में आवेदन दिया गया एवं अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में सदर/रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## एक नजर

### साइबर अपराधियों ने उड़ाए 47 हजार 250 रुपये

**कौआकोल।** साइबर अपराधियों ने थाना क्षेत्र के बिन्दीचक गांव निवासी संजीत कुमार के पंजाब नेशनल बैंक, शाखा कौआकोल के खाते से 47 हजार 250 रुपये साइबर अपराधी द्वारा निकासी कर ली गई। पीड़ित को जब खाते से राशि निकासी का संदेश मोबाइल पर प्राप्त हुआ, तब उसे धोखाधड़ी की जानकारी मिली। पीड़ित ने बताया कि उसके खाते से बिना अनुमति के ही साइबर अपराधी के द्वारा 26 जुलाई 2026 को एक ही दिन यूपीआई के माध्यम से दो बार में पहले 27 हजार तथा दूसरी बार 20 हजार 250 रुपये निकाल लिए गए। घटना के बाद उसने तुरंत बैंक शाखा पहुंचकर खाते को सुरक्षित कराने की प्रक्रिया शुरू की और संबंधित साइबर थाना एवं कौआकोल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यात्री वाहन की ठोकर से रिक्शा चालक घायल

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी गांव के समीप सोमवार को यात्री वाहन की ठोकर से एक रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मधुरपुर गांव निवासी 60 वर्षीय राजो साव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल इलाज के लिए कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सरौनी गांव के पास एक यात्री वाहन ने रिक्शा चालक को टक्कर मार दी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### जिलाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के हंडिया गांव में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने विभाग के कनीय अभियंता और एक कर्मी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीण कृष्णदेव सिंह, नवल सिंह, नरेश सिंह और महेश कुमार समेत अन्य लोगों का कहना है कि गांव में पांच ट्रांसफार्मर, पोल और तार लगाने के एवज में अधिकारियों ने दो लाख रुपये की मांग की थी। बाद में सौदा डेढ़ लाख रुपये में तय हुआ, जिसके बाद गरीब किसानों ने चंदा एकत्र कर एक लाख रुपये की राशि दे दी। रुपये लेने के बावजूद विभाग ने केवल पंडपा गांव तक ही पोल गाड़े, जबकि हंडिया गांव में तीन महीने बीत जाने के बाद भी न तो ट्रांसफार्मर लगा और न ही तार बिछाए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि 25 जुलाई को अधिकारियों ने बिजली न देने की धमकी दी और विरोध करने पर पुलिस के सामने उलझ गए। इतना ही नहीं, जेई ने ग्रामीणों पर ही थाने में झूठा मामला दर्ज करा दिया। उधर, बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह ने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और निराधार बताया है।

### फरार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 239/25 के फरार नामजद अभियुक्त बीरेंद्र यादव को गंगटा गांव से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के संबंध में उन्होंने जानकारी दी कि बीते 15 मई 2025 की संध्या को कुम्हरुआ गांव के पास नदी स्रोत से बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के न्यू हॉलैंड 4010 ट्रैक्टर और ट्रॉली पर लदे करीब 80 सीएफटी अवैध बालू को गश्ती दल द्वारा गुप्त सूचना पर जब्त किया गया था, हालांकि उस समय अंधेरे का लाभ उठाकर आरोपी फरार होने में सफल रहा था जिसके बाद अनुसंधानकर्ता सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आखिरकार पुलिस ने सोमवार आरोपी को धर दबोचा और अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कुत्ता काटने की सुई को लेकर अस्पताल में बवाल

**'दवाई है तो क्यों नहीं दे रहे' - परिजन-स्वास्थ्यकर्मी आमने-सामने, डॉक्टर के हस्तक्षेप से मामला शांत**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को कुत्ता काटने की सुई को लेकर जमकर हंगामा हुआ। स्वास्थ्यकर्मियों और मरीज के परिजनों के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई, जिसे अस्पताल में तैनात चिकित्सक के बीच-बचाव के बाद शांत कराया गया।मामला डाक बंगला चौराहा निवासी रंजीत कुमार के 10 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार से जुड़ा है। आलोक को 23 जुलाई को घर के पास गली के कुत्ते ने काट लिया था। परिजनों ने उसी दिन पहला डोज लगवा दिया था। सोमवार को आलोक की चाची पूनम अग्रवाल उसे दूसरा डोज दिलवाने अस्पताल लाईं। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने पर स्वास्थ्यकर्मियों ने कह दिया कि "2 बजे के बाद सुई नहीं दी जाती, वापस चले जाइए"। इस परिजन भड़क गए। उन्होंने कहा कि उनका बच्चा नवादा के दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ता है और छुट्टी होने के बाद जब बच्चा घर पहुंचा,तो उसे सुई दिलवाने अस्पताल लाया गया। पूनम ने सवाल किया - "अगर अस्पताल में सुई है तो इमरजेंसी स्टाफ क्यों नहीं दे रही?" परिजनों के विरोध के बाद ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के निर्देश पर आलोक को दूसरा डोज लगाया गया।

**अस्पताल की व्यवस्था पर उठे सवाल**

डोज लगने के बाद मामला और गरमा गया। परिजनों ने अस्पताल की व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि "दवाई रहने के बावजूद आनाकानी की जाती है। अस्पताल में कुव्यवस्था फैली है। यहां से मंगलसूत्र गायब हो जाता है, बाइक चोरी होती है, युवक-युवतियां निजी पल बिताने आते हैं और स्टाफ का बिगड़ा बोल मरीजों को आहत करता है।" वहीं स्वास्थ्यकर्मियों का तर्क था कि इमरजेंसी रूम में फ्रिज नहीं है, इसलिए वे ज्यादा दवाई नहीं रख पातीं। पहला डोज जरूर दिया जाता है।

# दो लोगों की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर प्रखंड के मुफ्फसिल थाना अंतर्गत पथरा इंग्लिश गांव में एक ही परिवार के दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद कोहराम मच गया । 44 वर्षीय ट्रक ड्राइवर साधू यादव और उनके चचेरा भाई उपचालक 22 वर्षीय अमरजीत उर्फ छोटू यादव की मौत बीती रात कोडरमा घाटी में एक ट्रक दुर्घटना के दौरान हो गई। बताया जाता है कि झारखंड से रजौली की ओर आ रहे लोडेड ट्रक का संतुलन बिगड़ते ही एक पेड़ से टकराया और फिर विपरीत दिशा में आ रही ट्रक से टकरा गया । इस जोरदार टक्कर में ट्रक पर सवार चालक और उपचालक दोनों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई । देर रात तक इस घटना की सूचना सदर विधायक विभा देवी एवं एमएलसी अशोक कुमार को मिलते ही अपने कार्यकर्ताओं को घटना स्थल पर रवाना किया । घटना स्थल पर पहुंचे सुरेन्द्र यादव एवं बृज यादव ने बताया कि हमलोगों को घटना स्थल पर पहुंचने से पूर्व कोडरमा थाना में दोनों मृतक का पार्थिव शरीर पहुंच गया था । वहां आवश्यक कागजातों एवं वैधानिक नियमों के तहत पोस्टमार्टम किया गया और दोनों के पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया । सोमवार को लगभग चार बजे गांव पर लाश लाई गई तो परिवार के बीच कोहराम मच गया और पूरा गांव मातम में डूब गया । इस बीच विधायक विभा देवी ने पटना से फोन पर दोनों परिजनों से बात की और ढाढ़स बंधाया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया । बता दें कि साधु यादव की तीन पुत्रियां और एक पुत्र है जबकि अमरजीत को आठ माह की केवल एक पुत्री है जिसपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है । एमएलसी अशोक कुमार ने कहा कि मृतक परिवार को नियमों के तहत मुआवजे की राशि दिलाने की कोशिश करूंगा एवं हर संभव मदद की जाएगी ।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, दो देसी कट्टा व बाइक बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के डोमनबाग गांव में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो देशी कट्टा तथा घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की गई है।कौआकोल थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पकरीबरावां के एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने बताया कि रविवार की संध्या पुलिस को सूचना मिली थी कि डोमनबाग गांव में 4-5 युवकों द्वारा फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की गई है। सूचना यह भी मिली कि ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़ रखा है और अन्य आरोपित दोबारा गांव में आने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरावां गांव निवासी सूरज मांझी (पिता- योगेंद्र मांझी) को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दरावां गांव से एक देशी कट्टा बरामद किया। वहीं दरावां गांव निवासी अंकित राज,पिता हरिश्चंद्र साव उर्फ लूटन साव के पास से एक अन्य देशी कट्टा तथा घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई। इसके बाद पुलिस ने अंकित राज को भी गिरफ्तार कर लिया।एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



# कारगिल विजय दिवस पर छात्र जदयू ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, देश सेवा का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कारगिल विजय दिवस के 27वें वार्षिकोत्सव पर छात्र जनता दल (यूनाइटेड) नालंदा की ओर से बिहारशरीफ स्थित कारगिल पार्क में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं कैंडल जलाकर अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध के वीर सपूतों को नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्र जदयू के जिलाध्यक्ष प्रीतम राज उर्फ सन्नी पटेल और नगर अध्यक्ष संजीत यादव ने कहा कि अमर शहीद जवानों की गाथा कभी व्यर्थ नहीं जाती। उन्होंने कहा कि देश के सैनिक सीमाओं पर विपरीत परिस्थितियों में मुस्तैदी से डटे रहते हैं, तभी देशवासी सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन जी पाते हैं। छात्र नेताओं ने 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए युवाओं से शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया।



कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन विजय की स्मृति में कैंडल मार्च निकाला गया। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए गए। नेताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहकर देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर पिंटू कुमार, विकास वर्मा, अभिनव चैहान, संजीव महतो, विभूति रंजन, अनुज कुमार, रवि कुमार, सौरव कुमार, जितेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम पांडेय, सूरज कुमार, मोहम्मद आदिल अली समेत बड़ी संख्या में छात्र जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पटेल समाज की बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन

**दिलीप कुमार व डॉ. रंजन कुमार के समर्थन का आह्वान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** रविवार को हिलसा शहर के चिकसौरा रोड स्थित एक उत्सव हॉल में पटेल समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बृजनंदन प्रसाद ने की, जबकि संचालन प्रवीण कुमार विद्यार्थी ने किया। बैठक में स्नातक अधिकार मंच के संयोजक दिलीप कुमार एवं डॉ. रंजन कुमार सहित पटेल समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में आगामी पटना स्नातक निर्वाचन एवं शिक्षक निर्वाचन चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दिलीप कुमार तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. रंजन कुमार प्रत्याशी होंगे। दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में संगठन को



मजबूत बनाने, अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचने तथा प्रभावी चुनावी रणनीति तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर सामाजिक एकता, शिक्षा के प्रसार और युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी माध्यम है तथा नई पीढ़ी को सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।बैठक में उपस्थित लोगों ने स्नातकों, शिक्षकों एवं समाज के हितों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।बैठक में रेखा कुमारी, विमलेश कुमार भोली, लक्ष्मण कुमार, शैलेंद्र कुमार, अशोक कुमार, हरेराम, प्रमोद कुमार, मनोरंजन कुमार, इंद्रजीत चक्रवर्ती, पिंकू पटेल, सुभाष बाबा, मनोज राइफल, जितेंद्र कुमार, साहिल पटेल, राजीव कुमार (गुड्डू रंगीला), मुन्ना कुमार, संतोष कुमार, प्रवीण कुमार, रामशरण सिंह, उपेंद्र कुमार, राजमोहन प्रसाद, मनीष कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित पटेल समाज के पदाधिकारी, शिक्षक, स्नातक मतदाता, युवा एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### अज्ञात शव बरामद, हत्या की आशंका

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के दयानगर गांव में सोमवार सुबह मकई के खेत से एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ी-गली अवस्था में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, डॉ. सुनील कुमार के क्लीनिक के पास, विद्या जागरण स्कूल के पूर्व दिशा में नथ्थु राम के मकई के खेत में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। इसके बाद नूरसराय थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जबकि सदर-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने भी स्थल का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शव की हत्या कहीं और करने के बाद उसे खेत में फेंका गया है। हालांकि, मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है तथा उसकी पहचान कराने और मामले की सभी पहलुओं से जांच में जुटी है।

### सेंटिंग के पटरे के विवाद में हिंसक झड़प

**कतरीसराय।** थाना क्षेत्र के बरीठ गांव में सेंटिंग के पटरे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट में पांच वर्षीय बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए विम्स रेफर किया गया। अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि कन्हैया प्रसाद और रामस्वरूप चौरसिया के बीच सेंटिंग के पटरे को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद कन्हैया प्रसाद, रौशन कुमार उर्फ रवि और अन्य लोग रामस्वरूप चौरसिया के घर में घुस गए तथा लाठी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में रामस्वरूप चौरसिया, रामचंद्र चौरसिया, हरिओम चौरसिया और एक पांच वर्षीय बच्चा घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रौशन कुमार उर्फ रवि को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**इस्लामपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के सेरथुआ खुर्द गांव में सोमवार को पूर्व विवाद में 26 वर्षीय सन्नी पासवान उर्फ सूरज कुमार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक देवनंदन पासवान का पुत्र था। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 11 बजे वह खेती के कार्य के लिए पत्तीविगहा गांव से ट्रैक्टर लाने निकला था। गांव से कुछ दूरी पर पहले से घात लगाए करीब आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने उसे घेरकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली सिर और पैर में लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। ग्रामीणों के पहुंचने से पहले हमलावर फरार हो गए। सूचना पर हिलसा-2 (इसलामपुर) डीएसपी कुमार ऋषिराज और खुदागंज थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ममता देवी और भाई रकू कुमार ने गांव के छह लोगों पर पुरानी रंजिश के तहत सुनियोजित हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है। डीएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का प्रतीत होता है। साक्ष्य जुटाए गए हैं और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### छपरा हमले के विरोध में बीडीओ ने बांधी काली पट्टी


**बिहारशरीफ।** छपरा में विधि-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) पर हुए हमले के विरोध में बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ के आह्वान पर सोमवार से राज्यभर के बीडीओ बांह पर काली पट्टी बांधकर सरकारी कार्य कर रहे हैं। संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। संघ के अनुसार, 25 जुलाई को छपरा में ड्यूटी के दौरान सदर बीडीओ दृष्टि पाठक गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनकी एक आंख की रोशनी चली गई है और उनका इलाज आईजीआईएमएस, पटना में चल रहा है। वहीं रिविलगंज के बीडीओ रितेश कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है और सर्जरी के बाद उनका इलाज मेदांता अस्पताल, पटना में जारी है।

# राजगीर के सरस्वती विद्या मंदिर में लगा आधार नामांकन व अद्यतन शिविर

**डाक विभाग ने गंगाजल व वॉटरप्रूफ राखी लिफाफे की सेवाओं का लाभ उठाने की भी की अपील**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** भारत सरकार के डाक विभाग के नालंदा प्रमंडल की ओर से सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर, राजगीर में आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को उनके निकट ही आधार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें आधार से जुड़े कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने आधार नामांकन और अद्यतन सेवाओं का लाभ उठाया।डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने सावन माह और रक्षाबंधन के अवसर पर डाक विभाग की विशेष सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए डाक विभाग के सभी डाकघरों में मात्र 30 प्रति बोतल की दर से गंगाजल उपलब्ध है। वहीं रक्षाबंधन को देखते हुए सुरक्षित



डिलीवरी के लिए 10 मूल्य का वॉटरप्रूफ राखी लिफाफा भी सभी डाकघरों में उपलब्ध कराया गया है।विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिविर से विद्यार्थियों और अभिभावकों को काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर डाक विभाग ने उन्हें स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित भी किया। शिविर के सफल संचालन में डाक निरीक्षक रंजीत कुमार रजक सहित डाक विभाग एवं विद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय योगदान दिया।

# विशेष ग्राम सभा में विभागीय कर्मियों की अनुपस्थिति पर उठा सवाल, कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा।** प्रखंड के कैला पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मुखिया शंभू कुमार की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं और आगामी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीणों को पंचायत की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।ग्राम सभा के दौरान उप मुखिया जितेन्द्र प्रसाद ने विभिन्न विभागों के प्रतिनियुक्त कर्मियों की लगातार अनुपस्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि विशेष ग्राम सभा में आधे से अधिक प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित नहीं रहते हैं। कृषि विभाग के अधिकारी या कर्मी आज तक किसी भी ग्राम सभा में शामिल नहीं हुए हैं। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी, आवास सहायक एवं कृषि समन्वयक भी नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे ग्रामीणों की सहभागिता प्रभावित हो रही है।उप मुखिया ने मांग की कि ग्राम सभा से अनुपस्थित रहने वाले विभागीय कर्मियों के विरुद्ध प्रस्ताव पारित कर जिला पदाधिकारी को भेजा जाए, ताकि उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। बैठक में सरपंच मंटू ठाकुर, विकास मित्र रेणु कुमारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक पवन कुमार, लेखापाल अमरजीत कुमार, पंचायत रोजगार सेवक विजय पटेल, वार्ड सदस्य, जीविका दीदियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छात्रों की गिरफ्तारी पर भाकपा का हमला

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के बड़ी पहाड़ी स्थित राहुल भवन में सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में नीट परीक्षा, छात्र आंदोलन और हालिया राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. मनोज कुमार ने की।भाकपा के जिला सचिव राजकिशोर प्रसाद यादव ने मांग की कि छात्र आंदोलन से जुड़े सभी मुकदमे बिना शर्त वापस लिए जाएं तथा आंदोलन और कथित छात्र हत्याकांड में जान गंवाने वाले प्रत्येक छात्र के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र नेताओं, विधायकों और अभिभावकों को चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। साथ ही आंदोलन के दौरान लाठीचार्ज और बल प्रयोग करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। पार्टी नेता शिवकुमार यादव उर्फ सरदार जी ने कहा कि नीट परीक्षा परिणाम के बाद आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओं की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि छात्रों की अधिकांश मांगें अब भी लंबित हैं और सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर समेत देशभर में छात्र आंदोलनों से जुड़े मामलों को वापस लेने की मांग दोहराई। सम्मेलन में सत्येंद्र कृष्णम, मिथिलेश कुमार, रामभवन सिंह, गोपाल प्रसाद सिंह, ललन पासवान, राजेंद्र शर्मा, अनिल कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांग नाबालिग से छेड़खानी के दोषी को सजा

**पीड़िता को 50 हजार मुआवजे का आदेश**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम सह पॉक्सो स्पेशल न्यायाधीश कविन्द्र कुमार की अदालत ने 13 वर्षीय दिव्यांग नाबालिग से छेड़खानी के मामले में दोषी करार दिए गए कारू यादव को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 5,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर दोषी को दो माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अदालत ने पीड़िता को 50 हजार मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।यह मामला चंडी थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार 26 जून 2024 को पीड़िता की मां के लिखित आवेदन पर चंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि घटना वाले दिन दोपहर करीब 12 बजे 13 वर्षीय दिव्यांग नाबालिग शौच के लिए खेत गई थी। इसी दौरान आरोपी उसे मकई के खेत में ले गया और उसके साथ छेड़खानी की।घर लौटने के बाद पीड़िता ने इशारों के माध्यम से अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता की मां ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। दोषसिद्धि के बाद न्यायालय ने उसे तीन वर्ष के सश्रम कारावास 5,000 रुपये अर्थदंड तथा पीड़िता को 50 हजार मुआवजा देने का आदेश पारित किया।

# लोकभवन के निर्देश पर मगध विश्वविद्यालय में विशेष शिकायत शिविर शुरू, पहले दिन 340 मामले दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** राज्यपाल सचिवालय (बिहार लोकभवन, पटना) के निर्देश पर मगध विश्वविद्यालय के मन्नूलाल केंद्रीय पुस्तकालय में कार्यरत और सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की लंबित वेतन और पेंशन संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए दो दिवसीय विशेष शिकायत निवारण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने किया। इस अवसर पर वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। शिविर के पहले दिन कुल 340 शिकायतें प्राप्त हुईं जिन्हें श्रेणीबद्ध किया गया। इनमें बकाया वेतन अंतर से संबंधित 223 मामले शामिल हैं। इनमें शिक्षकों के 126 और शिक्षकेतर कर्मचारियों के 97 मामले दर्ज किए गए। वहीं पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़ी 117 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें सामान्य पेंशन के 33, चौथे चरण के 14 तथा एस. बी. सिंह समिति से संबंधित पेंशनधारियों के 70 मामले शामिल हैं। बिहार लोकभवन की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मियों के वेतन तथा पेंशन संबंधी मामलों का मिशन मोड में निपटारा करने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित अवधि के बाद भी लंबित मामलों के त्वरित समाधान के लिए राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के निर्देश पर 27 और 28 जुलाई को सभी विश्वविद्यालय मुख्यालयों में विशेष शिकायत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शिविर मंगलवार, 28 जुलाई को भी जारी रहेगा। इस दौरान शेष कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मी अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। लोकभवन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय प्रशासन 14 अगस्त 2026 तक सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करेगा।

## 14 दिनों बाद सकुशल मिली लापता युवती, न्यायालय में दर्ज कराया बयान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गया।** कोंच थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत एक गांव से 14 दिन पहले लापता हुई 19 वर्षीय युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। सोमवार को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर युवती को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान दर्ज कराया गया। जानकारी के अनुसार युवती के पिता ने 13 दिन पहले कोंच थाने में पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर थाना में कांड संख्या 234/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम लगातार युवती की तलाश कर रही थी। सक्रिय कार्रवाई के बाद उसे सुरक्षित बरामद किया गया।

# भाजपा गया महानगर कार्यालय में मनाई गई संत रविदास जयंती, नेताओं ने किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय जनता पार्टी गया महानगर के पिता महेश्वर विधानसभा कार्यालय में संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन और विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास का जन्म वर्ष 1377 ई. में उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित सीर गोवर्धनपुर में हुआ था। उनके पिता का नाम संतोष दास तथा माता का नाम कलसा देवी था। उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का संदेश दिया तथा अपने उपदेशों और रचनाओं के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान की। भाजपा नेताओं ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी समाज में समानता, भाईचारे और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देते हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समरस और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य राजनंदन प्रसाद गांधी, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष श्याम बिहारी राम, महेंद्र प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, बंटी कुमार, विमला देवी, रमेश कुमार, सनी कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# धान रोपनी के दौरान किसान पर हथियारबंद हमला

### पिस्टल लहराते घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के ढिबरी गांव निवासी किसान चंद्रदीप यादव पर सोमवार को धान की रोपनी के दौरान हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया। पीड़ित ने कोंच थाने में दिए आवेदन में बताया कि करमदास मौजा स्थित खेत में काम करते समय सलोनी बिगहा गांव के रणविजय यादव, कृष्णा यादव, रंजन यादव सहित 7- 8 लोग पिस्टल लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला किया। घटना के बाद खेत में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े तो सभी आरोपित हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घटना का एक वीडियो भी सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिससे इलाके में दहशत है। कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# मगध विश्वविद्यालय में रक्तदान और नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और स्वास्थ्य सेवा संकुल के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वास्थ्य सेवा संकुल में रक्तदान शिविर, नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी, कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम और कुलानुशासक प्रो. कृष्ण प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार तथा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी. पी. नलिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों तथा अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदाताओं के लिए फलाहार, जूस, चाय, बिस्कुट और ग्लूकोज की व्यवस्था की गई। साथ ही उन्हें ब्लड डोनेशन सर्टिफिकेट और ब्लड रिसीवर कार्ड भी उपलब्ध कराया गया, ताकि भविष्य में जरूरतमंद मरीजों की सहायता की जा सके। रक्तदान शिविर के साथ आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने नेत्र जांच, मधुमेह, रक्त शर्करा और अन्य स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। इस दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य जागरूकता पर भी जानकारी दी गई। प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने का माध्यम है। कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान के जरिए शहीदों को श्रद्धांजलि देना युवाओं के लिए प्रेरणादायक संदेश है। डॉ. बिनोद कुमार मंगलम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करते हैं। डॉ. बी. पी. नलिन ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए रक्तदान ही सबसे प्रभावी माध्यम है। डॉ. पिंटू कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना नियमित रूप से रक्तदान अभियान चलाकर जरूरतमंदों तक रक्त उपलब्ध कराती है। प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी और प्रो. कृष्ण प्रसाद वर्मा ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं, स्वास्थ्यकर्मियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# ग्राम पंचायत विकास दिवस पर बैठक, विकास योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** ग्राम पंचायत विकास दिवस के अवसर पर रविवार को ग्राम पंचायत परसावां में जनप्रतिनिधियों, कर्मियों एवं पंचायतवासियों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया दिलीप कुमार ने की। बैठक में पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मनरेगा, आवास, शौचालय, नल-जल योजना, विद्यालय और राशन वितरण से संबंधित समस्याओं पर चर्चा हुई। साथ ही पंचायत को स्वच्छ और विकसित बनाने को लेकर पंचायतवासियों से सुझाव भी लिए गए। इस अवसर पर मुखिया दिलीप कुमार ने कहा ग्राम पंचायत विकास दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता को योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही करना है। सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। पंचायतवासी विकास कार्यों में सहयोग करें, तभी परसावां को आदर्श पंचायत बनाया जा सकेगा। बैठक में सरपंच अखिलेश दास, पंचायत समिति सदस्य रेशमी देवी, उमेश यादव, धनंजय पासवान, पंचायत सचिव प्रीतेश कुमार, जेई मो. साजिद, हिमांशु कुमार सिन्हा, जयंती देवी, रूनी देवी, रीता देवी, निशू कुमारी, प्रियंका कुमारी, चंदन कुमार, रिंकी देवी, सज्जन सिंह, विजय पासवान, निरंजन कुमार, लीला देवी, ललिता सिंह सहित बड़ी संख्या में पंचायतवासी मौजूद थे।

# आत्मसम्मान और आत्मरक्षा में फेंका मिर्च पाउडर

### 4.61 करोड़ रुपये के विवाद में सरिता देवी का पक्ष आया सामने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** रानीगंज के गेरेरिया गांव में कथित 4 करोड़ 61 लाख रुपये के बकाया भुगतान को लेकर चल रहे विवाद ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। एक ओर झारखंड के चतरा जिले के कोयला कारोबारी धर्मेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पिछले एक महीने से अधिक समय से संतोष अग्रवाल के घर के बाहर बकाया राशि की मांग को लेकर बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर संतोष अग्रवाल की पत्नी सरिता देवी ने अपने परिवार की सुरक्षा और आत्मसम्मान को सर्वोपरि बताते हुए मिर्च पाउडर फेंके जाने की घटना को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया है। सरिता देवी का आरोप है कि रविवार को धर्मेंद्र सिंह अपने कई समर्थकों के साथ उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए घर में घुसने का प्रयास किया। उस समय घर में महिलाएं मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि वह रसोईघर में काम कर रही थीं जहां मसालों में उपयोग होने वाला मिर्च पाउडर रखा हुआ था। स्थिति को देखते हुए उन्होंने किसी पर हमला करने की नीयत से नहीं, बल्कि लोगों को घर से दूर रखने और स्वयं की सुरक्षा के लिए मिर्च पाउडर फेंका था। सरिता देवी ने कहा कि यदि उनके पति के ऊपर किसी प्रकार की कोई बकाया राशि है तो उसका निपटारा न्यायालय के आदेश और कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वह किस्तों में भुगतान की प्रक्रिया अपनाने के लिए तैयार हैं। उनका मानना है कि किसी भी आर्थिक विवाद का समाधान कानून के दायरे में होना चाहिए, न कि किसी परिवार के घर के बाहर लंबे समय तक धरना देकर दबाव बनाने से। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी समय रहते उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। सरिता देवी का कहना है कि पिछले एक महीने से उनका परिवार मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहा है। घर की महिलाओं और बुजुर्गों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। वही धर्मेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह का आरोप है कि संतोष अग्रवाल ने कोयला बिक्री के एवज में उनका लगभग 4 करोड़ 61 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया है और वह पूरी राशि मिलने तक वहां से नहीं हटेंगे। उनका यह भी दावा है कि संतोष अग्रवाल घर से फरार हैं। फिलहाल, यह पूरा मामला कथित बकाया भुगतान को लेकर दो पक्षों के दावों और आरोपों के बीच उलझा हुआ है। मामले के सभी आरोप अभी संबंधित पक्षों के दावे हैं और इसका अंतिम निपटारा न्यायिक एवं कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव होगा।

# लायंस क्लब गया के नए पदाधिकारियों ने संभाला दायित्व, सामाजिक सेवा के संकल्प के साथ शपथ ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** लायंस क्लब, गया में वर्ष 2026-27 के लिए नए पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में झारखंड से आए पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अपने संबोधन में लायन संजय कुमार ने कहा कि लायंस क्लब, गया की स्थापना वर्ष 1961 में हुई थी और पिछले 66 वर्षों से क्लब निरंतर सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब की स्थापना के समय पूरे बिहार में केवल तीन-चार लायंस क्लब थे जबकि उस समय झारखंड भी बिहार का हिस्सा था। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों को समाज सेवा के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। समारोह में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. श्रीप्रकाश सिंह तथा लायंस क्लब मगध के अध्यक्ष लायन सुबोध प्रकाश ने भी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वर्ष 2026-27 के लिए लायंस क्लब, गया के नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रूप में लायन विनय वर्मा, उपाध्यक्ष के रूप में लायन संदीप कुमार और लायन अभिषेक मृणाल, सचिव के रूप में लायन डॉ. तनवीर उस्मानी, संयुक्त सचिव के रूप में लायन राजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष के रूप में लायन नीरज कुमार, क्लब प्रशासक के रूप में लायन डॉ. नंद किशोर गुप्ता, सर्विस चेयरपर्सन के रूप में लायन राजन सिजुआर तथा क्लब डायरेक्टर के रूप में लायन डॉ. विनय कुमार, लायन मनोज कुमार और लायन विनय सिन्हा ने दायित्व संभाला। समारोह में उपस्थित सदस्यों और अतिथियों का स्वागत लायन मनोरंजन ने किया। कार्यक्रम का संचालन लायन जावेद यूसुफ ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन लायन अंशु कुमार ने प्रस्तुत किया।

# तीन अवैध शराब भट्ठियां ध्वस्त, 150 लीटर महुआ शराब व अपाचे बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी ग्रामीण/गया।** रौशनगंज थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण और तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम प्राणपुर स्थित पहाड़ी एवं जंगली इलाके में संचालित तीन अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस ने करीब 1200 लीटर फुलाया हुआ जावा महुआ मौके पर ही नष्ट कर दिया। साथ ही 150 लीटर देसी महुआ शराब और एक अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। थानाध्यक्ष अन्नू राजा ने सोमवार की शाम करीब 6 बजे इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्राणपुर गांव के पहाड़ी एवं जंगल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस के पहुंचते ही शराब कारोबार से जुड़े लोग जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने मौके पर संचालित तीनों अवैध भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा लगभग 1200 लीटर फुलाया हुआ जावा महुआ नष्ट कर दिया गया, ताकि उसका उपयोग शराब बनाने में नहीं किया जा सके। कार्रवाई के दौरान घटनास्थल से 150 लीटर तैयार देसी महुआ शराब तथा एक अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद हुई जिसे जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस का कहना है कि बरामद मोटरसाइकिल के स्वामित्व और शराब कारोबार से उसके संबंध की भी जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष अन्नू राजा ने बताया कि इस मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। फरार शराब कारोबारियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 225 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, टेम्पो जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांके बाजार।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 225 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब लदे एक टेम्पो जब्त किया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने सोमवार की शाम करीब 6 बजे इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक टेम्पो के माध्यम से बड़ी मात्रा में देशी शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध टेम्पो को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में वाहन से 30 पेटी देशी टनाका शराब बरामद हुई जिसकी कुल मात्रा लगभग 225 लीटर है। मौके से चालक को गिरफ्तार कर लिया गया तथा शराब से लदे टेम्पू को जब्त कर थाना लाया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान झारखंड राज्य के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के खरौना गांव निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसकी आपूर्ति किस स्थान पर की जानी थी। साथ ही इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# रामेश्वर प्रसाद प्लस टू विद्यालय में ग्राम गीत प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** रामेश्वर प्रसाद प्लस टू विद्यालय बेलागंज के प्रांगण में ग्राम गीत प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगीत के शिक्षक प्रेम रंजन कुमार ने कार्यक्रम को संचालित किया। विद्यार्थियों ने एक से एक ग्राम गीत की प्रस्तुति की जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आरती कुमारी, प्रीति कुमारी द्वितीय स्थान के लिए रिया कुमारी, कुसुम कुमारी, निशा कुमारी, नेहा कुमारी एवं तृतीय स्थान पर राधा वंदना रिया मोनिका एवं बालक वर्ग में सामूहिक ग्राम गीत के लिए मनीष कुमार सत्यम कुमार प्रफुल्ल कुमार को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति का एक अमूल धरोहर ग्राम गीत है। शिक्षा के साथ-साथ इन साहित्यिक कलात्मक गुना आपके अंदर होना चाहिए हमें शिक्षा के साथ-सा अपने सामाजिक परिवेश को भी याद रखने की जरूरत है। हम अपने स्वदेशी मूल्यों को अपने जीवन में उतार कर एक बेहतर इंसान बन सकते हैं। इस अवसर पर धीमी गति साइकिल रेस के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर सलोनी कुमारी पुष्पांजलि कुमारी द्वितीय स्थान पर संगीता कुमारी सुहानी कुमारी बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर मनीष कुमार राहुल कुमार द्वितीय स्थान पर प्रिंस कुमार उज्ज्वल कुमार को पुरस्कार दिया गया। साथ ही साथ साइकिल रेस और ग्राम गीत में प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक दिलीप कुमार चंद्रमणि प्रसाद राजेश कुमार राजू मधुबाला रिंकी कुमारी सुनील कुमार रिजवान उल्लाह प्रदीप दीपक अनेश कुमार अंतरीना कुमारी, जूली कुमारी, प्रीति कुमारी, रवि प्रकाश मालवीय, तरुण कुमार कन्हाई दास, राजेश कुमार प्रेम रंजन कुमार, दिवाकर कुमार, पम्मी कुमारी अनिल कुमार मानस कुमार भी मौजूद रहे।


**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-19, दिनांक 21.07.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा कार्य सम्पन्न करने की वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.:** टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-19, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल : एंटी-क्लाइंबिंग यंत्र, एंटी-बर्ड डिस्क, डबल कंटैक्ट वायर इत्यादि तथा विश्वसनीयता सुधार के अन्य उपायों की व्यवस्था द्वारा ओएचई की विश्वसनीयता का सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 4,14,10,029.94; **बयाना राशि:** रु. 8,28,200; **खुलने की तारीख एवं समय:** 24.08.2026 को 15.00 बजे। **कार्य समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-196/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# प्रेमचंद रंगशाला में 'या देवी सर्वभूतेषु' के मंचन ने नारी शक्ति का सशक्त संदेश दिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी पटना स्थित प्रेमचंद रंगशाला में विमला फाउंडेशन द्वारा बिहार सरकार के सौजन्य से 'साहित्य, संगीत एवं नाट्य समागम' में नारी शक्ति पर आधारित नाटक 'या देवी सर्वभूतेषु' का सफल एवं प्रभावशाली मंचन किया गया। प्रस्तुति ने अपनी सशक्त कथा, प्रभावी निर्देशन, मधुर संगीत और कलाकारों के जीवंत अभिनय से दर्शकों का भरपूर स्नेह और सराहना प्राप्त की। नाटक की शुरुआत देवी वंदना 'हे माता तेरा आह्वान' से हुई जिसने पूरे सभागार को भक्तिमय वातावरण में बांध दिया। इसके बाद नाटक ने प्रेम, संघर्ष, सामाजिक चेतना और नारी सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। कहानी में यह संदेश दिया गया कि नारी केवल करुणा और ममता की प्रतिमूर्ति नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने वाली अदम्य शक्ति भी है। नाटक का निर्देशकीय पक्ष इसकी सबसे बड़ी विशेषताओं में रहा। निर्देशक आशुतोष कुमार ने कथा को आधुनिक सामाजिक संदर्भों से जोड़ते हुए मंचीय संरचना, दृश्य संयोजन, कलाकारों की गति, संवादों की लय और भावनात्मक दृश्यों का ऐसा संतुलन स्थापित किया कि प्रस्तुति आरंभ से अंत तक दर्शकों को बांधे रही। विशेष रूप से चरम दृश्य जिसमें शक्ति चंडी का रूप धारण कर अत्याचार का प्रतिकार करती है, दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचकारी और भावनात्मक अनुभव साबित हुआ। नाटक का संगीत पक्ष भी अत्यंत प्रभावशाली रहा। संगीत परिकल्पना राजू मिश्रा तथा संगीत सहयोगी मो. जॉनी ने लोकधुनों, देवी स्तुति और नाट्य संगीत का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।

# आमस में नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विवेक कुमार ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** प्रखंड के नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विवेक कुमार ने सोमवार को आमस बीआरसी कार्यालय में अपना योगदान दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद आमस शिक्षक संघ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शिक्षक संघ के प्रखंड सचिव नदीम अख्तर के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अभिनंदन किया। इस दौरान शिक्षकों ने उनसे प्रखंड की शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की अपेक्षा जताई। स्वागत समारोह में मो. अली, ज्याउल्लाह खान, टुन्ना यादव, बलिराम दास, विनोद कुमार, राजेश रौशन, महेंद्र दास, गणेश रजक, सागर कुमार, सुरेश चौधरी, मेराजुद्दीन, तनवीर अहमद, नाजिया खानम सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेलवे म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी प्रारूप के जरिए तीन वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 07 यात्री वाही ट्रेनों के 07 एसएलआर को पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इ स ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए जमा की जानी चाहिए। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए मर्चेंटों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। मर्चेंटों को क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर भी हासिल करना आवश्यक है। **नीलामी सूचीपत्र का विवरण:** • नीलामी सूचीपत्र सं.: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-8ए; **कम्पार्टमेंट:** 07 यात्री वाही ट्रेनों के 07 एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 06.08.2026 को 14.00 बजे।

(HWH-237/2026-27) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# समुद्री डाकुओं का असली खेल

मुंबई की एक अदालत ने 44 सोमालियाई डाकुओं को उम्रकैद की सजा सुनाई है. इनमें से 35 को मार्च 2024 में भारतीय नौसेना ने गिरफ्तार किया था. इन डाकुओं ने माल्टा के झंडे वाले 'एमवी रूएन' नामक जहाज पर दिसंबर 2023 में अरब सागर में कब्जा कर लिया था. करीब तीन महीने बाद भारतीय नौसेना ने 40 घंटे का एक बड़ा आपरेशन चलाया और सभी 17 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाने के साथ ही सभी 35 समुद्री डाकुओं को पकड़ लिया.

'अल कंबर 786' नामक जहाज को हाइजैक करने के मामले में नौ डकैतों को भी उम्रकैद की सजा सुनाई गई है. निश्चय ही यह भारत क बड़ी पहल का परिणाम है. भारत ने सोमालियाई समुद्री डकैतों के खिलाफ जब भी जरूरत पड़ी है, अभियान चलाया है. मगर असली सवाल यह है कि क्या इससे सोमालियाई डाकुओं के खौफ में कोई कमी आएगी? सामान्य तौर पर यह कहा जा सकता है कि उनके भीतर भारतीय नौसेना का खौफ हालांकि पहले से रहा है लेकिन अब वे और ज्यादा बचने की कोशिश करेंगे.

मगर असली मसला यह है कि जब तक समुद्री डाकुओं के सरगनाओं को खत्म नहीं किया जाता तब तक समुद्र सुरक्षित नहीं रह सकता. अभी इसी साल 26 अप्रैल को मिस्र के व्यापारिक जहाज स्वार्ड को सोमाली तट से कुछ ही किलोमीटर दूर सशस्त्र डाकुओं ने अगवा कर लिया. इसके साथ ही दो तेल टैंकर ऑनर 25 और यूरेका का भी अपहरण हो गया. उन्होंने मछली मारने वाली ऐसी नौकाओं का भी हाल के दिनों में अपहरण किया है जिसमें सवार होकर वे कई दिनों तक समुद्र में रह सकते हैं.

चिंता की बात यह है कि क्या समुद्री डकैत फिर से पहले की तरह ही ताकतवर हो रहे हैं. दुनिया को अभी भी याद है कि 2005 से 2012 के बीच डकैतों ने विदेशी जहाजों पर 1000 से अधिक हमले किए थे. दो सौ से ज्यादा जहाजों को अगवा किया था और अंदाजा है कि उन वर्षों में हर साल सोमालियाई डाकुओं के गैंग ने करीब 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फिरौती वसूली. उसके बाद दुनिया सचेत हुई और डकैतों को जहाजों से दूर रखने के लिए कई सुरक्षात्मक व्यवस्था की गई. बहुत से डकैतों को पकड़ा गया लेकिन कभी भी सरगनाओं को नहीं पकड़ा जा सका और न ही उनके नेटवर्क को नष्ट किया गया.

वहां राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति हमेशा ही बनी रहती है जिसका फायदा ये सरगना उठाते हैं. दूसरी सबसे बड़ी समस्या गरीबी है. वहां इतनी गरीबी है कि एक डाकू पकड़ा जाता है तो दूसरे ढेर सारे युवा उसकी जगह लेने को तैयार रहते हैं. समुद्री डकैतों के सरगनाओं को बहुत अच्छे भुगतान वाला नियोक्ता माना जाता है. वहां गरीबी बढ़ती ही जा रही है. दो साल पहले तक सोमालिया सरकार को अमेरिकी मानवीय सहायता कार्यक्रम के तहत हर साल 467 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिल रहे थे मगर 2026 के पहले तीन महीनों में केवल 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर ही मिले हैं.

कहा जा रहा है कि समुद्री डकैतों का खौफ बढ़ने का बड़ा कारण यह भी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने और हूती विद्रोहियों के हमलों के कारण लाल सागर बहुत जोखिम वाला इलाका बन गया है और यूरोप की ओर जाने वाले कई व्यापारिक जहाज उस रास्ते से होकर गुजर रहे हैं जो सोमालिया के तट के करीब है. दुनिया को इससे निपटने के लिए एकजुट होने की जरूरत है.

# सरोगेसी के बहाने चल रहे कारोबार पर सरकार का बड़ा प्रहार

**कृत्रिम गर्भाधान ने आज जिस तरह व्यवसाय का रूप ले लिया है, वह चिंता का विषय है। मगर अब केंद्र सरकार 'किराए की कोख' के नाम पर चल रहे कारोबार पर अंकुश लगाने जा रही है। इसके बाद उम्मीद की जा सकती है कि किराए की कोख उपलब्ध कराने के नाम पर चल रही मनमानी पर लगाम लगेगी। दरअसल, 'सरोगेसी सेंटरों' में काफी समय से चल रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सरकार ने इसमें पंजीयन और संचालन नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत इन केंद्रों को नियंत्रित किया जाएगा। अब किराए की कोख के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार होंगे। इनकी कड़ी निगरानी होगी। कागजी आवेदन करने की सुविधा प्रतिबंधित कर दी गई है। 'सरोगेसी क्लीनिक' जरूरतमंद लोगों को इतनी सहजता से यह सुविधा नहीं दे सकेंगे। केंद्र सरकार ने नए नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश दिए हैं।**

**प्रमोद भार्गव**



किराए की कोख के कानून में परिवर्तन इसके बढ़ते व्यापार पर लगाम लगाने के लिए किया गया है। अब केवल निसंतान दंपति, जो बच्चे पैदा करने में शारीरिक रूप से अक्षम हैं, वे अपने किसी करीबी रिश्तेदार की मदद ले सकते हैं। इस सुविधा को कानूनी भाषा में 'अल्ट्रुइस्टिक सरोगेसी' कहा जाता है।

भारत दुनिया भर के दंपतियों के लिए किराए की कोख का एक बड़ा व्यावसायिक केंद्र बनता जा रहा है। दरअसल, जो सुविधा वास्तविक जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई थी, वह अमीर दंपतियों के लिए शौक में बदलती जा रही है। सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार के बाद भारत में प्रजनन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसमें किराए पर कोख दिए जाने का व्यवसाय भी शामिल है। चिकित्सा पर्यटन के बहाने विदेशी पर्यटक प्रसूति पर्यटन के लिए भी आ रहे हैं।

यह तथ्य है कि पिछले कुछ बरसों में देश में कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों की संख्या 35 से 50 फीसदी बढ़ गई है। इसी अनुपात में कृत्रिम गर्भाधान के नाम पर जालसाजी बढ़ी है। हैदराबाद में ऐसा गिरोह पकड़ा गया, जो दो लाख से चार लाख रुपये में कोख किराए पर लेकर उसे 30 लाख रुपये तक में बेच देता था। यहां तक कि विदेश से भी शुक्राणु दानदाता लाए गए। यानी देश के बाहर भी बच्चे बेचे गए।

हालांकि, वर्ष 2025 में सरकार ने शुक्राणु दाता नियमों में बदलाव किया था, लेकिन कारोबारियों ने नियमों की अनदेखी की। नाबालिग और अविवाहित लड़कियों की कोख का भी अवैध इस्तेमाल किया गया। भारत में कोख किराए पर लेने का खर्च 10 से 25 लाख रुपये है, जबकि विदेश में 80 लाख से डेढ़ करोड़ रुपये तक है। इसलिए 'सरोगेसी क्लीनिक' में किराए की कोख अवैध कारोबार का बड़ा धंधा बनती जा रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु में अनेक मामले सामने आए, जिनमें ठगी की गई। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सरकार को नियमों में बदलाव करना पड़ा। इसके पहले 2025 में समलैंगिक युगलों को किराए की कोख के जरिए माता-पिता बनने का अधिकार देने से मना कर दिया गया था।

अब ऑनलाइन जानकारी होने से निगरानी तंत्र के पास कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों के संचालन और नवीनीकरण संबंधी जानकारी हर वक्त सामने होगी। इससे अनियमितता को आसानी से चिह्नित कर लिया जाएगा। क्लीनिक के पास वैध दस्तावेज हैं या नहीं, इसकी भी पुख्ता जानकारी मिलती रहेगी। कोई भी कमी पाए जाने पर संस्था को प्रतिबंधित किया जा सकेगा। इन केंद्रों में कर्मचारियों से लेकर बच्चों के जन्म तक की जानकारी मिलती रहेगी।

सरकार इन नियमों को एक साथ लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से अमल में लाएगी। वर्तमान कानून के अनुसार किसी अन्य महिला की कोख के लिए अनुमति तब मिलती है, जब कानून के अनुसार विवाहित जोड़ा शारीरिक रूप से अक्षम हो या फिर गर्भधारण करने में पत्नी की जान को खतरा हो। यानी इस स्थिति में वैवाहिक जोड़ा किराए की कोख की मदद ले सकता है।

कानून के अनुसार यह भी बाध्यकारी शर्त है कि किराए की कोख देने वाली महिला एक तो विवाहित होनी चाहिए और दूसरे, कम से कम उसका एक बच्चा भी हो। पति की आयु 26 से 55 वर्ष और पत्नी की आयु 23 से 50 वर्ष के बीच होना जरूरी है।

भारत में किराए की कोख का कारोबार अरबों डॉलर का हो गया है, लेकिन यह धंधा अंततः स्त्री की कोख पर टिका है। ठीक उसी तरह, जिस तरह उदारवादी अर्थव्यवस्था प्रकृति के गर्भ में समाई खनिज संपदाओं के दोहन पर टिकी है। इस व्यवसाय की कीमत उन महिलाओं को चुकानी पड़ी है, जिन्हें अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए हर हाल में धन की जरूरत रहती है।

इसलिए वर्ष 2016 में प्रजनन सहायक तकनीक विधेयक लाकर केंद्र सरकार ने इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने की पहल कर दी थी। मगर इस कानून से उन्हें परेशानी है, जिन्होंने स्त्री की आर्थिक कमजोरी का फायदा उठाकर उसकी कोख को बाजार के हवाले कर दिया है। वे यह भी दलील दे रहे हैं कि कठोर कानून से विदेशी मुद्रा का आगमन रुक जाएगा।

गौरतलब है कि जैविक माता-पिता के शुक्राणु और अंडाणु को परखनली में निषेचित करने के बाद जब भ्रूण पनप जाता है, तब उसे अन्य स्त्री की कोख में प्रत्यारोपित किया जाता है। गर्भाधान का यही तरीका अपनाया जाता है। मगर इसका शरीर पर विपरीत असर पड़ता है। इसके गर्भपात होने की 80 फीसदी आशंका रहती है। ऐसी 90 फीसदी प्रसूतियां शल्य क्रिया के जरिए होती हैं। ऐसे में महिला की जान का जोखिम भी बना रहता है।

कोख किराए पर देने वाली महिला का न तो कोई बीमा होता था, न ही उसके बच्चों की कोई गारंटी लेता था। इस संदर्भ में यह भी बड़ा सवाल था कि जैविक अभिभावक यदि जन्मे बच्चे को छोड़कर भाग जाते हैं, तो उसके पालन-पोषण की जवाबदेही किसकी होगी? यदि नवजात शिशु विकलांग या ऐसी लाइलाज बीमारी के साथ पैदा होता है और जैविक माता-पिता उसे लेने से इनकार कर देते हैं, तो उस बच्चे की जिम्मेदारी कौन लेगा?

इस बाबत एक स्वयंसेवी संगठन के अध्ययन ने कुछ चौंकाने वाले सवाल भी उठाए थे। खासतौर से विदेशी धनवान जब किराए की कोख से संतान पाने के इच्छुक होते हैं, तो वे भारत आकर एक साथ कई महिलाओं को गर्भधारण करा देते हैं। इनमें से कुछ महिलाओं में यह प्रयोग सफल हो जाता है, तो वे किसी एक महिला को छोड़कर बाकी का गर्भपात करा देते हैं। गर्भपात कराई गई महिलाओं को कोई धन भी नहीं दिया जाता था। अप्रवासी भारतीयों में किराए की कोख की मांग बहुत ज्यादा रही है। इससे भारत में किराए की कोख की मांग बढ़ रही थी। इस लिहाज से देखें, तो किराए की कोख का सख्ती से नियमन जरूरी था। देर से ही सही, लेकिन सही दिशा में कदम उठाया गया है।

अध्यात्म

# अहंकार को छोड़ने से जीवन में आती है शांति

एक राजा महावीर स्वामी के दर्शन करने आया करता था। वह घमंडी था। हर बार जब राजा स्वामी जी के पास जाता, वह अपने साथ सोने-चांदी, रत्न और कीमती चीजें लेकर आता था।

महावीर स्वामी हमेशा मुस्कुराते और कहते, 'राजन्, इन्हें गिरा दो।' राजा हर बार स्वामी जी की बात मानकर सभी बहुमूल्य चीजें वहीं गिरा देता, लेकिन धीरे-धीरे राजा को स्वामी जी की यह आदत बुरी लगने लगी। उसने सोचा, 'एक न एक दिन स्वामी जी मेरे उपहार स्वीकार जरूर करेंगे।

राजा ने अपने मंत्री से सलाह ली। मंत्री ने कहा, 'राजन्, इस बार आप केवल फूल लेकर जाएं।' राजा ने फूल स्वामी जी के सामने रखे, फिर भी महावीर स्वामी ने कहा, 'इन्हें गिरा दो।' राजा निराश होकर फूल वहीं छोड़कर लौट गया।

मंत्री ने अगली बार कहा, 'राजन्, आप खाली हाथ जाएं।' अगले दिन राजा बिना किसी चीज के स्वामी जी के सामने पहुंचा। राजा ने कहा, 'स्वामी जी, मैं कई बार आपके लिए कीमती चीजें लाया, फिर भी आप हर बार उन्हें गिराने को कहते रहे। अब मैं खाली हाथ आया हूं, अब आप क्या कहेंगे? '

महावीर स्वामी ने मुस्कान के साथ कहा, 'राजन्, अब खुद को गिरा दो। '

राजा समझ गया कि स्वामी का मतलब उसका अहंकार गिराने से था। उसने प्रणाम किया और अहंकार छोड़ने का संकल्प लिया।

स्वामी जी ने राजा को संदेश दिया कि धन या सम्मान से अधिक महत्वपूर्ण है अहंकार पर विजय पाना। केवल बाहरी वस्तुओं को त्यागने से नहीं, बल्कि अपने अहंकार को छोड़ने से जीवन में शांति और सच्ची सफलता आती है।

**सीखः**

स्वयं की समीक्षा करें - अपने व्यवहार और सोच में अहंकार की पहचान करें।

सादगी अपनाएं - भौतिक वस्तुओं या पदोन्नति से लगाव न रखें। सादगी को अपनाएं।

विनम्रता बनाए रखें - दूसरों के योगदान और ज्ञान को महत्व दें, अपनी चीजों के लिए अहंकार न करें, विनम्र रहें।

नकारात्मक भावनाओं से दूर रहें - घमंड, जलन और तुलना करने से मनोबल गिराता है, इन बुराइयों से दूर रहें।

छोटी-छोटी चीजें छोड़ना सीखें - महावीर स्वामी की तरह पहले भौतिक चीजें, फिर अहंकार को त्यागें, तभी जीवन में शांति मिल सकती है।

सकारात्मक मार्गदर्शन लें - विद्वान या गुरु से सीखकर अपनी बुराइयां दूर करें और सकारात्मक रहें।

# आपकी सोच ही गढ़ती है आपका व्यक्तित्व...

**मनोविज्ञान के अनुसार हमारा व्यक्तित्व एक दिन में नहीं बनता, बल्कि यह हमारी दैनिक सोच, आदतों और व्यवहारों का परिणाम होता है। अगर कोई व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों का सामना एक चुनौती के रूप में करता है, तो यह दृष्टिकोण धीरे-धीरे उसकी आदत बन जाता है। समय के साथ यही आदत उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती है और वह एक जिज्ञासु, आत्मविश्वासी तथा विकासोन्मुख व्यक्ति के रूप में पहचाना जाने लगता है। इसके विपरीत, अगर कोई व्यक्ति हर असफलता में केवल अपनी कमियां खोजता है और भय या निराशा में घिर जाता है, तो उसके व्यक्तित्व में संकोच, असुरक्षा और निराशावाद जैसे अवगुण विकसित हो सकते हैं। इसीलिए व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया को समझने के लिए यह क्रम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है– विचार - व्यवहार - आदत - व्यक्तित्व।**

**दीपिका शर्मा**

हम अक्सर सुनते हैं कि जैसा हम सोचते हैं, वैसा हम बोलते हैं। जैसा हम बोलते हैं, वैसा हम करते हैं। और जैसा हम करते हैं, वैसे हम बनने लगते हैं। यह कथन इस बात की ओर संकेत करता है कि हमारी सोच का हमारे व्यक्तित्व और व्यवहार पर गहरा प्रभाव पड़ता है। हमारी मानसिकता हमारे विचारों को दिशा देती है और वही विचार हमारे कार्यों तथा निर्णयों को प्रभावित करते हैं। अगर हमारी सोच सकारात्मकता, आशा और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होगी, तो हमारे व्यक्तित्व में आकर्षण, उत्साह और दृढ़ता का विकास होगा। ऐसे लोग चुनौतियों का सामना अधिक प्रभावी ढंग से कर पाते हैं और अपने लक्ष्यों की ओर निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

इसके विपरीत, अगर हमारी सोच लगातार नकारात्मकता, भय या निराशा से घिरी रहे, तो उसका प्रभाव हमारे व्यवहार, निर्णयों और आत्मविश्वास पर पड़ सकता है। नकारात्मक विचार हमें अवसरों को पहचानने से रोक सकते हैं और हमारी क्षमताओं पर संदेह उत्पन्न कर सकते हैं। हालांकि यह समझना भी आवश्यक है कि केवल सोच ही जीवन के हर परिणाम को निर्धारित नहीं करती। परिस्थितियां, अनुभव, सामाजिक वातावरण और हमारे कर्म भी उतने ही महत्त्वपूर्ण होते हैं। फिर भी, हमारी सोच इन परिस्थितियों को देखने और उनसे निपटने के तरीके को अवश्य प्रभावित करती है। इसलिए सकारात्मक, यथार्थवादी और संतुलित सोच का विकास करना व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

हमारी सोच और हमारे मस्तिष्क के बीच एक गहरा और अटूट संबंध है। हमारे विचार केवल मन में आने-जाने वाली प्रक्रियाएं नहीं हैं, बल्कि वे मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को भी प्रभावित करते हैं। मनोविज्ञान और तंत्रिका विज्ञान के अनुसार, जब हम किसी विचार को बार-बार दोहराते हैं, तो मस्तिष्क में उससे संबंधित तंत्रिका मार्ग मजबूत होने लगते हैं। इसी क्षमता को 'न्यूरोप्लास्टिसिटी' कहा जाता है, जिसके माध्यम से मस्तिष्क नए अनुभवों के अनुसार स्वयं को अनुकूलित करता है।



मान लिया जाए कि कोई व्यक्ति बार-बार यह सोचता है कि मैं यह कार्य नहीं कर सकता या स्वयं को असफल मानता है, तो ऐसी सोच उसके आत्मविश्वास और प्रयासों को प्रभावित कर सकती है। इसके विपरीत, अगर वह यह विश्वास रखता है कि मैं यह कार्य कर सकता हूं या मैं सीखकर इसे पूरा कर सकता हूं, तो उसका व्यवहार अधिक आत्मविश्वासी और सक्रिय हो सकता है तथा चुनौतियों का सामना करने की उसकी क्षमता बढ़ सकती है। ओशो का मानना था कि हमारे विचारों की ऊर्जा व्यापक प्रभाव डाल सकती है और व्यक्ति को अपने लक्ष्यों की ओर प्रेरित कर सकती है। चाहे इसे आध्यात्मिक दृष्टिकोण माना जाए या प्रेरणात्मक विचार, यह हमें अपने विचारों के प्रति सजग रहने का संदेश अवश्य देता है।

दरअसल, हमारी सोच निर्णय लेने की क्षमता पर भी प्रभाव डालती है। किसी परिस्थिति को हम किस दृष्टिकोण से देखते हैं, यह काफी हद तक हमारी सोच पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, अगर कोई विद्यार्थी परीक्षा में असफल हो जाता है, तो वह इस स्थिति को दो अलग-अलग तरीकों से देख सकता है। एक दृष्टिकोण यह हो सकता है कि वह खुद को असफल मानकर निराश हो जाए, जबकि दूसरा दृष्टिकोण उसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर आगे बढ़ने और बेहतर तैयारी करने के लिए प्रेरित कर सकता है। संज्ञानात्मक मनोविज्ञान के अनुसार, हमारे विचार हमारी भावनाओं और व्यवहार को प्रभावित करते हैं। इसलिए संतुलित व्यक्तित्व के निर्माण में सकारात्मक, यथार्थवादी और रचनात्मक सोच महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह केवल हमारी मनोदशा को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि हमारे व्यवहार और व्यक्तित्व को भी आकार देती है।

मनोविज्ञान के अनुसार हमारा व्यक्तित्व एक दिन में नहीं बनता, बल्कि यह हमारी दैनिक सोच, आदतों और व्यवहारों का परिणाम होता है। अगर कोई व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों का सामना एक चुनौती के रूप में करता है, तो यह दृष्टिकोण धीरे-धीरे उसकी आदत बन जाता है। समय के साथ यही आदत उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती है और वह एक जिज्ञासु, आत्मविश्वासी तथा विकासोन्मुख व्यक्ति के रूप में पहचाना जाने लगता है।

इसके विपरीत, अगर कोई व्यक्ति हर असफलता में केवल अपनी कमियां खोजता है और भय या निराशा में घिर जाता है, तो उसके व्यक्तित्व में संकोच, असुरक्षा और निराशावाद जैसे अवगुण विकसित हो सकते हैं। इसीलिए व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया को समझने के लिए यह क्रम अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता है– विचार - व्यवहार - आदत - व्यक्तित्व।

अगर हम समय रहते अपने विचारों और व्यवहारों के प्रति जागरूक हो जाएं, तो अपने व्यक्तित्व को और अधिक सशक्त तथा संतुलित बना सकते हैं। यानी आज हम जैसा सोचते हैं, वही कल हमारी आदतों और आखिरकार हमारे व्यक्तित्व का आधार बन सकता है। लेकिन हमारा व्यक्तित्व पूरी तरह स्थिर नहीं होता, बल्कि नई सोच, नए अनुभव और जागरूक प्रयासों के माध्यम से व्यक्ति अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

माना जाता है कि व्यक्तित्व जन्म से तय होता है, लेकिन यह पूरी तरह स्थिर नहीं होता। नए अनुभव, वातावरण और प्रयासों से इसमें बदलाव आ सकता है। शिक्षा, संबंध, चुनौतियां और आत्मचिंतन व्यक्ति के सोचने तथा व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करते हैं। मसलन, भय से भरा व्यक्ति भी अभ्यास से अधिक आत्मविश्वासी और निडर बन सकता है। इसलिए व्यक्तित्व को विकसित होने वाली प्रक्रिया माना जा सकता है। अपनी आदतों और व्यवहार पर ध्यान देकर व्यक्ति इसे अधिक परिपक्व और संतुलित बना सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आय में कमी आ सकती है। बनते कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। नकारात्मक बातों को स्वयं पर हावी न होने दें। आपको कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा।

**वृषभ**
आपके द्वारा लिये गये निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको काफी सम्मान देंगे। युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं।

**मिथुन**
सन्तान के भविष्य को लेकर चिन्ता लगी रहेगी। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। निम्न रक्तचाप की समस्या हो सकती है।

**कर्क**
व्यापारिक साझेदारों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। कार्यशैली में बदलाव लाने का विचार बना सकते हैं।

**सिंह**
व्यर्थ के तर्क-वितर्क में समय बर्बाद न करें। अजनबियों की बातों पर भरोसा न करें। समझदारी के अभाव के कारण आपके सम्बन्ध कमजोर पड़ सकते हैं।

**कन्या**
सदैव अपनी सोच सकारात्मक रखें। कारोबार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। किसी महत्वाकांक्षी योजना को शुरू करने के लिये दिन हितकारी है।

**तुला**
अपने करियर को लेकर थोड़े नाखुश रहेंगे। धन उधार देने से बचें क्योंकि फँसने की पर्याप्त सम्भावना है। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
करियर में उत्तम विकल्प मिलने की सम्भावना है। पारिवारिक विवादों को निपटाने का अच्छा अवसर मिल सकता है। आज का दिन आराम में बीतेगा।

**धनु**
जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाखुश होगा। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। शुभचिन्तकों के सुझावों को गम्भीरता से लें। धन की स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी।

**मकर**
आपकी आय में वृद्धि होगी। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर में पूजा-पाठ का माहौल रहेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिये दिन काफी अनुकूल है।

**कुंभ**
आपकी प्रबन्धन क्षमता की प्रशंसा होगी। लम्बे समय से रुके कार्यों के पूरे होने से मन में सन्तुष्टि होगी। आप कुछ नवाचार करना चाहते हैं जिसके लिये प्रयास भी करेंगे।

**मीन**
कार्यक्षेत्र की जटिलतायें समाप्त होंगी। धार्मिक प्रतीकों और सन्तजनों के दर्शन का लाभ मिल सकता है। किसी रिश्तेदार के यहाँ घूमने जा सकते हैं।

# साहित्य सम्मेलन के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए डा. अनिल सुलभ

**निर्वाचन-पदाधिकारी ने दिया प्रमाण-पत्र, साहित्यकारों ने किया अभिनन्दन, बंटी मिठाइयां**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी कार्यकाल के लिए बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पद पर, सम्मेलन के वर्तमान अध्यक्ष डा अनिल सुलभ को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। नामांकन-पत्रों की जांच के पश्चात सोमवार की संध्या निर्वाचन-पदाधिकारी और पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पण्डित जी पाण्डेय ने डा सुलभ को निर्वाचन का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। समरणीय है कि विगत 25 और 26 जुलाई को नामांकन-प्रपत्र भरने की पूर्व निर्धारित दिनों में इस पद हेतु केवल, सम्मेलन के वर्तमान अध्यक्ष डा अनिल सुलभ की ओर से ही नामांकन प्रपत्र भर गए और किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा नामांकन नहीं किया गया। सोमवार की संध्या सम्मेलन-भवन में निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने दो सहयोगी सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों धनेंद्र चौबे और राधा रमण के साथ, इस पद के एक मात्र प्रत्याशी डा. अनिल सुलभ एवं अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित सम्मेलन के सदस्यों की उपस्थिति में, नामांकन-प्रपत्रों की जाँच की और डा अनिल सुलभ के नामांकन को वैध पाया। निर्वाचन-पदाधिकारी ने, आश्वस्त हो जाने के पश्चात की डा सुलभ अपना नामांकन वापस नहीं ले रहे हैं, उनके विधिवत निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की और उन्हें निर्वाचन का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। डा सुलभ के एक बार पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर, उपस्थित साहित्यकारों ने हर्ष-ध्वनि के साथ डा सुलभ का अभिनन्दन किया तथा उन्हें बधाइयाँ दी। देखते ही देखते डा सुलभ पुष्प-हारों से ढक दिए गए। 93 वें वर्षीय साहित्यकार डा शिववंश पाण्डेय, सम्मेलन के वरिष्ठतम सदस्य और डा सुलभ के प्रथम प्रस्तावक डा शंकर प्रसाद, डा पुष्पा जमुआर, विभारानी श्रीवास्तव, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, कृष्ण रंजन सिंह, पं गणेश झा, डा जंग बहादुर पांडेय, प्रो उषा सिंह, शमा कौसर 'शमा', डा शालिनी पाण्डेय, चंदा मिश्र, डा अर्चना त्रिपाठी, सदानन्द प्रसाद, ई अशोक कुमार, सुनील कुमार'मलंग', प्रवीर कुमार पंकज, शम्भूनाथ पाण्डेय, शशि भूषण कुमार, श्रीकांत व्यास, विजय कुमार सिंह, रविकान्त पाण्डेय, इंदु भूषण सहाय, शोभाकांत झा समेत बड़ी संख्या में उपस्थित साहित्यकारों और सम्मेलन के सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएँ दी। अपने कृतज्ञता-ज्ञापन में डा सुलभ ने कहा कि वे सम्मेलन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से प्राप्त हुए प्रेम से अभिभूत हैं। सबने मेरे प्रति विश्वास व्यक्त किया। सम्मेलन के अनेक सदस्य साहित्यकार अध्यक्ष-पद के सर्वथा योग्य हैं। फिर भी उनमें से कोई भी प्रत्याशी न होकर, मेरा जो सम्मान बढ़ाया है, मैं उसे कभी भूल नहीं सकता। सबका आभारी हूँ। आशा करता हूँ कि सबका सहयोग, पहले की अपेक्षा और अधिक प्राप्त होगा। ताकि हम सम्मेलन के गौरव को और अधिक बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि अगस्त के अंतिम सप्ताह में सम्मेलन की स्वामिनी-संस्था 'स्थायी-समिति' की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसके निदेर्शानुसार सम्मेलन की नयी कार्य समिति गठित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राशन कार्ड आवेदन जमा करने को लेकर विकास मित्रों की बैठक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में सभी विकास मित्रों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में राशन कार्ड से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बीडीओ ने विकास मित्रों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने पंचायतों में जाकर पात्र लाभार्थियों से राशन कार्ड के लिए ज्यादा से ज्यादा आवेदन एकत्र करें और उसे शीघ्र प्रखंड कार्यालय में जमा करें। ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर राशन कार्ड का लाभ मिल सके।प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आनंद प्रसून ने भी बैठक में सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और आवेदन प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया। बैठक में विकास मित्र संजय कुमार, नीलम कुमारी, अर्जुन रविदास, सियाशरण मांझी और मानदीप दास सहित अन्य विकास मित्र उपस्थित थे।



### पटना-गया रेलखंड पर ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के नदौल और तिनेरी के बीच जमालपुर हाल्ट के समीप एक अज्ञात ट्रेन से गिरकर 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।स्थानीय पुलिस और जीआरपी ने बताया कि डाउन लाइन में पटरी के बगल में यह शव पाया गया। जीआरपी रेल थाना अध्यक्ष के अनुसार शव आउटर सिग्नल के बाहर पोल नंबर 35/10-12 के बीच डाउन लाइन में पड़ा मिला है।वहीं थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों को सूचना देकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। चूंकि घटना रेलवे क्षेत्र में आउटर सिग्नल के बाहर हुई है, इसलिए आगे की अनुसंधान मसौढ़ी थाने के द्वारा की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। रेल कर्मियों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

### बबन राय हत्याकांड में 9 नामजद के खिलाफ प्राथमिकी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर थाना क्षेत्र के सिंकदरपुर नीतीश आहार निवासी 30 वर्षीय बबन राय की गोली मारकर हत्या मामले में मृतक के भाई पप्पू राय के बयान पर पुलिस ने 9 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी में पिंटू कुमार और धर्मवीर राय का नाम प्रमुख तौर पर शामिल है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि शाहपुर थाना क्षेत्र के सिंकदरपुर नीतीश आहार निवासी राजेश्वर राय के 30 वर्षीय पुत्र बबन राय की शनिवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई पप्पू राय ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 से चाचा पक्ष के साथ विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के कारण उनके चचेरे भाई पिंटू कुमार, धर्मवीर राय और अन्य लोगों ने मिलकर बबन राय की गोली मारकर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह के मुताबिक मृतक के भाई के बयान पर 9 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### मोकामा में कांग्रेस मिलन समारोह

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिला कांग्रेस कार्यालय सरदार भवन, मोकामा में सोमवार को कांग्रेस मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पटना जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण-2 के जिलाध्यक्ष सरदार गुरजीत सिंह की मौजूदगी में कई नए कार्यकताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सभी नये सदस्यों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।इस अवसर पर संगठन को मजबूत बनाने, जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने और एकजुट होकर जनसेवा करने का संकल्प लिया गया। नेताओं ने कहा कि बड़ी संख्या में युवाओं और कार्यकताओं का कांग्रेस से जुड़ना पार्टी के प्रति बढ़ते जनविश्वास का प्रतीक है।समारोह के दौरान कार्यकताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता छितेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, राकेश क्रांतिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जर्जर पड़े ऑटो से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाना क्षेत्र के सब कैंपस के पास एक खराब पड़े ऑटो से एक 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। रूपसपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि रूपसपुर थाना क्षेत्र के ओपन पूरा के पास स्थित एसएसबी ऑफिस के पास एक जर्जर पड़े ऑटो मैं एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। तत्काल वह अपनी टीम लेकर घटनास्थल पर पहुंचे तो पाया कि ऑटो के अंदर एक करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का सड़े गले हालत में शव मिला। उन्होंने बताया कि मृतक चप्पल पहने हुए हैं और उसकी सही से पहचान करने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने खोजबीन कर ऑटो मालिक से पूछताछ की तो ऑटो मलिक ने बताया कि यह ऑटो महीनों से खराब पड़ा हुआ है और जर्जर हालत में है। आसपास के जांच क्रम में पाया गया कि कुछ संदिग्ध लोग इस ऑटो में नशे करने का इस्तेमाल करते थे। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की छानबीन की जा रही है।

### अनुमंडलीय अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना

**'मिनी पीएमसीएच' में वर्षों से थी मांग, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के प्रति जताया आभार**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी वासियों के लिए सुखद खबर है। मिनी पीएमसीएच के नाम से जाने जाने वाले मसौढ़ी अनुमंडलीय रेफरल अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सिजल रिवी की पदस्थापना कर दी गई है। लंबे समय से इस मांग को लेकर क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य विभाग से गुहार लगा रहे थे। अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं रहने के कारण फ्रैक्चर और हड्डी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों को इलाज के लिए पीएमसीएच और अन्य बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। इससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मसौढ़ी अनुमंडलीय अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना कर दी है। इसके बाद क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार जताया है।जदयू नगर मंडल अध्यक्ष अश्वनी उर्फ गोल्डी ने बताया कि 08 जुलाई 2026 को मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर 7 सूत्री मांगों के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार और मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी से मुलाकात की गई थी। हड्डी रोग विशेषज्ञ की मांग उनमें प्रमुख थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती से मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा और समय पर इलाज मिल सकेगा।

### बीडीओ पर हमले के विरोध में मसौढ़ी बीडीओ ने बांधी काली पट्टी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा में विधि-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान दो बीडीओ के गंभीर रूप से घायल होने की घटना के विरोध में बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन प्रखंड के बीडीओ ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। संघ के पटना जिला प्रवक्ता सह मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि 25 जुलाई 2026 को छपरा में ड्यूटी के दौरान छपरा सदर की बीडीओ दृष्टि पाठक और रिविलगंज के बीडीओ रितेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी को इलाज के लिए पटना भेजा गया, जबकि दूसरे के सिर में गंभीर चोट के कारण ऑपरेशन करना पड़ा और वे जीवन-मृत्यु से जूझ रहे हैं।संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ ने आरोप लगाया कि संवेदनशील ड्यूटी में बिना पर्याप्त सुरक्षा के अधिकारियों को लगाया गया। संघ की प्रमुख मांगों में सभी प्रखंड कार्यालयों में बीडीओ के लिए बॉडी प्रोटेक्टर, रॉयट हेलमेट, शील्ड, लेग गार्ड और आर्म गार्ड उपलब्ध कराना, प्रत्येक बीडीओ के साथ कम से कम दो प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों की स्थायी प्रतिनियुक्ति, घायलों के इलाज का खर्च सरकार द्वारा वहन करना, विशेष बीमा और संवेदनशील ड्यूटी के लिए SOP लागू करना शामिल है।संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।



# मोकामा में 200 साल पुराने वटवृक्ष को काटने की कोशिश से बढ़ा तनाव

**वन विभाग ने लगाई रोक**



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा नगर के धौरानीटोला में स्थित करीब 200 साल पुराने बरगद के पेड़ को काटने की कोशिश को लेकर तनाव बढ़ गया है। ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद वन विभाग और प्रशासन ने पेड़ की कटाई पर तत्काल रोक लगा दी है और पेड़ को अपनी निगरानी में ले लिया है।धौरानी टोला में सिद्धनाथ मंदिर परिसर में यह विशाल वटवृक्ष स्थित है। मोहल्लेवासी नियमित रूप से इसकी पूजा-अर्चना करते हैं। वट सावित्री की पूजा के दौरान यहां बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ती है। शादी के अवसर पर मंदिर परिसर के कुएं और इस वटवृक्ष की पूजा की परंपरा आज भी कायम है।मोहल्ले के अजीत सिंह, रामशीष सिंह, शंभू सिंह ने बताया कि सरकारी जमीन पर गंगा किनारे लगा यह विशाल बरगद का पेड़ धौरानी टोला को गंगा के कटाव से बचाने में काफी मदद करता है। साथ ही इस पर सैकड़ों पक्षियों का बसेरा भी है।स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ महीनों से मोहल्ले के ही एक व्यक्ति द्वारा जमीन पर अपना दावा जताते हुए चार बार इस पेड़ को काटने का प्रयास किया गया। लेकिन हर बार लोगों के कड़े विरोध के कारण वह सफल नहीं हो पाया। तीन दिन पहले इसी बात को लेकर उसकी मोहल्लेवासियों से झड़प भी हुई थी।मामले से आक्रोशित होकर रविवार को मोहल्ले के लोग एकजुट होकर मोकामा थाना पहुंचे और थानाध्यक्ष कुणाल कुमार से पेड़ को सुरक्षित रखने की गुहार लगाई।मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष कुणाल कुमार और बाढ़ वन प्रक्षेत्र की रेंजर खुशबू ने तत्काल पेड़ की कटाई पर पाबंदी लगा दी। वन विभाग ने इस ऐतिहासिक पेड़ को अपने संरक्षण में ले लिया है और इसकी निगरानी शुरू कर दी है।रेंजर खुशबू ने स्पष्ट कहा है कि इस पुराने बरगद के पेड़ की कटाई किसी भी हालत में नहीं होने दी जाएगी।

# टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का सफल समापन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के इतिहास विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित 40 घंटे के 'भारतीय ज्ञान परंपराः Understanding India's Traditional Wisdom and Sustainable Future" विषयक प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने की, जबकि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय एवं समापन संबोधन में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने विस्तृत विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सबसे सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है। उनके अनुसार NEP-2020 केवल एक शिक्षा नीति नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा के मध्य एक सुदृढ़ सेतु है, जो विद्यार्थियों में भारतीयता, नैतिक मूल्यों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा की क्षमता का समन्वित विकास करने का लक्ष्य रखती है। प्राचार्य ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रमों, शोध, नवाचार, कौशल विकास, भारतीय भाषाओं, बहुविषयक शिक्षा , अनुभवात्मक अधिगम तथा मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से व्यापक रूप से लागू करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की प्रमुख विशेषताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसे उत्तरदायी, नैतिक, नवाचारी एवं सांस्कृतिक रूप से जागरूक नागरिक तैयार करना है, जो भारत की बौद्धिक विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित कर सकें। पाठ्यक्रम के कोर्स समन्वयक डॉ. प्रशांत कुमार, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि इस प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिक, सांस्कृतिक एवं समकालीन प्रासंगिकता से परिचित कराना था। कार्यक्रम के अंत में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. मुकुंद कुमार ने आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# बी डी कॉलेज पटना के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग में इंडक्शन मीट का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी. डी. कॉलेज, पटना के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग द्वारा स्नातक (सत्र 2026-30) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का महाविद्यालय एवं विभागीय वातावरण से परिचित कराना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी देना तथा उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करना था। प्रधानाचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से महाविद्यालय आने, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ अध्ययन करने तथा उच्च शिक्षा को व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल डिग्री प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का केंद्र है। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम संरचना, क्रेडिट प्रणाली, सतत मूल्यांकन तथा बहुआयामी शिक्षा की अवधारणा से अवगत कराया। विभागाध्यक्ष नीतू तिवारी ने प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विषय में उपलब्ध विविध रोजगार एवं शोध की संभावनाओं, जैसे पुरातत्त्व, संग्रहालय, अभिलेखागार, विरासत संरक्षण, पर्यटन, अकादमिक एवं शोध संस्थानों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।

### गल्ला दुकान का ताला तोड़कर 11 बोरी सरसों, 5 बोरी मसूर और 10 हजार की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नदवां बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप एक गल्ला दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों का सामान और नगद चोरी कर ली। तेतरी गांव निवासी पीड़ित महेश साव ने बताया कि वे 26 जुलाई की शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। 27 जुलाई की सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। चोर दुकान से 11 बोरी सरसों, 5 बोरी मसूर और गल्ले में रखे 10 हजार रुपये नगद ले गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार भी मौके पर पहुंचे। पीड़ित ने धनरूआ थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने पुलिस से चोरों को शीघ्र पकड़कर चोरी गया सामान और नगद बरामद करने की मांग की है।थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बाजार और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# तारेगना स्टेशन पर टिकट का चेकिंग अभियान, 252 यात्रियों से 1.24 लाख जुर्माना वसूला

**बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्रियों पर कसा शिकंजा, काउंटरों पर बढ़ी भीड़**







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल ने उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा और राजस्व सुरक्षा को लेकर सोमवार को पटना-गया रेलखंड के तारेगना स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया। जहाँ वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशन में वाणिज्य विभाग और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने 'लाल गाड़ी' यानी विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन के साथ सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों के बीच हड़कंप मची रही, टिकट जांच दल न केवल तारेगना रेलवे स्टेशन पर बल्कि तारेगना स्टेशन से गुजरने वाली सुबह 6:00 से सुबह 9:00 तक 63241, 63242, 63243, 63244 सभी सवारी गाड़ी ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव देकर प्रमुखता से चेक किया गया। उसके बाद सभी जांच दल इंटरसिटी एक्सप्रेस से पटना की ओर रवाना हो गए, अभियान में कुल 252 बिना टिकट और अनियमित टिकट वाले यात्री पकड़े गए। उनसे जुर्माने के रूप में 1,24,265 रुपये रेल राजस्व अर्जित किया गया। रेल अधिकारियों में सीनियर टीसी इंसपेक्टर ए.के.सिह एवं धर्मेंद्र कुमार बताया कि दानापुर मंडल में बिना टिकट यात्रा के विरुद्ध लगातार सघन टिकट चेकिंग कराई जा रही है। इस विशेष अभियान का असर तुरंत देखने को मिला। चेकिंग की सूचना मिलते ही पटना-गया रेलखंड के सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। बड़ी संख्या में लोग टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए।रेल प्रशासन ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और राजस्व की सुरक्षा के लिए आगे भी इस तरह के विशेष अभियान जारी रहेंगे।

# दहेज के लिए बहू की पिटाई, गला दबाकर हत्या का प्रयास, मसौढ़ी थाना में प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक विवाहिता को ससुराल वालों ने बेरहमी से पीटा और गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। घटना को लेकर पीड़िता ने मसौढ़ी थाना में सास, ससुर और पति सहित तीन लोगों के खिलाफ आवेदन दिया है।मसौढ़ी थाना क्षेत्र की निवासी सुप्रिया कुमारी पति आशीष रंजन खेतका ने आवेदन में बताया कि उनकी शादी 23.06.2022 को आशीष रंजन पिता शिवराज शमी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही सास मसूदन देवी, ससुर शिवराज शमी और पति आशीष रंजन दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।पीड़िता का आरोप है कि सास बार-बार गाली-गलौज कर मारपीट करती है और घर से बाहर निकाल देने की धमकी देती है। पति हैदराबाद में रहता है और सास के कहने पर घर आने पर मारपीट करता है। सभी लोग तलाक देने और जान से मारने की धमकी देते हैं।आवेदन के अनुसार 26 जुलाई 2026 को सुबह करीब साढ़े 10 बजे सास मसूदन देवी और ससुर शिवराज शमी ने कमरे में बंद कर गला दबाकर हत्या का प्रयास किया।

### ग्राहकों का बढ़ा भरोसा, बैंक का अब तक का सबसे अधिक मुनाफा दर्ज

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जब किसी बैंक में ज्यादा लोग पैसा जमा करते हैं और ज्यादा ग्राहक उससे जुड़ते हैं, तो यह उसके प्रति बढ़ते भरोसे की निशानी होती है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पहली तिमाही के नतीजे भी कुछ ऐसी ही तस्वीर पेश करते हैं। बैंक ने वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में 1,075 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक शुद्ध मुनाफा (पीएटी) दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 132.4% ज्यादा है। इस दौरान, बैंक का कुल ग्राहक कारोबार बढ़कर 6,04,776 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। लोन में सालाना आधार पर 20.6% और जमा राशि में 16.6% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# एस.यू. कॉलेज को मिली एम.लिब. पाठ्यक्रम की स्वीकृति

**पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी ने जारी किया सोमवार को नोटिफिकेशन**



**दनियावां(पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एस.यू. कॉलेज, हिलसा को शैक्षणिक सत्र 2026-2027 से स्व-वित्तपोषित एम.लिब. (मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस) पाठ्यक्रम के संचालन की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस पाठ्यक्रम के लिए 30 सीटें स्वीकृत की गई हैं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय प्राचार्य प्रो. शिवचन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व एवं सतत प्रयासों को दिया। साथ ही नोडल अधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी, वरीय प्राध्यापक डॉ. पी.सी. चौरसिया तथा प्रधान सहायिका श्रीमती सुभद्रा सिन्हा द्वारा आवश्यक दस्तावेजों को समय पर तैयार एवं प्रस्तुत करने में किए गए अथक प्रयासों की भी सराहना की गई। महाविद्यालय परिवार ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह, कुलसचिव प्रो. अबू बकर एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही यह मांग दोहराई कि एस.यू. कॉलेज, हिलसा में स्नातकोत्तर स्तर पर सभी विषयों की पढ़ाई प्रारंभ होने तक महाविद्यालय परिवार निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# श्री अभयनाथ धाम में 30 जुलाई से 'नीलकंठ भक्ति जागरण सावन महोत्सव

**एक महीने तक चलेगा ऐतिहासिक सावन मेला, बिहार का सबसे बड़ा अखंड दीप प्रज्ज्वलित होगा**





**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन माह के पावन अवसर पर समीपवर्ती हिलसा के प्रसिद्ध बाबा अभयनाथ धाम सह मानव सेवा आश्रम, हिलसा में 'नीलकंठ भक्ति जागरण सावन महोत्सव 2026' का आयोजन किया जाएगा। यह नालंदा जिले का ऐतिहासिक सावन मेला माना जाता है।आयोजन समिति के वरीय मीडिया कर्मी व सामाजिक कार्यकर्ता कमल किशोर प्रसाद,सुभाष बाबा, राजो बाबू,पूर्व प्रमुख अनिल प्रसाद,नयन श्री व अन्य के अनुसार यह महोत्सव 30 जुलाई 2026 से 28 अगस्त 2026 तक लगातार एक महीने तक चलेगा। इस दौरान श्रावण मास में बिहार का सबसे बड़ा दीपक प्रज्ज्वलित किया जाएगा। साथ ही विशेष झांकी और महादेव अखंड दीप प्रज्ज्वलन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा।

**प्रतिदिन का कार्यक्रमः**

- प्रातः 4:00 बजे सेः भव्य श्रृंगार, आरती एवं प्रसाद वितरण
- संध्या 6:00 बजे सेः भव्य श्रृंगार, आरती एवं प्रसाद वितरण
- संध्या 7:15 बजे सेः रामधुनि कीर्तन
- प्रत्येक रविवार संध्या 6:00 बजेः सामूहिक गंगा आरती
- प्रत्येक सोमवार रात्रि 8:00 बजे सेः भक्ति जागरण

बाबा अभयनाथ धाम सह मानव सेवा आश्रम परिवार ने सभी श्रद्धालु भक्तजनों से सपरिवार सादर आमंत्रित किया है। आयोजकों का कहना है कि आइए, भगवान नीलकंठ महादेव की भक्ति में सहभागी बनकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। सावन के इस महोत्सव को लेकर हिलसा और आसपास के क्षेत्रों में भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### डायन कहकर महिला की पिटाई

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगाब्रिज थाना क्षेत्र के चकफूल गांव में एक महिला की पिटाई का मामला सामने आया है।पिटाई से घायल महिला का ईलाज सदर अस्पताल में कराया गया जहाँ घायल महिला के पुत्र ने बताया कि एक माह पहले गांव के अजय पासवान के बहन की करंट लगने से मौत हो गई थी जिसके लेकर आरोपी अजय पासवान ने आज उसकी मां प्रेमशीला देवी पर ओझा गुनी करने का आरोप लगाते हुए जमकर पिटाई कर दी जिसमें प्रेमशीला घायल हो कर गिर गई।आनन फानन में महिला को ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहाँ उसका ईलाज किया गया।पीड़ित परिजनों ने बताया कि अजय अपनी बहन की मौत का जिम्मेवार प्रेमशीला का मानता है और उसी कारण से लगातार परिवार वालो के साथ गाली गलौज और मारपीट करता है।घटना के बाद से महिला और उसका पुत्र डरा हुआ है हालांकि पीड़ित परिवार ने अभी तक घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी है।



### अपने ड्रीम प्रोजेक्ट पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार की शाम लगभग वैशाली पहुंचे जहां उन्होंने वैशाली स्थित ऐतिहासिक बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का भ्रमण किया।इस दौरान भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थल पर बौद्ध भिक्षुओं ने वैदिक एवं बौद्ध परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कराई।संग्रहालय परिसर पहुंचने पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा तथा वैशाली विधायक सिद्धार्थ पटेल ने उन्हें बुके एवं शॉल भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।भ्रमण के दौरान उन्होंने संग्रहालय परिसर एवं स्मृति स्तूप का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।नीतीश कुमार का यह दौरा संक्षिप्त रहा और वे लगभग आधे घंटे तक संग्रहालय परिसर में रहे और इसके बाद वापस पटना के लिए रवाना हो गए।वहीं उनके आगमन को लेकर प्रशासन एवं पार्टी कार्यकताओं की ओर से सुरक्षा एवं स्वागत की व्यापक व्यवस्था की गई थी।बता दे कि बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार था जिसके निर्माण पूरा होने तक नीतीश कुमार ने लगभग एक दर्जन बार यहाँ का दौरा किया था और अपने कार्यकाल के दौरान ही पिछले साल जुलाई महीने में इसका उदघाटन किया था।



### 105 लीटर शराब बरामद, दो गिरफ्तार, टेम्पो जब्त

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्पाद विभाग, वैशाली की टीम ने टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत कटरा में कार्रवाई करते हुए एक तीन पहिया वाहन से परिवहन की जा रही 105 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की। इस कार्रवाई में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त तीन पहिया वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। डीएम ने कहा है कि वैशाली जिले में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई कर रहा है। उत्पाद विभाग द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्ती, गुप्त सूचनाओं के आधार पर छापेमारी, सघन जांच अभियान तथा सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि पूर्ण शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करें तथा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन अथवा बिक्री से संबंधित किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन अथवा उत्पाद विभाग को उपलब्ध कराएं। प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित एवं गोपनीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




### विभिन्न कांडों के नौ वारंटी गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिरैया थाना पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में वर्षों से फरार चल रहे नौ वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई न्यायालय से निर्गत वारंट के अनुपालन में की गई। थानाध्यक्ष अंबेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में मीरपुर गांव निवासी नीरज कुमार, सुरेन्द्र साह एवं रामविलास साह शामिल हैं, जिनके विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। वहीं मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव निवासी गोलू कुमार तथा चिरैया थाना क्षेत्र के दीपही निवासी मुंशी कुमार को उत्पाद अधिनियम से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा जयपाल टोला निवासी भोला राय, जयराम राय, कमल राय एवं कुलदीप राय को मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे। न्यायालय के आदेश के आलोक में सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद अन्य फरार वारंटियों में हड़कंप मच गया है।

### प्रेमिका ने मिलने से किया इनकार तो टावर पर चढ़ा प्रेमी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खिलवत गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और काफी देर तक हंगामा करता रहा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर बिदुपुर थाना पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। युवक की पहचान अररिया जिले के ठेंगापुर निवासी मिथिलेश कुमार ठाकुर, पिता धमानंद ठाकुर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अपनी मांग मनवाने के लिए टॉवर पर चढ़कर पुलिस और ग्रामीणों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था। इससे कुछ देर के लिए इलाके में तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इसी दौरान खिलवत पंचायत के पूर्व मुखिया संजीव कुमार सिंह और स्थानीय ग्रामीणों ने काफी देर तक युवक को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। उनके समझाने पर युवक शांत हुआ और सुरक्षित टॉवर से नीचे उतर आया। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर बिदुपुर थाना पहुंचाया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, युवक का एक युवती से प्रेम संबंध बताया जा रहा है। वह युवती से मिलने के उद्देश्य से बिदुपुर आया था, लेकिन युवती द्वारा मिलने और शादी से इनकार किए जाने के बाद उसने यह कदम उठा लिया। हालांकि, पुलिस ने प्रेम प्रसंग या शादी से इनकार की बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि युवक से पूछताछ की जा रही है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।



### शिक्षा मंत्री से शिक्षक संघ की वार्ता

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षक संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित मांगपत्र सौंपा। लगभग एक घंटे तक चली इस बैठक में शिक्षक हित एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा विभाग की समानुपातीकरण एवं स्थानांतरण संबंधी एसओपी में संशोधन, ई-शिक्षाकोष के आधार पर समानुपातीकरण, अधिशेष शिक्षकों के समायोजन, पति-पत्नी के आधार पर स्थानांतरण की सुविधा, दक्षता परीक्षा को टीईटी के समकक्ष मानते हुए स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति, टीआरई-3 शिक्षकों को स्थानांतरण की सुविधा तथा एसएसए मद की राशि शीघ्र जारी करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगें प्रमुखता से उठाईं। बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और सभी मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विवि ने 'गवर्नमेंट अचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो - 2026' में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी, बिहार ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में 25 से 27 जुलाई, 2026 तक आयोजित 'गवर्नमेंट अचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो-2026' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार आधारित पहलों, सुदृढ़ शोध परिवेश तथा छात्र-केंद्रित शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। तीन दिवसीय राष्ट्रीय एक्सपो के दौरान महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी स्टॉल पर विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों का निरंतर आगमन रहा। आगंतुकों ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक अधोसंरचना, शोध सुविधाओं तथा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की सराहना की। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. उमेश पात्रा ने प्रदर्शनी में सहभागिता करते हुए आगंतुकों को विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध सुविधाओं तथा प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। विश्वविद्यालय के स्टॉल पर एमजीसीयू के पूर्व छात्र डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सूरज जायसवाल एवं श्रवण कुमार शर्मा भी पहुंचे और विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण शैक्षणिक परामर्श सत्र रहा, जिसमें विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शैक्षणिक सत्र 2026 - 27 में प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किए गए पांच वर्षीय एकीकृत स्नातक-स्नातकोत्तर (इंटीग्रेटेड यूजी-पीजी) कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप तैयार किए गए ये कार्यक्रम बहुविषयक अध्ययन, शैक्षणिक लचीलापन तथा शोधोन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देते हैं। यह एक्सपो देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक संगठनों के बीच संवाद एवं सहयोग का एक महत्वपूर्ण मंच भी सिद्ध हुआ। इसमें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, डॉ. बी.आर. आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), एनआईटी जमशेदपुर, एनआईटी मिजोरम, सीएसआईआर, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, ओएमएफईडी तथा उद्यानिकी विभाग सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों ने सहभागिता की। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा, इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एक्सपो में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करना महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी, मचा कोहराम



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के जढुआ में पति-पत्नी में हुए विवाद के बाद युवक ने घर से एक किलोमीटर दूर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राहगीरों की नजर जब पेड से लटकते शव पर पड़ा तो राहगीरों द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। और घटना की सूचना गंगा ब्रिज थाने की पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई। मृतक की पहचान गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के जढुआ गांव निवासी स्वर्गीय राम इकबाल राय के 40 वर्षीय पुत्र मिथिलेश राय बताया गया है। घटना के संबंध में मृतक के बड़े भाई राजेश राय ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद घर से 1 किलोमीटर दूर जाकर शिशो के पेड मैं फांसी लगा लिया। स्थानीय लोगों द्वारा हमें सूचना दिया गया कि आपका भाई फांसी लगा लिया है। इसके बाद हम लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना गंगा ब्रिज थाने की पुलिस को दिया। मौके पर पहुंच कर पुलिस मामले की जाच मे जुटी है। मृतक पटना में मजदूरी का काम करता था। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।

**क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी**

इस संबंध में गंगा ब्रिज थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि जढुआ में एक युवक ने फांसी लगा ली थी। जिससे युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अनियंत्रित वाहन ने उजाड़ दी हंसती-खेलती दुनिया, सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी अड्डा रसूलपुर गांव में रविवार की शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां पलभर में छीन लीं। तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से पिता और उनके मासूम पुत्र की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, डुमरी अड्डा रसूलपुर गांव निवासी कृष्णा शाह के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार साह अपने तीन वर्षीय पुत्र टुन्नू कुमार के साथ साइकिल से डेरनी स्थित अपने ससुराल जा रहे थे। आमी गांव के आगे पीछे से तेज गति से आए एक अनियंत्रित वाहन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीन वर्षीय टुन्नू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल सोनू कुमार साह को स्थानीय लोगों की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। मृतक सोनू कुमार साह अपने पीछे पत्नी रितु देवी, चार बेटियों और एकमात्र पुत्र का परिवार छोड़ गए थे। दुर्भाग्यवश हादसे में उनके इकलौते पुत्र की भी जान चली गई। अब परिवार में चार मासूम बेटियां और उनकी मां गहरे सदमे में हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता बाजार थाना क्षेत्र के सिरिस्तापुर गांव में रविवार की रात तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब नौ बजे पैगम्बरपुर-महाराजगंज मुख्य सड़क पर हुई। सिरिस्तापुर गांव निवासी हृदयानंद राम की 57 वर्षीय पत्नी कलावती देवी कहीं से अपने घर लौट रही थीं। वह अपने घर के दरवाजे पर पहुंचने ही वाली थीं कि पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कलावती देवी सड़क पर मुंह के बल गिर गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लहलादपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हत्या मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शिकारगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास, रंगदारी और जालसाजी के मामलों में फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। शिकारगंज थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि परेई गांव निवासी गगनदेव प्रसाद यादव एवं श्यामल प्रसाद यादव के विरुद्ध रंगदारी मांगने तथा जबरन जमीन जोतने का मामला दर्ज था। वहीं, इसी गांव के सुरेश यादव पर जालसाजी कर फर्जी तरीके से जमीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप है। इसके अलावा सिरौना गांव की बबीता देवी उर्फ गुलाबी देवी को हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने अपनी पतोहू रेखा देवी पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में घायल रेखा देवी ने अपने पति संदीप सोनी एवं सास बबीता देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बबीता देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, घायल को थाना लाने पर पुलिस की गाली का वीडियो वायरल

**वीडियो के बाद पुलिस की 'पीपुल फ्रेंडली' कार्यशैली पर उठे सवाल**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट और उसके बाद थाना परिसर में पुलिस द्वारा की गई कथित गाली-गलौज का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जुड़ावनपुर थाना अंतर्गत जुड़ावनपुर बरारी पंचायत के वार्ड संख्या-1 में अमक राय और विपिन राय के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। रविवार सुबह विपिन राय अपने बथान में मवेशियों को चारा दे रहे थे। इसी दौरान अमक राय का ट्रैक्टर मवेशियों के नाद के पास लाकर खड़ा कर दिया गया। विपिन राय द्वारा ट्रैक्टर हटाने का विरोध करने पर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। विपिन राय का आरोप है कि जिस जगह बथान बना है वह उनकी जमीन है, जबकि अमक राय का दावा है कि वह जमीन उनकी है। बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि लाठी के वार से विपिन राय गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का इलाज फिलहाल सदर अस्पताल में चल रहा है।



**थाना परिसर के 2 वीडियो वायरल**

घटना के बाद जुड़ावनपुर थाना परिसर के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। पहला वीडियो 1 मिनट 17 सेकंड का है। इसमें परिजन घायल को खटिया पर लादकर थाना परिसर लाते दिख रहे हैं और 'बड़ा बाबू कहां हैं?' पूछते सुनाई दे रहे हैं। वीडियो में टेबल-कुर्सियां खाली हैं और ड्यूटी पर कोई पदाधिकारी नजर नहीं आ रहा। सिर्फ दो युवक टी-शर्ट में खड़े दिख रहे हैं। दूसरे वीडियो में थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ओझा हाफ पैंट और टी-शर्ट में थाना भवन से बाहर निकलते दिख रहे हैं। वे पूछते हैं, 'कौन आया है, किसका आदमी है?' इसके बाद वीडियो बना रहे लोगों को रोकते हुए कथित रूप से कहते हैं, 'तुम लोग क्या हंगामा किया है रे, बंद करो ई सब।' वीडियो में उनके द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग और फोर्स बुलाकर केस दर्ज कर जेल भेजने की बात भी सुनाई दे रही है। इंटरनेट पर प्रसारित वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते है। घायल के परिजनों ने आरोप लगाया है कि थाना अध्यक्ष दूसरे पक्ष से मिलीभगत कर रहे हैं और शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो रही। जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ओझा ने बताया कि विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। दोनों पक्षों के बीच जमीन और नाला को लेकर पुराना विवाद है। एक पक्ष से लिखित आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान अभियान को प्रभावी बनाने हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में अवस्थित शिक्षा भवन के प्रशाल में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि की अध्यक्षता में पूर्वी चम्पारण जिले में 'बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान' अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु जिले के चिन्हित नोडल शिक्षकों एवं मेंटरों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों में पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणितीय कौशल को सुदृढ़ करना है, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी कक्षा के अनुरूप दक्षता प्राप्त कर सके।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि FLN कक्षा 4-8 के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण, आकलन तकनीक, शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग एवं कक्षा में उपचारात्मक शिक्षण है। उन्होंने कहा कि बच्चों में पढ़ने की समझ, लेखन क्षमता और संख्या ज्ञान, जोड़ - घटाव, गुणा-भाग जैसी आधारभूत संकल्पनाओं को रोचक तरीके से विकसित करना। वही इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ,समग्र शिक्षा अभियान श्री ब्रजेश कुमार ने कहा कि भारत मिशन के तहत अब हमारा लक्ष्य केवल कक्षा 3 तक ही सीमित नहीं है। कक्षा 4 से 8 के बच्चों में जो सीखने की कमी रह गई है, उसे नोडल शिक्षक और मेंटर विद्यालय स्तर पर चिन्हित कर विशेष कक्षाओं और गतिविधियों के माध्यम से दूर करेंगे। आप सभी इस अभियान के सेतु हैं।" उन्होंने सभी नोडल शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे अपने आवंटित विद्यालयों में नियमित रूप से भ्रमण कर शिक्षकों का सहयोग करें, बच्चों का बेसलाइन आकलन करें और प्रत्येक माह प्रगति प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। प्रशिक्षण में राज्य से आए प्रथम संस्था के ट्रेनर्स द्वारा मॉडल पाठ, खेल आधारित अधिगम और TLM निर्माण का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। प्रतिभागी शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया। मौके पर संभाग प्रभारी सह अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक रामदेव महतो ने सभी संबंधित शिक्षको को सभी प्रकार के सहयोग देने की बात कही गई । इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य नगेन्द्र प्रसाद, रमेश कुमार, राजीव कुमार सिंह, अंजना कुमारी सरिता कुमारी ,नबाब ठाकुर, केशव कुमार कश्यप आदि शामिल थे जबकि संचालन कमलेश कुमार सिंह ने किया।





## बिजली संकट से आक्रोशित पार्षदों ने किया विद्युत कार्यालय पर प्रदर्शन

**चकिया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चकिया नगर परिषद क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या तथा विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं लगाने से नाराज वार्ड पार्षदों ने सोमवार अपने समर्थकों के साथ विद्युत कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान लचर विद्युत वयवस्था से आक्रोशित वार्ड नंबर- 7, 18, 21, 24 और 20 सहित कई वार्डों के पार्षद अपने समर्थकों के साथ विद्युत 'बिजली विभाग हाय-हाय' का नारा लगाया। वार्ड 7 के पूर्व पार्षद सह वार्ड पार्षद के पति सुनील कुमार सिंह का कहना था कि वार्ड नम्बर सात मे बिते दो माह से वार्डवासी बिजली की लो वोल्टेज समस्या से जुझ रहे हैं कम क्षमता वाला ट्रांसफार्मर होने से लो वोल्टेज की समस्या के अलावा बार बार बिजली की आंख मिचौनी तथा पुराना व जर्जर तार होने से पिघल कर गिरना उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या बन गई है। इस समस्या के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारी को लिखित आवेदन के साथ साथ मौखिक रूप से समस्या से रूबरू कराया गया परन्तु समस्या से छुटकारा नहीं मिला। सूचना पर विद्युत कार्यपालक अभियंता सन्तोष कुमार व सहायक विद्युत अभियंता मनोज कुमार धरना स्थल पहुंच समस्या से अवगत हुए और बताया कि मंगलवार से वार्ड मे नया तार व दो सप्ताह के अंदर मे उच्च क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने के आश्वासन पर लोग शांत हुए। आश्वासन के बाद पार्षदों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त कर दिया।

## निमार्णाधीन मकान से युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के राजपूत नगर में एक निमार्णाधीन मकान से युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। शव की हालत देखकर आशंका जताई जा रही है कि वह करीब तीन दिन पुराना है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा खुद मौके पर पहुंचे.राजपूत नगर स्थित एक निमार्णाधीन मकान उस समय पुलिस छावनी में तब्दील हो गया, जब वहां एक युवक का शव बरामद हुआ। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी.घटना की सूचना मिलते ही वैशाली के पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली और साक्ष्य जुटाने का निर्देश दिया। मौके पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई ताकि घटना से जुड़े अहम सुराग मिल सकें।मृतक की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र निवासी पंकज कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में शव करीब तीन दिन पुराना बताया जा रहा है।

## शिक्षा मंत्री से मिले शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर

**शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर हुई चर्चा**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड) एवं एनडीए के प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर ने सोमवार को बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात कर शिक्षक समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण एवं ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विधायक केदार नाथ सिंह तथा बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव विनय मोहन भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक हितों की रक्षा तथा बिहार की शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं शिक्षक हितैषी बनाने के संबंध में अपने सुझाव शिक्षा मंत्री के समक्ष रखे। ई. आनंद पुष्कर ने शिक्षक स्थानांतरण नियमावली-2026 के क्रियान्वयन के लिए जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में आवश्यक संशोधन संबंधी विस्तृत ज्ञापन शिक्षा मंत्री को सौंपा। ज्ञापन में प्रोबेशन अवधि की बाध्यता समाप्त करने, सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतरण में सहमति का प्रावधान लागू करने, सेवानिवृत्ति के निकट शिक्षकों को स्वैच्छिक स्थानांतरण की सुविधा देने, मॉडल विद्यालयों के शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ प्रदान करने, एनसीसी एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) को उनके मूल विद्यालयों में पुनः पदस्थापित करने तथा स्थानीय निकाय के विशिष्ट शिक्षकों एवं विद्यालय अध्यापकों को पूर्व की भांति मेडिकल लीव की सुविधा बहाल करने की मांग की गई। इसके अलावा विद्यालयों में कार्यरत पुस्तकालयाध्यक्षों (लाइब्रेरियन) को भी शिक्षक स्थानांतरण नियमावली-2026 एवं संबंधित एसओपी के दायरे में शामिल कर स्थानांतरण का लाभ देने की मांग उठाई गई, ताकि उन्हें भी समान अवसर और न्यायसंगत व्यवस्था मिल सके। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इनमें सभी पात्र शिक्षकों को समयबद्ध पदोन्नति, विद्यालयों में शनिवार को हाफ डे लागू करना, वित्तरहित शिक्षकों के लिए सम्मानजनक वेतनमान एवं नियमित वेतन व्यवस्था सुनिश्चित करना, संस्कृत एवं मदरसा शिक्षकों के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान तथा उनके शैक्षणिक संस्थानों के समग्र विकास के लिए आवश्यक कदम उठाना, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, सेवा निरंतरता, सम्मान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना और विभागीय स्तर पर नियमसम्मत एवं न्यायोचित कार्रवाई का सकारात्मक आश्वासन दिया। बैठक के उपरांत ई. आनंद पुष्कर ने कहा कि शिक्षक समाज के सम्मान, अधिकार और न्यायपूर्ण व्यवस्था के लिए उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार शिक्षकों की जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएगी।



# जेवर व्यवसायियों की समस्या से गृह मंत्री हुए अवगत

**लोजपा आर प्रमुख चिराग पासवान ने अमित शाह को लिखा पत्र □ कैट अध्यक्ष अशोक वर्मा ने किया लोजपा नेताओं को सम्मानित**

नबिटा संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। विभिन्न कानूनी पेचीदगियों के कारण पुलिस से परेशान आभूषण व्यवसाईयों की समस्याओं से गृह मंत्री अमित शाह को अवगत कराया गया है। उन्हें इस संदर्भ में लोजपा रामविलास के सुप्रीमो चिराग पासवान ने पत्र लिखा है। इस कार्य के लिए पार्टी के नेताओं को कैट के बिहार अध्यक्ष अशोक वर्मा ने सम्मानित किया और इस कार्य के प्रति प्रदेश के आभूषण व्यवसाययों की तरफ से आभार व्यक्त किया। ओबरा विधायक व लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.प्रकाशचंद्र के पटना स्थित जनता आवास पर कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स से जुड़े ज्वेलरी व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक आयोजन कर उनको सम्मानित किया गया। व्यवसायियों ने कहा कि ज्वेलरी व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से समझते हहुए चिराग पासवान ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान हेतु महत्वपूर्ण पहल की है। यह कदम व्यापारी समाज के हितों की रक्षा और उनके विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में अत्यंत सराहनीय है।

व्यापारी समाज ने इस संवेदनशील पहल का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि चिराग पासवान के




नेतृत्व में उनकी समस्याओं का न्यायपूर्ण, व्यावहारिक एवं स्थायी समाधान अवश्य सुनिश्चित होगा। डॉ. प्रकाशचंद्र ने कहा कि व्यापारी केवल अर्थव्यवस्था की रीढ़ नहीं, बल्कि समाज की प्रगति और रोजगार सृजन के महत्वपूर्ण आधार हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

व्यापार, उद्योग और रोजगार को सशक्त बनाने तथा व्यापारी समाज के विश्वास को और अधिक मजबूत करने का यह संकल्प आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। कैट अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि आभूषण व्यवसायियों की समस्या को लेकर पहली बार किसी बड़े नेता ने गृहमंत्री तक बात पहुंचाया है। इससे उम्मीद जगी है कि भविष्य में व्यवसायियों के हित को देखते हुए गृह मंत्रालय ठोस निर्णय ले सकता है। जिससे व्यवसायियों को काफी सहूलियतें मिल सकती है।

# घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास, मारपीट और आभूषण छीनने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव की रहने वाली 29 वर्षीय चांदनी खातून ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास, मारपीट और आभूषण छीनने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने बताया कि 24 जुलाई 2026 की रात करीब 11:45 बजे बिजली कटने के बाद उन्होंने खिड़की से देखा कि एक व्यक्ति उनके घर में प्रवेश कर रहा है। चीखने चिलाने पर बिस्तर पर कूद गया और जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की, गला दबाने का प्रयास किया तथा उनके गले से सोने का लॉकेट और दाहिने कान की सोने की बाली खींच ली। इसके बाद आरोपी उनका मोबाइल घर से बाहर फेंककर दरवाजा खोलकर फरार हो गया।आवेदन में पीड़िता ने आरोपी की पहचान अमरपुरा बीघा निवासी रामकृत यादव के रूप में की है। उनका कहना है कि आरोपी तीन दिन पहले उनके घर पर राजमिस्त्री का कार्य कर चुका था, इसलिए वह उसे पहचानती हैं। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। भागने के दौरान आरोपी की चप्पल घटनास्थल पर छूट गई थी। पुलिस और ग्रामीणों के साथ आरोपी के घर जाने पर वह नहीं मिला। अगले दिन आरोपी का पुत्र पीड़िता के घर पहुंचा और चप्पल को अपने पिता की बताते हुए उन्हें माफ करने का अनुरोध किया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिगों के हाथों में ऑटो-ट्रैक्टर की कमान

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नाबालिग खुलेआम ऑटो एवं ट्रैक्टर चलाते नजर आ रहे हैं। बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव के सड़क पर वाहन चलाने से दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार पुलिस की मौजूदगी में भी नाबालिग वाहन चलाते दिखाई देते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। इससे अभिभावकों और आम लोगों में चिंता बढ़ गई है।

सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन है और इससे उनकी तथा अन्य राहगीरों की जान खतरे में पड़ सकती है। लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने तथा वाहन मालिकों और अभिभावकों पर भी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पूर्व सैनिकों ने दी कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि



नबिटा संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। पूर्व सैनिक संघ की अनुमंडल स्तरीय बैठक प्रखंड कार्यालय सभागार में अनुमंडल अध्यक्ष जनेश्वर सिंह की अध्यक्षता में की गई। दो मिनट का मौन रख कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। संगठन की एकजुटता पर बल दिया गया। अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पर चर्चा की गई। कहा गया कि शहीद प्रमोद सिंह चौक पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई और उसके समाधान के उपाय पर विचार किया गया। अनुमंडल अध्यक्ष ने कहा कि संघ के लिए जमीन आवंटित कराने हेतु नए सीओ से मिलने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई है।

पूर्व सैनिकों के जमीन विवाद को सुलझाने के लिए भी सीओ से मिलकर पहल की जाएगी। किन्हीं को दाखिल -खारिज की समस्या है तो किन्हीं को जमीन संबंधित अन्य समस्याएं हैं। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष पप्पू कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार ,सचिव अरुण कुमार पांडेय, राजाराम सिंह ,कमलेश कुमार,मिथिलेश सिंह, दीपक कुमार, सुरेश तिवारी, कौशलेंद्र कुमार, बेसलाल सिंह,रामचंद्र सिंह,रवि कुमार, सिद्धेश्वर सिंह ,सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के बाद दो पक्षों में मारपीट, आठ लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के ग्राम अस्थावां स्थित टोला बस्तीपर (देवी स्थान) के पास कलश यात्रा समाप्त होने के बाद दो टोले के लोगों के बीच विवाद हो गया। कलश यात्रा को दूसरे टोले में नहीं ले जाने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों के कुल आठ लोग घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही अस्थावां थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्थावां पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सभी को सदर अस्पताल, बिहारशरीफ रेफर कर दिया गया।पुलिस ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से आवेदन मांगा गया है, लेकिन दोनों पक्षों के लोगों ने इलाज के बाद थाना पहुंचकर आवेदन देने की बात कही है। एहतियात के तौर पर घटनास्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती कर दी गई है।

# बांकीपुर विधानसभा में चंद्रवंशी समाज ने एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन का लिया संकल्प : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मीठापुर जैन धर्मशाला में चंद्रवंशी समाज की एक विशाल बैठक आयोजित की गई, जिसमें हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, बिहार सरकार के माननीय मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, राज्यसभा सांसद भीम सिंह चंद्रवंशी, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, नोखा के विधायक नागेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, पटना की उपमहापौर रश्मि चंद्रवंशी, प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी तथा रणविजय रोशन चंद्रवंशी,शिवपूजन चंद्रवंशी, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सभा में उपस्थित लोगों ने एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के बांकीपुर विधानसभा प्रत्याशी नीरज




कुमार सिन्हा को कमल के निशान पर मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार,सहित मंचासीन सभी नेताओं ने कहा कि चंद्रवंशी समाज सहित समस्त अति पिछड़ा वर्ग सदैव राष्ट्रहित, विकास और सुशासन की राजनीति का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए के सभी घटक दलों ने अति पिछड़ा वर्ग को सम्मान, भागीदारी और प्रतिनिधित्व देने का निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तथा बिहार में मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने अति पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की हैं, जिनका लाभ समाज के लाखों परिवारों तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए कार्यों से अति पिछड़ा समाज को व्यापक लाभ मिला है।

डॉ. प्रेम कुमार ने उपस्थित जनसमूह से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अधिकाधिक मतदान करने तथा विकास, सुशासन और जनकल्याण की निरंतरता बनाए रखने हेतु एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को विजयी बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित हजारों लोगों ने एक स्वर में एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को कमल के निशान पर मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प दोहराया।

# विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक संघ करेगा पदयात्रा

**शिक्षा में सुधार, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे पर होगी भूख हड़ताल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट जिला शाखा औरंगाबाद के सचिव मंडल की बैठक की गई। संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. मधेश्वर सिंह ने अध्यक्षता की। बैठक में संघ के राज्य महासचिव नागेंद्र सिंह के अलावा नवल किशोर सिंह, बुधन सिंह, रशीद अंसारी,रवींद्रनाथ किशोर,मनोज कुमार सिंह, अनिल कुमार,अवधेश सिंह रंजीत कुमार रतना, परवेज आलम,श्याम दास राम , संतोष कुमार, विजेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, उमा कुमार आदि शामिल हुए। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आगामी चार अगस्त को संगठन के द्वारा एकौनी हाई स्कूल दाउदनगर में शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद पांच किलोमीटर की पदयात्रा, शिक्षा का भगवाकरण एवं संप्रदायीकरण, भूमिहीन विद्यालय



के नाम पर विद्यालय को बंद करने, मध्य विद्यालय की अवधारणा को समाप्त कर हाई स्कूल में जोड़ देना, मॉडल विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक तथा संसाधन उपलब्ध कराने आदि को लेकर निकाली जाएगी।

संघ के सदस्यता अभियान एक अगस्त से शुरू की जाएगी। हर प्रखंड में प्रखंड कमेटी तथा जिला कमेटी को सशक्त किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसे परिभ्रमण की राशि शिक्षकों को नहीं देने, लिपिक के द्वारा मनमानी करने जैसी समस्याओं को लेकर 25 सितंबर को सामूहिक भूख हड़ताल किया जाएगा।

# श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई/झाझा** ।श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने 12 जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की है। इनमें झाझा होकर गुजरने वाली दो प्रमुख स्पेशल ट्रेनें भी शामिल हैं, जिससे झाझा और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा।रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 05597/ 05598 जयनगर-आसनसोल- जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन 31 जुलाई से 31 अगस्त तक सप्ताह में तीन दिन किया जाएगा। यह ट्रेन मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, किउल, झाझा और जसीडीह होकर चलेगी। 05597 जयनगर से मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को रात 9 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 7:42 बजे जसीडीह होते हुए 11:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। वहीं वापसी में 05598 आसनसोल से बुधवार, शनिवार और सोमवार को दोपहर 1 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 6 बजे जयनगर पहुंचेगी।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03001/03002 हावड़ा-नटेसर-हावड़ा श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन 5 जुलाई से 30 सितंबर तक सप्ताह में तीन दिन किया जा रहा है। यह ट्रेन हावड़ा, आसनसोल, जसीडीह, झाझा, किउल, शेखपुरा, बिहारशरीफ, राजगीर होते हुए नटेसर तक जाएगी। इससे देवघर और नालंदा क्षेत्र जाने वाले श्रद्धालुओं को भी बेहतर रेल सुविधा मिलेगी।हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन विशेष ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा तथा नियमित ट्रेनों पर भीड़ का दबाव कम होगा। रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट संकल्पित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव।** राम लक्ष्मण जानकी गायत्री मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा व्यास पूजन समारोह के तैयारी हेतू ट्रस्ट अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी अखिल विश्व गायत्री परिवार की गई। सर्वसम्मति से 6:30 बजे से 7:30 बजे तक सामुहिक मानसिक जाप ध्यान सुबह एवं 8 बजे से व्यास पूजन गायत्री हवन यज्ञ संस्कार करने कार्यक्रम का प्रस्ताव पारित किया गया। 11:30 बजे से यज्ञ संस्कार के बाद महाप्रसाद का आयोजन रखने का निर्णय लिया गया है। शाम 5 बजे से दीप यज्ञ और गुरु पूर्णिमा के महिमा महत्व पर प्रकाश डालाने का उदबोधन होगा। आगामी 29 जुलाई को गुरू पूर्णिमा समारोह मनाया जाएगा। आज रविवार को प्रत्येक रविवार के भांति राम लक्षुमण जानकी गायत्री मंदिर में नव बजे से दस बजे तक सामूहिक मानसिक जाप ध्यान गायत्री हवन यज्ञ कार्यक्रम जारी रहा। इस में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ट्रस्ट सचिव ललित शर्मा गायत्री महिला मंडल अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, ट्रस्टी रामसेवक जयसवाल, अमरेन्द्र चौरसिया, बलिंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष अपिश्वर सिंह, गायत्री परिवार बसंत प्रसाद गुप्ता, राखी कुमारी, शांति देवी, अनीता देवी, गीता देवी, मंजू पाठक, वरिष्ठ कार्यकर्ता विक्की कुमार, शांति देवी, राजो कुंवर, पुष्पा देवी, सुनीता देवी, रुबी देवी, गीता देवी, गुड़िया देवी, लिया देवी, लक्ष्मी देवी, गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम को सफल बनाने में संकल्पित है।

# शिक्षिका के निधन पर शोक सभा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर गयाजी रोड स्थित डिवाइन स्ट्रीम मिशन स्कूल में सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। बताया गया कि कंप्यूटर शिक्षिका के रूप में यहां कार्य करने वाली नेहा कुमारी का विगत शनिवार को निधन हो गया था। विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी आत्मा की शांति के लिए विद्यालय परिवार द्वारा शोक सभा किया गया। विद्यालय के निर्देशक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय के लिए यह अपूरणीय क्षति है। वे बहुत ही अच्छी शिक्षिका थी। इस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव ने बताया कि वह बहुत ही अच्छी, सुशील, शांत प्रवृत्ति की शिक्षिका थी। यह भी बताया कि वह हमेशा अपने काम से मतलब रखती थी। इस शोक सभा में सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद रहे। विद्यालय के पठन -पाठन को आधे दिन तक ही संचालित किया गया। इसके बाद सबको छुट्टी दे दी गयी।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमुई। बिहार सरकार की महत्वकांक्षी योजना सात निश्चय 3 के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के सफल क्रियान्वयन एवं आम जनों को सुलभ प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त द्वारा की गई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका उप विकास आयुक्त द्वारा अत्यंत धैर्य, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ अनुश्रवण किया गया।आयोजित जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रशासनिक, राजस्व एवं विकास संबंधी विभागों से जुड़े कुल 19 मामले दर्ज किए गए। आवेदनों की गहन समीक्षा के क्रम में भूमि विवाद



एवं राजस्व से जुड़े मामलों की बहुलता देखी गई, जिनमें जमीन की नापी, अवैध कब्जे और आपसी सीमांकन की जटिल समस्याएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक एवं अन्य आपदाओं से प्रभावित नागरिकों द्वारा आपदा राहत कोष तथा अनुग्रह अनुदान की बकाया राशि के अविलंब भुगतान की मांग की गई। सेवा विषयक मामलों के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों में जारी नियुक्ति प्रक्रियाओं तथा समेकित बाल विकास सेवाएं के तहत आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका चयन प्रक्रिया में आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी अड़चनों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई गईं। साथ ही, विगत पंचायत चुनाव के दौरान प्रशासनिक एवं चुनावी दायित्वों का निष्ठापूर्वक संपादन करने वाले कर्मियों द्वारा अब तक लंबित पड़े मानदेय एवं पारिश्रमिक के शत-प्रतिशत भुगतान का विषय भी प्रमुखता से उठाया गया।जनता दरबार में प्राप्त मामलों की गंभीरता और संवेदनशीलता के आधार पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित अंचलाधिकारियों, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं अन्य विभागीय जिला स्तरीय अधिकारियों को दूरभाष एवं पत्राचार के माध्यम से तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि जनता दरबार में प्राप्त सभी 19 मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे की गई कार्रवाई का स्पष्ट एवं विस्तृत प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को ससमय समर्पित करना सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।

## अपहरण मामले में नाबालिग बाल सुधार गृह भेजा गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड क्षेत्र के कजपा गांव निवासी 16 वर्षीय अंशु कुमार, पिता सुजीत कुमार, को अपहरण मामले में किशोर न्याय बोर्ड के आदेश पर बाल सुधार गृह, गया भेज दिया गया। लड़की के पिता ने 20 जुलाई को अपनी पुत्री के अपहरण का मामला रफीगंज थाना में दर्ज कराया था।

इसके बाद प्रेमी युगल स्वयं रफीगंज थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए नाबालिग अंशु कुमार को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह, गया भेजने का आदेश दिया गया। वहीं, युवती का बयान दर्ज कराने और आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## संज्ञा समिति के सदस्य के निधन पर शोक सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** रफीगंज शहर के पाठक टोला निवासी संज्ञा समिति के सदस्य स्व कमलेश मिश्र के 45 वर्षीय पुत्र बबलु मिश्र का निधन 21 जूलाई को अपने घर के छत पर गिरने से हो गया। उनके निधन पर संज्ञा समिति के बैनर तले शोक सभा आयोजित की गयी।

उपस्थित लोगो ने आत्मा शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करते हुये दो मिनट का मौन रखा।

इस अवसर पर राजकिशोर पाठक, उमापत मिश्र, मिथलेश मिश्र, बलिराम मिश्र,रंजीत मिश्र, सुनील मिश्र,पिन्टू कुमार, आशुतोष मिश्र, आलोक मिश्र, कृष्णा पाठक, कौशलेंद्र मिश्र,महेंद्र मिश्र, प्रकाश पाठक,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने बखोरापुर सिद्धपीठ में माता रानी का किया दर्शन

## बिहार की समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा/बड़हरा (भोजपुर)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बखोरापुर मंदिर में आकर माता रानी का दर्शन किए। उन्होंने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर पूरे बिहार की समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि माता रानी का दरबार सिद्ध पीठ दरबार है। यहां जो भी आता है खाली हाथ नहीं जाता। माता रानी की कृपा पूरे बिहार वासियों पर बनी रहे। साथ में संदेश विधायक राधा चरण सेठ बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह तथा जगदीशपुर विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री श्री भगवान कुशवाहा सहित काफी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। सभी आए आगंतु अतिथियों को मंदिर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल तथा मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने माता का चुनरी देकर सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह कर रहे थे। साथ में रविशंकर सिंह लक्ष्मण तिवारी सहित काफी संख्या में लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए थे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह ने कहा कि माता रानी की प्रसिद्ध दूर-दूर तक फैल चुका है। सभी जगह से लोग माता रानी का दर्शन करने आते हैं. यह हम लोगों के लिए गर्व की बात है। मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने कहा कि हम सब आजीवन माता रानी का सेवा करते रहेंगे तथा पूरे विश्व में इसका प्रचार प्रसार होता रहेगा। सभी आने वाले अतिथियों का यहां पर हमेशा स्वागत रहेगा। माता रानी की कृपा सभी लोगों पर बनी रहे। इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी एक दिन पहले से ही लगे हुए थे। काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। काफिले में काफी संख्या में गाड़ियां थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने विधिपूर्वक माता रानी का पूजन किया तथा आशीर्वाद लिया। उनके मंदिर प्रांगण में आते ही जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।



## महर्षि चिदात्मन जी महाराज का मना अवतरण दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरौनी।** हरिशयन एकादशी शनिवार को पंच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पहले दिवस सिद्धाश्रम सिमरिया धाम के प्रांगण में संस्थापक पूज्य महर्षि चिदात्मन जी महाराज का प्राकट्योत्सव सर्वमंगला केंद्रीय समिति एवं श्रद्धालुओं के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सबसे पहले पूज्य स्वामी माता दुर्गा की अराधना की। उसके बाद मंचासीन हुए। जिसमें सभी भक्तों के द्वारा उनके नाम से एक-एक दीप जलाया गया। पुनः सर्वमंगला केंद्रीय समिति के सदस्यों के द्वारा मिथिला का पारंपरिक पाग अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ, बुके, डायरी, कलम और शिव महापुराण, नैवेद्य सप्रेम अर्पित किया गया। वहीं, बड़े ही भाव से सभी भक्तों के द्वारा सामूहिक गुरु वंदना गुरुदेव दया करके मुझको अपना लेना मैं शरण परा तेरी चरणों में जगह देना, गुरुदेव दया भजन गाकर अपने गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात गुरुदेव ने सभी भक्तों को अपने कर कमल से प्रसाद वितरण किया। वहीं श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया और आशीर्वाद दिये। इस अवसर पर व्यवस्थापक रविंद्र ब्रह्मचारी, महासचिव राज किशोर प्रसाद सिंह, सचिव दिनेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष नवीन प्रसाद सिंह, लोकसभा टीवी के श्याम किशोर सहाय, मीडिया प्रभारी नीलमणि रंजन, प्रो प्रेम विनय झा, नीपेंद्र सिंह, तरुण सिंह, सुदर्शन सिंह, बबलू सिंह, उषा रानी, पप्पू कुमार, पप्पू त्यागी, संतोष कुमार, राजीव कुमार, मुरारी, मनु, राधा रमन चौधरी, राधेश्याम चौधरी, अरविंद चौधरी, राजेश झा, दिनेश झा, पंडित नारायण झा, रमेश झा, देवेश झा, श्याम झा, राम झा, लक्ष्मण झा, मधुसूदन मिश्र, हरिनाथ मिश्र आदि उपस्थित थे।

## मंडे मेगा क्विज का आयोजन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी प्रारंभिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मंडे मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान बेगूसराय के निर्देश पर हुए इस क्विज में कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।क्विज के लिए सभी कक्षाओं को 40 मिनट का समय दिया गया था। प्रश्न पत्र कक्षा के स्तर के अनुसार तैयार किए गए थे। इसमें हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान और समसामयिक विषयों से प्रश्न पूछे गए। उद्देश्य छात्रों में तार्किक सोच, सामान्य जानकारी और पढ़ाई के प्रति रुचि जगाना था।आयोजकों ने बताया कि इस क्विज का मुख्य मकसद छात्रों का सर्वांगीण विकास करना, उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना और विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना है।

## चर्चित हत्याकांड की डीआइजी ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बीहट।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस उपमहानिरीक्षक (कमजोर वर्ग) आमिर जावेद ने रविवार को बरौनी थाना पहुंचकर 2022 के चर्चित हत्या कांड की समीक्षा की। उन्होंने बरौनी थाना कांड संख्या 31/22 सहित एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों की जांच की प्रगति का गहन परीक्षण किया। समीक्षा बैठक में सदर डीएसपी-2 कुमारी दुर्गा शक्ति, डीएसपी क्राइम केबी सिंह, डीएसपी कमजोर वर्ग, बरौनी थाना अध्यक्ष विकास कुमार रंजन तथा अन्य पुलिस अधिकारियों ने मामले से संबंधित जानकारी दी। इसके बाद डीआइजी ने मिर्ज़ापुर चांद गांव पहुंचकर मृतक सुमंत कुमार पासवान की मां माला देवी और पिता गणेश पासवान से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, मृतक की मां ने गांव के सात लोगों के विरुद्ध हत्या का नामजद मामला दर्ज कराया था। प्रारंभिक स्तर पर मामले को आत्महत्या बताने का प्रयास हुआ था, लेकिन अनुसंधान के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और प्रतिवेदनों के आधार पर हत्या की पुष्टि हुई। बाद में चार नामजद आरोपितों के विरुद्ध 30 अप्रैल 2023 को न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है और अगली सुनवाई अगले महीने निर्धारित है। उन्होंने बताया कि समीक्षा के दौरान डीआईजी द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जवाब उन्होंने दिया। हालांकि, घटना के दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार में नाराजगी है। डीआइजी ने मामले की जांच और लंबित कार्रवाई की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं।

बिहार सरकार

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद औरंगाबाद का कार्यालय
निविदा आमंत्रण की सूचना
(ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

पुर्ननिविदा संख्या– NIT No. 06/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक–20.07.2026
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–30.07.2026 से दिनांक–11.08.2026 के 3:00 बजे अप0 (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– 31.07.2026 को समय 3:00 बजे अप0 (स्थान–कार्यालय नगर परिषद, औरंगाबाद)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक–11.08.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–13.08.2026 समय 3:30 बजे अपराह्न
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु॰ में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website: www.Eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य(अप्रतिदेय) (online के माध्यम से) Website: www.Eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | धर्मशाला मोड़ मार्केट उपरी तल पर दुकान का निर्माण कार्य। | 28,55,700 | 57200.00 | 5000 | As Per EPROC2 | 3 माह |

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

8. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।
10. सक्षम प्राधिकार को बिना कोई कारण बताये निविदा के सभी/किन्हीं कार्यों को या किसी कार्य के किन्हीं अंश/अंशो को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् औरंगाबाद

PR. No. 008615 (B&C) 2026-27

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

## चलती ई-रिक्शा में प्रसूता ने दिया बच्चे को जन्म

### मां–नवजात दोनों हैं स्वस्थ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भगवानपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के बनवारीपुर से प्रसव के लिए जा रही एक प्रसूता ने सोमवार को बीच रास्ते में चलती ई-रिक्शा में ही शिशु को जन्म दे दिया। ई-रिक्शा चालक मोहम्मद कमाल हसन की तत्परता से प्रसूता और नवजात दोनों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर बचा लिया गया। सोमवार सुबह लगभग 6:15 बजे बनवारीपुर वार्ड-11 लड़वाडा गांव निवासी फरजाना खातून, पति- मोहम्मद नौशाद प्रसव के लिए अपने मायके प्रखंड क्षेत्र के बनवारीपुर वार्ड संख्या 11 से भगवानपुर पीएचसी जा रही थीं। उनके साथ तीन महिलाएं परिजन और आशा कार्यकर्ता मुन्नी देवी भी ई-रिक्शा पर सवार थीं। ई-रिक्शा बनवारीपुर-भगवानपुर मार्ग पर जा रहा था। चालक मोहम्मद कमाल हसन फरजाना खातून के भौजाई शबनम खातुन व फिरोजा खातुन के अनुसार, मध्य विद्यालय मेंहदौली से 100 गज दक्षिण मालती-पीपरा पथ पर फरजाना को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। वहां सड़क पर एक ट्रक भी लगी हुई थी। परिजनों के अनुरोध पर ई-रिक्शा तुरंत सड़क किनारे रोक दिया गया। लगभग पांच मिनट के भीतर ही प्रसूता ने ई-रिक्शा में ही एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। इसके बाद बिना एक पल गंवाए परिजनों ने भगवानपुर अस्पताल चलने का आग्रह किया। चालक ने फुर्ती दिखाते हुए करीब छह मिनट में प्रसूता और नवजात को भगवानपुर पीएचसी पहुंचा दिया। शबनम खातुन ने बताया कि अस्पताल में उपस्थित महिला डॉक्टरों ने मां और बच्चे दोनों की समुचित जांच और देखभाल कर दवा देकर उन्हें सुरक्षित घर भेज दिया।

## शिक्षा में आदर्श स्थापित करने वाले डॉ मंगलदेव को दी गई श्रद्धांजलि

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ब्रजेश कुमार फाउण्डेशन ने रविवार को गंगा ग्लोबल ज्ञान परिसर स्थित दिनकर सभागार में शोक सभा आयोजित कर अपने प्रथम अध्यक्ष डॉ मंगलदेव पाण्डेय को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में गंगा ग्लोबल बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ नीरज कुमार, एमबीए कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुधा झा, गंगा ग्लोबल स्कूल रमजानपुर के प्राचार्य अनिल कुमार, गंगा ग्लोबल स्कूल बलिया की प्राचार्या प्रियंका शर्मा सहित ट्रस्ट के सदस्य व बिहार विधानपरिषद सदस्य सर्वेश कुमार, परिसर के समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षकों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर संस्मरण साझा किए। ज्ञातव्य है कि डॉ मंगलदेव पाण्डेय नेतरहाट विद्यालय के पूर्व प्राचार्य थे। सेवानिवृत्ति के बाद उनका सानिध्य गंगा ग्लोबल परिवार को मिला, जहाँ वे अध्यक्ष के रूप में प्रबंधन के अभिभावक और प्रेरणास्रोत बने। विधानपरिषद सदस्य सर्वेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2011 से शिक्षा का अलख जगाने के प्रयास में डॉ पाण्डेय का मार्गदर्शन मिला। गंगा ग्लोबल स्कूल रमजानपुर की स्थापना के समय उन्होंने प्रस्ताव रखा था कि ''विद्यालय में एनसीईआरटी की पुस्तक पढ़ाई जाएगी।

## संगीत गुरु वेद प्रकाश 'सागर' को मिला 'एशिया पैसेफिक अवॉर्ड'

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के संगीत कला गुरु डॉ. वेद प्रकाश 'सागर' को वर्ष 2026 के ''एशियन पैसेफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड'' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगीत व कला के क्षेत्र में लगातार तीन दशकों से विशिष्ट योगदान देने एवं कला के माध्यम से शाहाबाद क्षेत्र के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के सकारात्मक प्रयास के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह राजधानी पटना के होटल पनास के सभागार में आरएफएम प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले ''एक शाम बिहार के नाम'' कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध वालीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रीति झिंगियानी, शाहबाज खान, अंजली राघव, मुस्ताक खान, ऋतु शिवपुरी सहित कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रही। डॉ. वेद प्रकाश 'सागर' ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे शाहाबाद के जनपद को मिला है। मै सिर्फ मध्यम बना हूँ। सम्मान मिलने के बाद शहर के विभिन्न वर्गों के कला प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में अजय श्रीवास्तव, मंगल ओझा, दीपक जैन, राज किशोर पाठक, अशोक मानव, राकेश सिंह, आकाश मिश्रा आदि शामिल हैं।

## सड़क हादसे में मासूम घायल

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एफसीआई थाना क्षेत्र के बीहट स्थित रतन चौक के समीप एक सड़क दुर्घटना में चार वर्षीय मासूम बच्ची घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, साकिन बीहट निवासी विकास कुमार झा की 4 वर्षीय अमृता कुमारी रतन चौक के पास भोज खाने जा रही थी, तभी वह हादसे का शिकार होकर घायल हो गई। थानाध्यक्ष की तत्परता आई कामघटना की सूचना मिलते ही एफसीआई थानाध्यक्ष सुबोध कुमार अपनी पुलिस बल की टीम के साथ बिना किसी देरी के त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुँचे।

Name Change

I hitherto known as Prabhat Kumar Mishra s/o Surandra Tiwari, vill- Siwan, Madhopur, Pokhra, Dist.- Siwan Bihar-841238 have changed my name and I shall hereafter be known as Sudhakar Tiwari Date- 18/07/2026

## भागलपुर में 'पिच डेक प्रिपरेशन' विषय पर कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** स्थानीय अभियंत्रण महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल की ओर से पिच डेक की तैयारी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, नवाचारकर्ताओं एवं भावी उद्यमियों को प्रभावी पिच डेक तैयार करने, स्टार्टअप इकोसिस्टम, सरकारी योजनाओं, डिजिटल भुगतान प्रणाली तथा इन्क्यूबेशन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित भागलपुर के उप विकास आयुक्त रवि राकेश ने अपने संबोधन में युवाओं से नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है, जिनका लाभ उठाकर युवा न केवल स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता भी बन सकते हैं। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक राकेश कुमार ने स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाओं, औद्योगिक विकास, वित्तीय सहायता एवं उद्यम स्थापना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता व पिच डेक विशेषज्ञ निक्की कुमार झा, ने प्रभावी पिच डेक तैयार करने की तकनीकों, व्यवसाय मॉडल, समस्या एवं समाधान की प्रस्तुति, वित्तीय योजना तथा निवेशकों को आकर्षित करने के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया। अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बिमलेश कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने संस्थान में स्टार्टअप संस्कृति को सशक्त बनाने तथा उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर बल दिया। स्टार्टअप सेल के फैकल्टी प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने सायूज प्लेटफार्म पर विशेष सत्र का संचालन करते हुए उद्योग-शिक्षा सहयोग, स्टार्टअप नेटवर्किंग, रोजगार के अवसर एवं प्रतिभा विकास में इसकी भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया। वहीं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की स्टार्टअप समन्वयक सुश्री मेघा कुमारी ने स्टार्टअप की अवधारणा, प्री-इन्क्यूबेशन, इन्क्यूबेशन, मेंटरशिप, सरकारी सहायता एवं व्यवसाय विकास की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जिला स्टार्टअप सेल के समन्वयक अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम का समग्र समन्वय करते हुए डिजिटल भुगतान समाधान, पेमेंट गेटवे, ऑनलाइन व्यवसाय संचालन एवं वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। प्रतिभागियों में भागलपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक भागलपुर, गवर्नमेंट आईटीआई भागलपुर तथा गवर्नमेंट विमेंस आईटीआई भागलपुर के विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल रहे। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के साथ संवाद कर पिच डेक निर्माण, इन्क्यूबेशन, डिजिटल फाइनेंस तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

## भागलपुर में 25 टीबी मरीजों के बीच प्रोटीन युक्त फूड पैकेट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले में संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने 25 टीबी मरीजों के बीच बेहतर स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्वस्थ होने के उद्देश्य से प्रोटीन युक्त आहार (फूड पैकेट) वितरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी एक गंभीर, किंतु पूर्णतः उपचार योग्य एवं ठीक होने वाली बीमारी है। समय पर जांच, नियमित रूप से दवाओं का सेवन तथा पौष्टिक एवं संतुलित आहार के माध्यम से टीबी पर प्रभावी रूप से विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने मरीजों से अपील की कि वे चिकित्सकों के परामर्शानुसार नियमित रूप से दवाओं का सेवन करें तथा उपचार को बीच में न छोड़ें। श्रीमति पांडेय ने मरीजों से यह भी आग्रह किया कि यदि परिवार के किसी सदस्य में टीबी के लक्षण दिखाई दें तो उसकी समय पर जांच कराएं। साथ ही, टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले परिवारजनों को चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार टीबी से बचाव हेतु निवारक दवा (टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट) का भी सेवन कराएं, जिससे संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनसहभागिता, जागरूकता, समय पर पहचान, नियमित उपचार एवं पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक हैं। समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जा सकता है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक प्रसाद, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. दीनानाथ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मणि भूषण झा, जिला योजना समन्वयक जितेंद्र प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना
पशुओं की बेहतर सेहत—पशुपालकों की खुशहाली

बिहार के समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना की आधुनिक प्रयोगशालाओं में आपके पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच हेतु निम्नलिखित सुविधाएँ नियमित रूप से नि:शुल्क उपलब्ध हैं–

उपलब्ध नि:शुल्क जाँच सुविधाएँ:

| जाँच का प्रकार | प्रमुख परीक्षण |
|---|---|
| खून की जाँच | ब्लड प्रोटोजोआ, T.C., D.C., ESR, हीमोग्लोबिन |
| संक्रामक रोग | जोन्स डिजीज, T.B., ब्रुसेलोसिस, ग्लैंडर्स टेस्ट |
| दूध एवं मूत्र | मिल्क कल्चर सेंसिटिविटी, यूरिन रूटीन एवं यूरिन कल्चर |
| पोल्ट्री (मुर्गी पालन) | P.M., पैरासिटोलॉजिकल, पैथोलॉजिकल बैक्टीरियोलॉजिकल एवं जल जाँच |
| अन्य महत्वपूर्ण जाँच | गोबर (Fecal) जाँच, स्किन स्क्रेपिंग, लिम्फ नोड बायोप्सी<br>पशु आहार टेस्ट (सशुल्क) |

अपने बीमार पशुओं के सटीक उपचार और बेहतर उत्पादन के लिए आज ही संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाएं। नि:शुल्क जाँच हेतु सैंपल के साथ पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना से संपर्क करें।




स्थान: पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के समीप, पटना।

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

PR No.- 008819 (Animal)D. 2026-27

# प्रमण्डलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता का दौरा, समाहरणालय में दिया गार्ड ऑफ ऑनर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग के प्रमण्डलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता सोमवार को गिरिडीह पहुंचे। उनके आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। गिरिडीह परिसदन में उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी तथा प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया इसके उपरांत प्रमण्डलीय आयुक्त समाहरणालय पहुंचे, जहां पुलिस जवानों द्वारा उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस दौरान समाहरणालय परिसर में गरिमामय माहौल देखने को मिला। जिला प्रशासन के वरिष्ठ




अधिकारियों की मौजूदगी में उन्हें सलामी दी गई तथा प्रशासनिक परंपरा के अनुरूप सम्मानित किया गया समाहरणालय में प्रमण्डलीय आयुक्त ने उपायुक्त एवं अन्य वरीय अधिकारियों से जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया। साथ ही प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और आम जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई इस अवसर पर उपायुक्त



रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, अपर समाहर्ता श्री वैभव कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी सहित जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमण्डलीय आयुक्त के दौरे को लेकर समाहरणालय एवं परिसदन परिसर में सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। अधिकारियों ने उनके स्वागत एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां पहले से ही सुनिश्चित कर रखी थीं। प्रमण्डलीय आयुक्त का यह दौरा जिला प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा एवं विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को और गति मिलने की उम्मीद है।

# जल-जंगल-जमीन की लूट पर कांग्रेस का हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरजीत नागवाला ने हजारीबाग में जल, जंगल और जमीन की कथित लूट का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से सरकारी जमीन, नदी, पर अतिक्रमण हो रहा है, जिससे जल स्रोत समाप्त हो रहे हैं और बरसात के दौरान जलजमाव की समस्या बढ़ रही है। कांग्रेस ने सभी अंचलों में विशेष सर्वे कराकर अतिक्रमण चिन्हित करने और उसे हटाने की मांग की। सुरजीत




नाला और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों पर लगातार हो रहे अतिक्रमण से पर्यावरण और आमजन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। प्रशासन को इस पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान सुरजीत नागवाला ने हजारीबाग झील के सुंदरीकरण कार्य पर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि झील के सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृत 13 करोड़ 97 लाख रुपये की राशि के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने पूरे प्रकरण की तकनीकी और वित्तीय ऑडिट कराने, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में सरकारी जमीन, नदी, नाला और तालाबों पर बड़े पैमाने नागवाला ने खास महल की जमीनों की कथित अवैध खरीद-बिक्री और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कब्जे के मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने हजारीबाग आवास बोर्ड की जमीन और मकानों पर हो रहे कथित अवैध कब्जे का मुद्दा उठाते हुए भौतिक सत्यापन कर अतिक्रमण हटाने की मांग की। उनका कहना था कि अवैध कब्जों के कारण वास्तविक लाभुकों को आवास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्रेस वार्ता में उन्होंने यह भी कहा कि हजारीबाग नगर निगम के 140 थानों की रसीद आज तक नहीं काटी गई है, जिसकी भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### विभावि भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) विभाग में संगोष्ठी का आयोजन

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) विभाग द्वारा 27 जुलाई 2026 को आर्यभट्ट सेमिनार हॉल, सी.वी. रमन साइंस ब्लॉक-1 में पार्किन्सनिज्म एवं आधुनिक युग में फिजियोथेरेपी की भूमिकाह्व विषयों पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. उमेन्द्र सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) चन्द्र भूषण शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व, विभाग के प्रति निरंतर सहयोग एवं शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए आभार व्यक्त किया।



विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने विभाग को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान एवं व्यावसायिक दक्षता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन डॉ. अम्बिका गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रभात रंजन (पी.टी.), वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, न्यूरो रिहैबिलिटेशन विभाग, एम्स, नई दिल्ली ने ह्लपार्किन्सनिज्मह्व विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रारंभिक पहचान, वैज्ञानिक मूल्यांकन, संतुलन एवं चाल प्रशिक्षण तथा साक्ष्य-आधारित फिजियोथेरेपी की महत्ता पर प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता डॉ. अजीत कुमार (पी.टी.), वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, रजिस्ट्रार, झारखंड स्टेट काउंसिल ऑफ फिजियोथेरेपी एवं संयोजक, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स, झारखंड ने आधुनिक युग में फिजियोथेरेपी की भूमिका विषय पर संबोधित करते हुए फिजियोथेरेपी के बढ़ते दायरे, अनुसंधान आधारित उपचार एवं व्यावसायिक नैतिकता पर अपने विचार साझा किए। विशिष्ट वक्ता डॉ. आयुषी (पी.टी.), रांची ने ह्लथिंक बियॉन्ड द शोल्डरह्व विषय पर व्याख्यान देते हुए कंधे की समस्याओं के समग्र मूल्यांकन एवं आधुनिक पुनर्वास पद्धतियों की जानकारी दी। अंत में डॉ. राहुल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं, विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### लायंस क्लब से जुड़े मुखिया संघ अध्यक्ष शब्बीर आलम, जनसेवा कार्यों को मिली नई पहचान

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह प्रखंड के तेलोडीह पंचायत के मुखिया एवं गिरिडीह प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष शब्बीर आलम रविवार को लायंस एलिट इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322ए के रीजन-5 से औपचारिक रूप से जुड़ गए। गिरिडीह के सिरसिया स्थित सेलिब्रेशन मैरिज हॉल में आयोजित समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शुभ्रा मजूमदार ने उन्हें लायंस क्लब की सदस्यता दिलाई बताया गया कि पंचायत स्तर पर लगातार जनसेवा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों से प्रभावित होकर लायंस क्लब ने शब्बीर आलम को सदस्य बनने के लिए आमंत्रित किया था। उनके नेतृत्व में तेलोडीह पंचायत ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों जिले में प्रथम स्थान का पुरस्कार भी प्राप्त किया है कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों ने शब्बीर आलम का स्वागत करते हुए कहा कि समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तियों के जुड़ने से संगठन की सेवा गतिविधियों को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में रीजन-5 के 13 लायंस क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित 60 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने की, जबकि संचालन जीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन राहुल वर्मा ने किया शब्बीर आलम का लायंस क्लब से जुड़ना जिले में सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



### जिला पर्यावरण समिति की बैठक में सख्त निर्देश, प्रदूषण फैलाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वायु एवं जल प्रदूषण नियंत्रण, औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन तथा पूर्व में दिए गए निदेशों की समीक्षा की गई उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण जिले के सतत विकास की आधारशिला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी बैठक में अवैध बालू खनन, अवैध डंपिंग, स्टोन माइंस एवं स्टोन क्रशरों की नियमित जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। नगर एवं औद्योगिक क्षेत्रों में नालों की नियमित सफाई तथा दूषित जल का उपचार (ट्रीटमेंट) करने के बाद ही उसे नदी या अन्य जल स्रोतों में प्रवाहित करने पर जोर दिया गया उपायुक्त ने सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ईटीपी/एसटीपी के प्रभावी संचालन तथा औद्योगिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध डंपिंग नहीं होनी चाहिए और सभी उद्योग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही अपशिष्टों का निस्तारण करें बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण कराने, अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल एवं अन्य संस्थानों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा बिना कंसेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) के संचालित संस्थानों के खिलाफ क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट सहित अन्य प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।




# समाहरणालय सभागार में प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता सोमवार को गिरिडीह पहुंचे। उनके आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से गिरिडीह परिसदन में आत्मीय स्वागत किया गया। उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया इसके बाद प्रमंडलीय आयुक्त समाहरणालय पहुंचे, जहां पुलिस जवानों ने उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। गार्ड ऑफ ऑनर के



उपरांत उन्होंने समाहरणालय सभागार में जिले के सभी विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। बैठक में विधि-व्यवस्था, राजस्व, आधारभूत संरचना, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर उनके शीघ्र समाधान के निर्देश भी दिए गएप्रमंडलीय आयुक्त ने जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन, आम नागरिकों की शिकायतों का समय पर निपटारा तथा प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही और संवेदनशीलता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

# सारेगामा गीत प्रतियोगिता सीजन-14 का ऑडिशन 16 अगस्त को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** युवा और उभरते गायकों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कला संगम द्वारा सारेगामा गीत प्रतियोगिता सीजन-14 का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के सचिव सतीश कुन्दन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रतियोगिता का ऑडिशन 16 अगस्त को सुबह 10 बजे अधिवक्ता संघ भवन, गिरिडीह में आयोजित होगा उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। 10 वर्ष तक के प्रतिभागी सब-जूनियर, 11 से 20 वर्ष तक के प्रतिभागी जूनियर तथा 21 से 40 वर्ष तक के प्रतिभागी सीनियर वर्ग में शामिल होंगे। ऑडिशन के दौरान प्रतिभागियों को केवल एक मुखड़ा और एक अंतरा प्रस्तुत करना होगा।प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल एवं फाइनल 12 और 13 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। सब-जूनियर वर्ग के प्रतिभागी तीनों चरणों में अपनी पसंद का गीत प्रस्तुत करेंगे, जबकि जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों को फाइनल में क्लासिकल बेस तथा कॉर्ड राउंड के गीत भी प्रस्तुत करने होंगे। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों का चयन विजेता के रूप में किया जाएगा।

# रॉयल्टी नियमों के विरोध में संवेदकों की हुंकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** रॉयल्टी चालान व्यवस्था, लंबित भुगतान और निविदा नियमों में संशोधन की मांग को लेकर संवेदक संघ, हजारीबाग के बैनर तले सोमवार को नया समाहरणालय परिसर के मुख्य द्वार के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे संवेदकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से राज्य सरकार को मांगपत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की गई। धरना को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि अव्यावहारिक रॉयल्टी नियमों और विकास




योजनाओं के लंबित भुगतान से संवेदक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सरकार यदि समय रहते निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। संघ के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली बालू, मिट्टी, मोरम और ईंट जैसी सामग्रियों के लिए रॉयल्टी चालान की अनिवार्यता लागू कर दी गई है, जबकि वैध चालान की स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। ऐसे में संवेदकों के लिए निर्माण कार्य कराना मुश्किल हो गया है। उन्होंने मांग की कि पहले व्यवहारिक व्यवस्था बनाई जाए, उसके बाद ही नियम लागू किया जाए। संवेदक अजय सिंह ने कहा कि सरकार यदि रॉयल्टी नियमों में संशोधन नहीं करती और लंबित भुगतान जारी नहीं करती है तो संवेदक नई निविदाओं का बहिष्कार करेंगे। धरना-प्रदर्शन में संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता सहित संजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम कुमार देव, संजय यादव, विजय कुमार, राजेश कुमार, अशोक प्रसाद मेहता, चंद्रधारी प्रसाद मेहता, इंद्रजीत प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद मेहता, अमन कुमार मेहता, कुंदन प्रसाद मेहता, अभिषेक कुमार, दीनानाथ यादव, प्रवीन कुमार सिंह, विपुल नारायण, बादल कुमार, देवेंद्र कुमार पांडे, मिथिलेश कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, पंकज कुमार सिंह, नागेंद्र शुक्ला, बृजेश सिंह, मंटू कुमार सिंह, बीरबल, विपिन मेहता आदि थे।

# नीट में सफलता प्राप्त करने वाले संजीत कुमार व उनकी माता को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** रोटरी क्लब हजारीबाग जागृति की ओर से रविवार को नीट-2026 में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने वाले संजीत कुमार के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विनोबा भावे विश्वविद्यालय के भूगर्भ शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो.सुबोध कुमार सिंह के आवास पर आयोजित हुआ। समारोह में संजीत कुमार की इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संजीत कुमार को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए



स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी माता शीला देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसके माता-पिता का त्याग, मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में संजीत की सफलता उनकी माता के संघर्ष, समर्पण और संस्कारों का भी परिणाम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने से अन्य युवाओं को भी कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा मिलती है। क्लब आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ एच.एन. सिंह, भूगर्भ शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह तथा एम. साही उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संजीत कुमार की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने और समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया।

# मनीषा ने बढ़ाया जिले का मान, चेन्नई के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज में मिला दाखिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के लिए गर्व की बात है कि स्पेक्ट्रम करियर इंस्टीट्यूट की मेधावी छात्रा मनीषा कुमारी पंडित ने देश के प्रतिष्ठित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी (चेन्नई) में प्रवेश प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है मनीषा ने इससे पहले वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट विज्ञान बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए गिरिडीह जिले में 10वाँ स्थान हासिल किया था। अब देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में चयनित होकर उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है



स्पेक्ट्रम करियर इंस्टीट्यूट के शिक्षकों ने बताया कि मनीषा की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और अटूट संकल्प का परिणाम है। संस्थान ने इसे गिरिडीह के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।मनीषा की सफलता पर उनके माता-पिता, शिक्षकों और संस्थान के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

# एक्सयूवी 500 से 41 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक एक्सयूवी 500 वाहन से 41 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। वाहन की तलाशी के दौरान कुल 1968 बोतल (180 एमएल) ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की जब्त की गई। पुलिस को देखते ही वाहन चालक अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को 26 जुलाई 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र के केंदुआ मोड़ की ओर से एक सफेद रंग की एक्सयूवी 500 में अवैध शराब लोड कर कठम्बा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार एवं पुलिस बल की एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने ग्राम पड़रिया पुल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर-01पीएच-9361 वाली सफेद रंग की एक्सयूवी 500 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। पुलिस बल को देखकर चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की और बीच की सीट से ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की की 41 पेटियां बरामद हुईं। प्रत्येक पेटी में 180 एमएल की 48 बोतलें थीं। इस प्रकार कुल 1968 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई। पुलिस ने शराब के साथ वाहन को भी जब्त कर लिया है।

# मतदाताओं को त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के प्रमंडलीय आयुक्त ने दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित वोटर हेल्पलाइन एवं मतदाता सहायता केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं और शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा की।आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एसआई आर -2026 के तहत प्रत्येक पात्र मतदाता को समयबद्ध, सरल और पारदर्शी सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता जानकारी के अभाव में निर्वाचन प्रक्रिया से वंचित नहीं रहना चाहिए निरीक्षण के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले में एसआईआर 2026 की प्रगति, गणना प्रपत्र वितरण, हेल्पलाइन के माध्यम से दी जा रही सहायता तथा शिकायतों के निस्तारण की जानकारी




दी आयुक्त ने नागरिकों से निर्वाचन आयोग की टोल फ्री हेल्पलाइन 1950 का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह सेवा मतदाताओं को त्वरित और विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को हेल्पलाइन सेवा को और अधिक जनसुलभ एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# राशन कार्ड मामले में औरंगाबाद बिहार में अव्वल, सचिव ने की सराहना

## वीसी के माध्यम से सचिव ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा हेतु राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नए राशन कार्ड निर्गमन, जन वितरण प्रणाली की व्यवस्था, धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध सीएमआर आपूर्ति, लंबित आवेदनों के निष्पादन तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में औरंगाबाद जिला से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के साथ उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर गौरव सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, औरंगाबाद कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में पंचायत विकास दिवस के अवसर पर प्राप्त नए राशन कार्ड आवेदनों की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि औरंगाबाद जिले को 25 जुलाई 2026 तक 19,295 आवेदन प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जबकि जिले में 23,790 आवेदन प्राप्त हुए, जो निर्धारित लक्ष्य का 123 प्रतिशत है। जिले में प्राप्त आवेदनों में से 20,499 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। इनमें 19,990 आवेदन पात्र तथा 509 आवेदन अपात्र पाए गए हैं। वर्तमान में मात्र 3,291 आवेदन सत्यापन हेतु लंबित हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर औरंगाबाद जिला को राज्य के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आवेदन सत्यापन के क्षेत्र में औरंगाबाद ने 20,499 आवेदनों का सत्यापन कर राज्य के अग्रणी जिलों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सत्यापन कार्य की गति एवं लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए जिले के प्रयासों की सराहना की गई। प्रखंडवार समीक्षा में औरंगाबाद सदर अनुमंडल का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। अनुमंडल में 16,426 आवेदन प्राप्त हुए, जो निर्धारित लक्ष्य का 134 प्रतिशत है। साथ ही 15,678 आवेदनों का सत्यापन कर औरंगाबाद सदर अनुमंडल ने राज्य के सभी अनुमंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि नए राशन कार्ड से संबंधित सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन एवं निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। पात्र लाभुकों को शीघ्र राशन कार्ड उपलब्ध कराया जाए तथा अपात्र आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन किया जाए। उन्होंने जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न के नियमित एवं पारदर्शी वितरण, उचित मूल्य दुकानों की सतत निगरानी, शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा सीएमआर आपूर्ति की प्रगति में और तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित समय-सीमा का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी जिलाधिकारी नियमित रूप से प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर प्रगति की समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचे तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने पाए। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें।

# डीडीसी से वीबीजी रामजी का बकाया भुगतान करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिला मुख्यालय स्थित ग्रामीण विकास विभाग अभियंत्रण सेवा सदन में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद और निदेशक डॉ अनुपम यादव से मुलाकात कर कई मुखिया ने अपने पंचायत में विकास कार्य से संबंधित चर्चा की। गोरडीहा के मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह यादव, बारून के पिपरा के विजय सिंह, सदर प्रखंड के इब्राहीम पुर मुखिया डा.ब्रजमोहन कुमार, जिला परिषद सदस्य विकास सिंह शामिल रहे। मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने बताया कि उप विकास आयुक्त से जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को भरोसा है कि विकसित भारत वीबीजीराम जी एक्ट लागू करना और 16वीं वित्त का पुनः संचालन सही और तेज गति से होगा। मुखिया संघ की ओर से कहा गया कि पुर्व के मनरेगा योजना का बकाया भुगतान नहीं होने से बहुत परेशान हैं। जब तक बकाया राशि जारी नहीं किया जाएगा तब तक वीबीजी राम जी योजनाओं को मिशन मोड में संचालित करना संभव नहीं हो सकता है।

# औरंगाबाद में सब्जी उत्पादकों के लिए व्यापक योजना

## कोल्ड स्टोर, तरकारी आउटलेट तथा अन्य संरचनाओं का निर्माण जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** किसानों तथा सब्जी उत्पादकों को बेहतर बाजार एवं विपणन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वेजफ़ेड के माध्यम से शीत भंडार, तरकारी आउटलेट और अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इस सिलसिले में आज मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वेजफ़ेड के अंतर्गत संचालित योजनाओं तथा विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के साथ उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर गौरव सिंह, दाउदनगर अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान वेजफ़ेड के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय आधारभूत संरचना, प्रखंड स्तरीय प्याज भंडारण, तरकारी आउटलेट तथा संघ स्तरीय शीत भंडार निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्य स्तर पर प्रखंड स्तरीय आधारभूत संरचना के लिए प्रति इकाई लगभग 10,000 वर्गफुट क्षेत्रफल एवं 114 लाख, प्याज भंडारण संरचना हेतु 1,500 वर्गफुट एवं 13.05 लाख, तरकारी आउटलेट हेतु 150 वर्गफुट एवं 7.44 लाख तथा संघ स्तरीय शीत भंडार हेतु 25,500 वर्गफुट क्षेत्रफल एवं 368.71 लाख प्रति इकाई लागत निर्धारित है।

बैठक में बताया गया कि राज्य में स्वीकृत 114 प्रखंड स्तरीय आधारभूत संरचना परियोजनाओं में से 107 परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है तथा 93 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष परियोजनाओं में भूमि उपलब्धता एवं अन्य कारणों से कार्य प्रगति पर है। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में वेजफ़ेड के अंतर्गत तीन प्रखंड स्तरीय आधारभूत संरचना परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं के लिए ओबरा, देव एवं मदनपुर प्रखंडों का चयन किया गया है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने, भूमि उपलब्धता से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा वेजफ़ेड योजनाओं के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# औरंगाबाद में पीएम सूर्य घर योजना में आई तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत औरंगाबाद जिले में अब तक 959 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 779 लाभुकों द्वारा वेंडर का चयन किया गया है तथा 191 स्थलों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना पूर्ण की जा चुकी है। पिछले चार माह में जिले में 67 नए संयंत्रों की स्थापना की गई है। इस सिलसिले में आज मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत राज्य एवं जिला स्तर पर प्राप्त प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम अभिलाषा शर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 115 सोलर पैनल एवं 30 संरचनाओं का संस्थापन किया गया है। कार्य में तेजी लाने हेतु 595 मानवबल की तैनाती की गई है तथा नवंबर 2026 तक लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिदिन 49 संस्थापन सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीपीआरओ श्वेता प्रियदर्शी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार औरंगाबाद के लिए 576 सोलर मॉड्यूल तथा 30 संरचनाएं उपलब्ध हैं तथा अतिरिक्त 500 संरचनाओं की आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित की जा रही है, जिससे संस्थापन कार्य में और गति आएगी। औरंगाबाद जिले में 357 ऋण आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 209 ऋण स्वीकृत, 124 ऋण वितरित, 92 स्वीकृत ऋण वितरणाधीन हैं तथा 32 आवेदन अस्वीकृत हुए हैं। जिले में ऋण स्वीकृति की औसत अवधि 17 दिन है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के शत-प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लाभुकों का शीघ्र पंजीकरण, समयबद्ध निरीक्षण, सामग्री की उपलब्धता, बैंक ऋण स्वीकृति एवं रूफटॉप सोलर संयंत्रों के संस्थापन कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।

## जनता दरबार में एसपी ने सुनीं समस्याएं

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा के द्वारा आयोजित जनता दरबार में सोमवार को आमजनों की शिकायतों और समस्याओं को सुना गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 32 लोगों की शिकायतें सुनी गई तथा समाधान किया गया। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की बातों को बेहद गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। प्राप्त आवेदनों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन के लिए उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

# बांकीपुर में एनडीए की जीत तय, दूसरे स्थान के लिए राजद और पीके में मुकाबला : प्रमोद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** रफीगंज के जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने बांकीपुर में तीन दिनों तक चुनाव प्रचार करने के बाद आज यहां कहा कि इस चुनाव में बांकीपुर की जनता ने अपना मन बना लिया है और यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत तय है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सीट पर असली मुकाबला एनडीए से नहीं, बल्कि दूसरे स्थान के लिए राष्ट्रीय जनता दल और प्रशांत किशोर के बीच है। विधायक ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जनता विकास, सुशासन और स्थिर सरकार के पक्ष में खड़ी है, जिसके कारण एनडीए को व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि बांकीपुर की जनता इस बार भी विकास और भरोसे की राजनीति को प्राथमिकता देगी। श्री सिंह ने वर्तमान बिहार सरकार की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार जनहित के कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, कृषि और रोजगार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य की है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों का विश्वास एनडीए के प्रति लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में बिहार में आधारभूत संरचना के विकास की गति तेज हुई है। गांवों को बेहतर सड़क संपर्क मिला है, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है तथा कानून-व्यवस्था में भी सुधार देखने को मिला है। इन उपलब्धियों के कारण जनता एक बार फिर एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी है। विधायक ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि काम के आधार पर अपना निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास सरकार की उपलब्धियों का कोई ठोस जवाब नहीं है, इसलिए वह केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है। बांकीपुर की जनता भी विकास की राजनीति को स्वीकार कर चुकी है और चुनाव परिणाम इसका प्रमाण होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं तथा जनता के बीच संवाद को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर एनडीए आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# चौथा स्तंभ बनकर समाज में लाया परिवर्तन

## बिहार पब्लिक स्कूल एंड वेलफेयर एसोसिएशन ने 'नवबिहार टाइम्स' के संपादक एवं उप संपादक को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार सिंह ने इंसान के व्यक्तित्व को संदर्भित करते हुए कहा कि जिंदगी कोई किताब नहीं जो एक बार पढ़कर समझ आ जाय। ये तो रोज लिखने वाली डायरी है। जहां हर एक दिन नया पन्ना जुड़ता है। जीवन में शब्द और व्यवहार एक ऐसा गुण है जो लोगों को बहुत बड़ा चरित्रवान और संस्कारी बनाता है। इस कथन को जीवंत करने के लिए नव बिहार टाइम्स के संपादक कमलकिशोर जी से सीखा जा सकता है। जीवन को सफल और सरसता के संपदा में ढालना हो तो पहले सफलता का मार्ग ढूंढना होगा। सफलता यू ही नहीं मिलती, वह समय मांगता है। जिसके पास किसी कार्य को करने के लिए समय नहीं है वह सफल हो ही नहीं सकता। कमलकिशोर एक मिशाल हैं जिन्होंने बारुण से लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बन कर समाज और राष्ट्र के लिए एक नया परिवर्तन लाया। उन्हें व्यक्तित्व के धनी और कर्तव्य के पुजारी के रूप में जाना जाता है। आज दैनिक नव बिहार टाइम्स का इंग्लिश वर्जन भी प्रकाशित हो रहा है। इसे देश के पटल पर जाने माने अख़बार के रूप में जाने जाना लगा है। चौथे स्तंभ के दूसरे व्यक्तित्व और जेपी सेनानी रहे अजय कुमार श्रीवास्तव ने परस्पर समाज और राष्ट्र के लिए अपने को समर्पित किया है। उनकी देशभक्ति और समाज सेवा को भुलाया नहीं जा सकता है। इन दोनों विभूतियों को याद करते हुए बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय पांडे, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, सचिव रिंकू सिंह और ओम प्रकाश पांडेय ने उन्हें अंगवस्त्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया। कमल किशोर ने संगठन के सभी पदाधिकारियों का स्व परिचय लेते हुए शुभकामना व्यक्त की । साथ ही उन्होंने कहा कि नव बिहार टाइम्स बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन के लिए हमेशा सकारात्मक सहयोग करते रहेगा।

# विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुरक्षित एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के सभी जिलाधिकारियों के साथ राज्य सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विद्युत आपूर्ति उपकरणों की सुरक्षा, विद्युत संरचनाओं की चोरी की रोकथाम तथा इस संबंध में की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग में औरंगाबाद जिला से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के साथ उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सदर गौरव सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, सिविल सर्जन तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अवगत कराया गया कि कृषि फीडर, 33 केवी एवं 11 केवी विद्युत लाइन, वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर), एलटीएबी केबल, कंडक्टर एवं अन्य विद्युत संरचनाओं की चोरी अथवा क्षति से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, राजस्व की हानि होती है, मरम्मत कार्य में अतिरिक्त समय एवं व्यय लगता है तथा किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि राज्य में अब तक 1,228 स्थलों पर विद्युत संरचनाओं की क्षति दर्ज की गई है तथा 798 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इस दौरान लगभग 42 किलोमीटर 33 केवी लाइन, 2,748 किलोमीटर 11 केवी लाइन तथा 1,177 किलोमीटर एल.टी. ए.बी. केबल क्षतिग्रस्त अथवा चोरी से प्रभावित हुई है। वहीं 1,680 वितरण ट्रांसफार्मर कॉयल अथवा तेल चोरी के कारण प्रभावित हुए हैं। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार औरंगाबाद जिले में अब तक विद्युत संरचना क्षति के 02 स्थल चिह्नित हुए हैं तथा 02 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। जिले में लगभग 3.70 किलोमीटर 11 केवी विद्युत लाइन एवं 2 किलोमीटर एल.टी. ए.बी. केबल प्रभावित हुई है, जबकि ट्रांसफार्मर की कॉयल अथवा तेल चोरी की कोई घटना दर्ज नहीं हुई है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत संरचना की चोरी एवं क्षति की घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस एवं विद्युत विभाग के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए। चोरी प्रभावित क्षेत्रों, कृषि फीडरों एवं विद्युत उपकेंद्रों के आसपास नियमित गश्ती, सतत निगरानी एवं विशेष चौकसी सुनिश्चित की जाए। साथ ही दर्ज प्राथमिकी का त्वरित अनुसंधान, अभियोजन की प्रभावी कार्रवाई तथा संगठित रूप से चोरी करने वाले गिरोहों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# नीट आंदोलन से जुड़े मुकदमे वापस लेने की मांग, डॉ. सुरेश पासवान ने सरकार पर उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने नीट पेपर लीक मामले और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर हुए आंदोलन में शामिल छात्रों और अन्य लोगों पर दर्ज मुकदमों को बिना शर्त वापस लेने की मांग की है। डॉ. पासवान ने कहा कि बिहार सहित देशभर में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों और आंदोलनकारियों पर दर्ज मामलों को सरकार को तत्काल वापस लेना चाहिए। उनका कहना है कि यदि सरकार ने आंदोलनकारियों की मांगों को स्वीकार कर समझौता कर लिया है, तो फिर गिरफ्तारियां जारी रखने का औचित्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि समझौते के बाद भी छात्रों और आंदोलन में शामिल लोगों की गिरफ्तारियां की जा रही हैं, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को उसी समय मुकदमे वापस लेने, गिरफ्तार लोगों को रिहा करने और आंदोलन से जुड़े लोगों की आगे गिरफ्तारी नहीं करने की घोषणा करनी चाहिए थी। डॉ. पासवान ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार ने आंदोलन के दौरान छात्रों पर कठोर कार्रवाई की और गंभीर धाराएं लगाईं। उन्होंने विशेष रूप से औरंगाबाद में तेज गति से हो रही गिरफ्तारियों पर चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं है। उन्होंने बिहार सरकार, औरंगाबाद के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से अपील की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरफ्तारियों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा गिरफ्तार लोगों को रिहा किया जाए। डॉ. पासवान ने कहा कि यह आंदोलन केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में देशव्यापी स्तर पर चलाया गया था और प्रशासन को ऐसी कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए जिससे छात्रों और आम लोगों को दोबारा आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़े।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# दुष्कर्म और पोक्सो सहित अन्य मामलों में 42 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए औरंगाबाद पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। रविवार की देर रात जिलेभर में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 42 लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। कार्रवाई के दौरान दुष्कर्म, एनडीपीएस, पॉक्सो, नक्सल, साइबर, हत्या के प्रयास और मद्यनिषेध सहित अन्य मामलों में गिरफ्तारी की गई। पुलिस के अनुसार अभियान में दुष्कर्म में एक, एसडीपीएस में एक, पोक्सो में एक, नक्सल में एक, साइबर में एक, हत्या के प्रयास में आठ, मद्यनिषेध अधिनियम में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा विभिन्न अन्य शीर्ष मामलों में भी 26 आरोपितों को पकड़ा गया। पुलिस कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार देवजरा थाना क्षेत्र से 14 लीटर देसी शराब शराब बरामद किया गया। कंचनपुर थाना की पुलिस द्वारा जंगल में दो भट्ठी ध्वस्त तथा 5000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। अजान थाना की पुलिस द्वारा एनडीपीएस कांड में बादम गांव निवासी रामप्रवेश रिकियासन को गिरफ्तार किया गया है। जम्होर थाना की पुलिस द्वारा दुष्कर्म मामले में मखरा गांव निवासी श्रवण पासवान को गिरफ्तार किया गया है। रफीगंज थाना की पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में कजपा गांव निवासी अंशु कुमार को गिरफ्तार किया गया है। बंदेया थाना की पुलिस द्वारा नक्सल कांड में गया जिले के कोच थाना क्षेत्र के कराई गांव निवासी कपिल मिस्त्री को गिरफ्तार किया गया है। रिसियप थाना की पुलिस द्वारा साइबर मामले में खेतपुरा गांव निवासी गुड्डू यादव को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की तैयारियों की समीक्षा हेतु समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांधी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य राजकीय समारोह सहित स्वतंत्रता दिवस से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में गांधी मैदान की साफ-सफाई एवं समतलीकरण का दायित्व कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद तथा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद को सौंपा गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को समाहरणालय मुख्य द्वार से गांधी मैदान तक सड़क के दोनों ओर मोरम एवं चुना डलवाने, गांधी मैदान स्थित मंच की रंगाई एवं मरम्मत कराने तथा आवश्यक बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को सदर प्रखंड कार्यालय से अदरी नदी पुल तक विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में बताया गया कि गांधी मैदान में आयोजित होने वाली परेड में बिहार पुलिस, बीएमपी/एसएएफ, होमगार्ड, एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियाँ भाग लेंगी। परेड का पूर्वाभ्यास 08 अगस्त, 2026 से गांधी मैदान में प्रारंभ किया जाएगा। अपर समाहर्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, अतिथियों के प्रवेश एवं निकास, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर समाहर्ता, औरंगाबाद को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सभी कार्यक्रमों का वरीय प्रभारी नामित किया गया। वहीं सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को समारोह के दौरान विधि-व्यवस्था के संपूर्ण संधारण एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।